RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 258 ■ मुंबई, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



संसार के कल्याण का मार्ग है महावीर के सिद्धांत

पेज-4



संघ और सरकार मिलकर तैयार करेंगे 2027 का रोडमैप

पेज-6



हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व

पेज-8



शूटिंग विश्व कप: सुरुचि सिंह और विजयवीर सिद्धू ने जीते गोल्ड मेडल

पेज-9

## Short News एक नजर

### जेल से बाहर आया गुरमीत राम रहीम

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक में सिरसा डेरा प्रमुख राम रहीम पर सूबे की सरकार एक बार फिर मेहरबान होती दिखी है। रेप के दोषी राम रहीम को हरियाणा सरकार ने फिर 21 दिन की फरलो दे दी है। बुधवार की सुबह पुलिस सिक्योरिटी के बीच राम रहीम सिरसा डेरा की तरफ गया। राम रहीम को लेने खुद हनी प्रीत पहुंचीं। इस बार राम रहीम सिरसा डेरा में रहेगा। बता दें कि यह तेरहवीं बार है, जब राम रहीम को सरकार ने राहत दी है।

### जम्मू-कश्मीर में एक और एनकाउंटर

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया। उधमपुर पुलिस ने एक्स पर बताया कि पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान उधमपुर के रामनगर थाना क्षेत्र के जोफर गांव में तीन आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी जारी है। उधमपुर-रियासी रेंज के डीआईजी मोहम्मद रईस भट ने कहा कि दो से तीन आतंकवादी हैं और रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। यह स्थान खब्बल के उत्तर में जोफर है।

### 'पश्चिम बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ कानून'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह अल्पसंख्यकों की और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। आप भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कोई बांटकर राज कर सके। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने लोगों से उन लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देने की अपील की जो उन्हें राजनीतिक आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाते हैं।

### भारत में हर दिन औसत 52 प्रेग्नेंट महिलाओं की मृत्यु

**नई दिल्ली।** भारत में हर दिन 52 प्रेग्नेंट महिलाओं की मौत और वर्ल्ड में हर दो मिनट में एक गर्भवती की मौत हो जाती है। जी हां.. ये खुलासा यूएन की रिपोर्ट में हुआ है। यूनाइटेड नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में 2,60,000 गर्भवती महिलाओं की मौत हुई, यानी हर दो मिनट में एक मौत। ये मौतें प्रेग्नेंसी या डिलीवरी से जुड़ी दिक्कतों के चलते हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में भारत में करीब 19 हजार प्रेग्नेंट महिलाओं की मौत हुई। यानी हर दिन औसतन 52 महिलाएं जान गंवा रही हैं। यह आंकड़ा दुनिया में प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाली कुल मौतों का 7.2% है। इस लिस्ट में भारत नाइजीरिया के बाद दूसरे नंबर पर है। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान में होने वाली मौतों का भी आंकड़ा शामिल किया गया है।

# एक्शन में भारत, बंद की बांग्लादेश की 'दुकान'

## अब नहीं भेज पाएगा भूटान, नेपाल और म्यांमार को सामान!

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने पिछले महीने चीन का दौरा किया था। वहां उन्होंने भारत के पूर्वोत्तर पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भारत के पूर्वोत्तर राज्य लैंड लॉक्ड हैं और समुद्र तक उनकी पहुंच का एकमात्र रास्ता बांग्लादेश है। यूनुस ने चीन को बांग्लादेश की स्थिति का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया था। भारत को उनकी यह हरकत नागवार गुजरी है। भारत ने बांग्लादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट की फैसिलिटी खत्म कर दी है। इससे बांग्लादेश का भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार प्रभावित हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स (CBIC) ने इस बारे में एक सर्कुलर जारी किया है।



### बांग्लादेश को नुकसान

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) का कहना है कि नए आदेश के बाद यह सुविधा तुरंत बंद कर दी गई है। लेकिन जो सामान पहले से ही भारत में आ चुका है, उसे पुराने नियमों के अनुसार बाहर जाने दिया जाएगा। GTRI के प्रमुख अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत हमेशा से बांग्लादेश की मदद करता रहा है। भारत ने बांग्लादेश के सामान को अपने बाजार में बिना किसी टैरिफ के आने की अनुमति दी है। यह सुविधा पिछले 20 साल से दी जा रही है। सिर्फ शराब और सिगरेट को छोड़कर बाकी सभी सामान पर कोई टैक्स नहीं लगता। रिपोर्ट के मुताबिक इस सुविधा के बंद होने से बांग्लादेश के निर्यात और आयात पर असर पड़ेगा। खासकर भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार में दिक्कत आएगी। ये देश तीसरे देशों के साथ व्यापार के लिए भारतीय रास्तों पर निर्भर हैं। पहले भारत से होकर जाने वाला रास्ता आसान था।

# मुंबई के 26/11 हमले के मास्टरमाइंड राणा के भारत प्रत्यर्पण से पहले हलचल तेज

## शाह से मिले NSA डोभाल और विदेश मंत्री जयशंकर

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण से पहले दिल्ली के सत्ता गलियारों में हलचल तेज हो गई है। बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह अहम बैठक नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय कार्यालय में हुई। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक करीब 22 मिनट तक चली, जिसमें तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण और उससे जुड़े रणनीतिक पहलुओं पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि तहव्वुर राणा 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी डेविड हेडली का करीबी रहा है और अब उसके भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अंतिम चरण में बताई जा रही है।



### भारतीय अधिकारियों के हत्थे चढ़ा तहव्वुर राणा

26/11 मुंबई हमले के साजिशकर्ता और पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, उसे लेकर विशेष उड़ान अमेरिका से रवाना हो चुकी है और ये फ्लाइट गुरुवार दोपहर दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। राणा की भारत को सौंपे जाने की प्रक्रिया कई सालों से कानूनी अड़चनों में फंसी हुई थी, लेकिन हाल ही में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसकी अपील खारिज किए जाने के बाद रास्ता साफ हो गया। अमेरिकी जेल प्रशासन ने पुष्टि की है कि राणा अब आधिकारिक तौर पर भारतीय अधिकारियों की हिरासत में है। भारत पहुंचते ही राणा को जांच एजेंसियों के हवाले किया जाएगा।



### डोभाल कर रहे पूरे ऑपरेशन की निगरानी

आपको बता दें कि तहव्वुर राणा को भारत लाए जाने के इस पूरे ऑपरेशन की निगरानी खुद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल कर रहे हैं। तहव्वुर को भारत लाए जाने से पहले दिल्ली में NIA दफ्तर के बाहर सुरक्षा सख्त कर दी गई है। वहीं ये भी खबर है कि दिल्ली और मुंबई की एक जेल को तैयार किया जा रहा है। हालांकि, सूत्र बताते हैं कि पहले तहव्वुर राणा की कस्टडी NIA को मिलेगी और फिर मुंबई पुलिस को उससे पूछताछ का मौका दिया जाएगा। इस पूछताछ में 26 नवंबर 2008 को हुए 10 पाकिस्तानी आतंकियों के हमले से जुड़े कई राज सामने आएंगे और पाकिस्तान का आतंकी नेटवर्क पूरी दुनिया के सामने एक बार फिर से खुलकर सामने आ जाएगा।

## सैफ अली हमला केस

# पुलिस ने दायर की 1000 पेज की चार्जशीट



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने करीब तीन महीने बाद 1000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। बांद्रा पुलिस ने कथित बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को इसमें मुख्य आरोपी बताया है। चार्जशीट में कई नई बातें खुलकर सामने आई हैं, जिसमें फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट्स, हमले के लिए इस्तेमाल हथियार का जिक्र है। सैफ अली खान पर 16 जनवरी की रात को उनके घर के अंदर चाकू से हमला हुआ था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक पुलिस अधिकारी ने चार्जशीट को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने अपने बैग में एक चाकू, एक हैकसॉ ब्लेड और एक हथौड़ा रखा था। इसमें यह भी बताया गया है कि हमले के बाद आरोपी ने क्या-क्या किया। वह कैसे चोरी के इरादे से घर में घुसा, हमला किया और फिर वहां से निकलकर दादर और वर्ली इलाकों में छिपा।

# जून में राम मंदिर में 18 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

**अयोध्या।** भगवान राम का दर्शन करने के लिए अयोध्या आने वाले लोग अब राम मंदिर के अलावा अन्य मठ और मंदिरों के दर्शन भी कर सकेंगे। दरअसल, राम जन्मभूमि परिसर में अब राम मंदिर के अलावा और भी मठ मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है। 14 मंदिरों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इन मंदिरों में स्थापित होने वाली मूर्तियां राजस्थान के जयपुर में तैयार हो चुकी हैं। 30 अप्रैल तक सभी मूर्तियां बन कर तैयार हो जाएंगी और वह अयोध्या भी पहुंच जाएंगी। इन सभी 14 मंदिरों के मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एक तिथि पर एक साथ की जाएगी। सभी 14 मंदिरों के मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर प्रतिमा की स्थापना होगी। राम मंदिर ट्रस्ट गंगा दशहरा पर इन सभी मंदिरों की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा की रूप रेखा तैयार कर रहा है। शायद यही वजह है कि बीते दिनों राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कार्य सेवक पुरम में अयोध्या के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य से मूर्ति स्थापना या प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त के तिथि पर विचार विमर्श किया है।

# बिहार में आसमान से बरसी मौत

## बेगूसराय में पांच समेत सूबे में 11 लोगों ने गंवाई जान

**महानगर नेटवर्क**

**बेगूसराय**

बिहार में बुधवार को मौसम का मिजाज बदला। कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश हुई। ठनका की चपेट में आने से बेगूसराय में पांच तो मधुबनी में तीन लोगों की तो दरभंगा में एक शख्स की मौत हो गयी। राज्य के अन्य हिस्सों में कुल मिलाकर 11 लोगों की मौत हो गई तो कई लोग झुलस गए। बुधवार की सुबह ठनका गिरने से बेगूसराय में एक किशोरी समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



पहली घटना बलिया थाना क्षेत्र के भगतपुर गांव में हुई जहां पति की मौत हो गयी जबकि पत्नी घायल हो गयी। दूसरी घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के मानोपुर मुसहरी में किशोरी की मौत हो गयी और दो घायल हो गए। तीसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुजा गांव में ठनका गिरने से युवक की जान चली गयी। वहीं, चौथी घटना मटिहनी थाना क्षेत्र की सिहमा पंचायत के वार्ड नंबर चार निवासी 80 वर्षीय जनार्दन महतो की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। जबकि, साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र की सनहा पश्चिम पंचायत के समीप बहियार में ठनका की चपेट में आने से 55 वर्षीया महिला ने दम तोड़ दिया। इससे पहले मधुबनी से ठनका के चपेट में आने से तीन की मौत की खबर आई। मरने वालों में दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं। मौत की घटनाएं अलग-अलग थाना इलाकों की है। एक घटना झंझारपुर थाना के पिपरौलिया पंचायत वार्ड-चार में तो दूसरी घटना रुद्रपुर थाना के अलौलपुर गांव की है। गेहूं की फसल को बारिश से बचाने के दौरान लोग ठनका की चपेट में आ गये।

# हरिद्वार जेल में 15 कैदी HIV पॉजिटिव

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार से बहुत बड़ी खबर सामने आई है। हरिद्वार जेल में जांच के दौरान 15 कैदी एचआईवी पॉजिटिव मिले हैं। कैदियों के पॉजिटिव मिलने के बाद



हड़कंप मच गया है। जेल प्रशासन की ओर से एहतियातन एचआईवी पॉजिटिवों को अलग-अलग बैरकों में शिफ्ट किया गया है। इसी के साथ ही जेल प्रशासन ने जेल परिसर में सतर्कता भी बढ़ा दी है। जेल प्रशासन के अनुसार, कैदियों की खून सैंपलों की जांच में 15 कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। जेल प्रशासन की ओर से सभी एचआईवी पॉजिटिव कैदियों को अलग-अलग बैरकों में शिफ्ट किया जा चुका है। बताया कि सभी एचआईवी पॉजिटिवों का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा इलाज भी किया जा रहा है। उधर, जेल प्रशासन की ओर से एचआईवी पर कैदियों को जागरूक भी किया जा रहा है ताकि कैदियों में कोई डर का माहौल न बने। सूत्रों की बात मानें तो हरिद्वार जिले में करीब 1000 से ज्यादा बंदी हैं।

# एयर इंडिया की फ्लाइट में फिर पेशाब कांड

## निजी कंपनी के बड़े अधिकारी पर कर दी टॉयलेट



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली से बैंकॉक जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2336 के बिजनेस क्लास में एक पुरुष यात्री ने एक निजी कंपनी के बड़े अधिकारी पर पेशाब कर दी। एयर इंडिया ने भी इस घटना की पुष्टि की है और बताया है कि क्रू ने पीड़ित यात्री के लिए शिकायत दर्ज करवाने में मदद की भी पेशकश की। हालांकि, उसने मना कर दिया। यह घटना तब हुई, जब फ्लाइट बैंकॉक में लैंड कर रही थी। इससे पहले नवंबर, 2022 में भी एयर इंडिया की फ्लाइट में पेशाब करने का मामला सामने आ चुका है। मामले पर नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि अगर कुछ भी गलत हुआ है तो हम जरूरी कार्रवाई करेंगे।

### यात्री ने पीड़ित से मांगी माफी

मामला बढ़ने के बाद यात्री ने पीड़ित से माफी भी मांगी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, "एयर इंडिया इस बात की पुष्टि करता है कि 9 अप्रैल को दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट एआई 2336 को कंट्रोल करने वाले केबिन क्रू को एक अनियंत्रित यात्री के व्यवहार की सूचना दी गई थी। क्रू ने सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया और मामले की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है।" कंपनी ने आगे कहा, "अनियंत्रित यात्री को चेतावनी देने के अलावा, हमारे क्रू ने पीड़ित यात्री को बैंकॉक में अधिकारियों के साथ शिकायत करने में सहायता करने की पेशकश की, जिसे उस समय अस्वीकार कर दिया गया था। घटना का आकलन करने और अनियंत्रित यात्री के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई, यदि कोई हो तो, निर्धारित करने के लिए स्थायी स्वतंत्र कमेटी बुलाई जाएगी। एयर इंडिया ऐसे मामलों में डीजीसीए द्वारा निर्धारित किए गए एसओपी का पालन करेगा।"

### पीड़ित ने शिकायत करने से मना किया

पेशाब करने वाले पैसेंजर को चेतावनी भी दी गई। यही नहीं, क्रू ने पीड़ित यात्री को बैंकॉक में अधिकारियों के सामने शिकायत उठाने में सहायता करने की पेशकश की, जिससे उसने इंकार कर दिया।

# चीन ने अमेरिका पर 84% जवाबी टैरिफ लगाया

- आज से लागू होगा
- अमेरिका के 104% टैरिफ के बाद उठाया कदम



**महानगर नेटवर्क**

**बीजिंग**

दुनिया की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियां चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब चीन ने अमेरिका पर पलटवार करते हुए अमेरिकी सामानों के आयात पर 84% तक टैक्स बढ़ा दिया है। चीन के वित्त मंत्रालय ने गुरुवार से सभी अमेरिकी वस्तुओं पर ये टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो पहले घोषित 34 फीसदी के टैरिफ से 50 फीसदी ज्यादा है। मंत्रालय ने कहा कि ये नए शुल्क 10 अप्रैल से लागू होंगे। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा मंगलवार को चीनी वस्तुओं पर 104 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद उठाया गया है। चीन ने ट्रम्प के 104 फीसदी टैरिफ लागू होने के बाद अमेरिका पर 'अहंकारी और धमकाने वाला व्यवहार' करने का आरोप लगाया था। चीन ने बुधवार को प्रकाशित एक लंबे नीति वक्तव्य में डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ "अंत तक लड़ने" की कसम खाई। इस बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलन में है क्योंकि अमेरिकी निर्यात पर 104% टैरिफ लागू हो चुका है।

### व्हाइट हाउस से किसी भी तरह की बातचीत से इंकार

इसके साथ ही चीनी सरकार ने व्हाइट हाउस के साथ टैरिफ मुद्दे पर किसी भी तरह की बातचीत करने से इंकार कर दिया है। बता दें कि कई अन्य देशों ने रेसिप्रोकल टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका से बातचीत की पेशकश की है, जबकि कई बातचीत कर रहे हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि अगर अमेरिका अपने आर्थिक और व्यापार प्रतिबंधों को और बढ़ाने पर जोर देता है, तो चीन जरूरी और जवाबी कदम उठाने और अंत तक लड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### 34 से 104 फीसदी पर वार-पलटवार

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले 2 अप्रैल को कथित मुक्ति दिवस के दिन भारत समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की थी। इसके तहत चीन पर 34 फीसदी का अतिरिक्त टैक्स लगाया गया था। इस पर पलटवार करते हुए चीन ने भी अमेरिकी सामानों के आयात पर 34 फीसदी का टैक्स लगा दिया था। चीन के पलटवार के बाद ट्रंप प्रशासन ने चीन से 24 घंटे के अंदर शुल्क हटाने को कहा था और ऐसा नहीं करने की स्थिति में चीनी वस्तुओं पर 50 फीसदी अतिरिक्त शुल्क और लगाने की धमकी दी थी।

# नौसेना की बढ़ी ताकत, हिंद महासागर में बढ़ेगी क्षमता

## मोदी सरकार ने लगाई मुहर

## 64 हजार करोड़ में फ्रांस से 26 मरीन राफेल खरीदेगा भारत

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (CCS) ने बुधवार को भारतीय नौसेना के लिए 65,000 करोड़ रुपये की लागत से 26 राफेल मरीन फाइटर जेट खरीदने को मंजूरी दे दी है। ये अत्याधुनिक युद्धक विमान देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत INS विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे। इस बड़े रक्षा सौदे पर जल्द ही भारत और फ्रांस के बीच हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।



राफेल मरीन एक ट्विन-इंजन, डेक-बेस्ड फाइटर जेट है जिसे समुद्री अभियानों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसका उपयोग पहले से ही फ्रांस की नौसेना अपने विमानवाहक पोत 'चार्ल्स डी गॉल' पर कर रही है। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डिफेंस एक्विजीशन काउंसिल (DAC) की बैठक में नौसेना के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। यह रक्षा सौदा केवल जेट विमानों की खरीद तक सीमित नहीं है। इसके तहत हथियार प्रणाली, सिम्युलेटर, स्पेयर पार्ट्स, अन्य जरूरी उपकरण, क्रू ट्रेनिंग और लॉजिस्टिक सपोर्ट भी शामिल है, जो फ्रांस सरकार से मिलेगा। राफेल मरीन जेट की खरीद को भारतीय नौसेना की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए एक अंतरिम व्यवस्था माना जा रहा है।

# बैंकों से मिलने वाला कर्ज होगा सस्ता

## RBI ने दूसरी बार रेपो रेट घटाकर 6% किया / लोन सस्ते होने से EMI होगी कम

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश की केंद्रीय बैंक, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने मौद्रिक समिति की बैठक में कई बड़े फैसले लिए है। इनमें से एक रेपो रेट को लेकर भी लिया गया है। आरबीआई ने ये तय किया है कि वे रेपो रेट में 0.25 फीसदी की गिरावट करेगी। एक साल में हर दो महीने बाद रेपो रेट का रिवाइज किया जाता है। इससे पहले आरबीआई की मौद्रिक समिति बैठक फरवरी 2025 को हुई थी। इस समय भी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो रेट में कटौती की थी। ये नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में दूसरी मीटिंग हुई है। लगातार दूसरी बार ऐसा हुआ है कि आरबीआई ने रेपो रेट में कटौती का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, 'बदलते आर्थिक हालात और मौद्रिक परिस्थितियों को देखते हुए, हमने



MPC बैठक में रेपो रेट को 25 बेसिस प्वाइंट घटाकर 6 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा।'

रेपो रेट के जरिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया वाणिज्यिक बैंकों को शॉर्ट टर्म लोन प्रदान करती है। ये एक तरह से बैंकों के लिए लोन ब्याज दर की तरह काम करता है। ये लोन एक समय सीमा के लिए निर्धारित किया जाता है। हालांकि अगर बैंक लंबे समय के लिए लोन लेना चाहे तो उन्हें बैंक रेट के आधार पर आरबीआई लोन ऑफर करती है।

# मानसून में 18 दिन समुद्र में उठेंगी 4.5 मीटर से ऊंची लहरें

## इस दौरान समुद्र में जाना नहीं है खतरे से खाली

महानगर संवाददाता
मुंबई



मानसून के दौरान इस साल भी समुद्र में 18 दिनों तक 4.5 मीटर ऊंची लहरें उठेंगी। समुद्र में उठने वाली ऊंची लहरों के दौरान समुद्र में जाना खतरे से खाली नहीं रहता। मनपा प्रशासन इस दौरान लोगों को आगाह करती है कि समुद्र के किनारे सावधानी पूर्वक जाएं अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बता दें कि मानसून के दौरान बड़ी संख्या में सैलानी और मुंबईकर समुर किनारे मौज मस्ती करने जाते हैं।

### इस तरह समुद्र में उठेगी ऊंची लहर

| दिनांक | समय | ऊँची लहर |
|---|---|---|
| 24 जून | 11.15 बजे | 4.59 मीटर |
| 25 जून | 12.05 बजे | 4.71 मीटर |
| 26 जून | 12.55 बजे | 4.75 मीटर |
| 27 जून | 13.40 बजे | 4.73 मीटर |
| 28 जून | 14.26 बजे | 4.64 मीटर |
| **दिनांक** | **समय** | **ऊँची लहर** |
| 24 जुलाई | 11.57 बजे | 4.57 मीटर |
| 25 जुलाई | 12.40 बजे | 4.66 मीटर |
| 26 जुलाई | 13.20 बजे | 4.67 मीटर |
| 27 जुलाई | 13.56 बजे | 4.60 मीटर |
| **दिनांक** | **समय** | **ऊँची लहर** |
| 10 अगस्त | 12.47 बजे | 4.50 मीटर |
| 11 अगस्त | 13.19 बजे | 4.58 मीटर |
| 12 अगस्त | 13.52 बजे | 4.58 मीटर |
| 23 अगस्त | 12.16 बजे | 4.54 मीटर |
| 24 अगस्त | 12.48 बजे | 4.53 मीटर |
| **दिनांक** | **समय** | **ऊँची लहर** |
| 8 सितंबर | 12.10 बजे | 4.57 मीटर |
| 9 सितंबर | 12.41 बजे | 4.63 मीटर |
| 10 सितंबर | 1.15 बजे | 4.59 मीटर |
| 13 सितंबर | 15.00 बजे | 4.57 मीटर |
| 11 सितंबर | 1.58 अपराहन | 4.59 मीटर |

### सावधानी बरतने की अपील

खासकर बारिश के समय लोग आनंद लेने के लिए समुद्र के किनारे जाते हैं इस दौरान समुद्र में उठने वाली ऊंची लहरों के बीच लोगों के फंसने की संभावना अधिक रहती है। इतना ही नहीं समुद्र में उठने वाली ऊंची लहर और खतरनाक हो जाती है। समुद्र में होने पर ऊंची लहरें लोगों को खींचकर समुद्र के अंदर ले जाती हैं जिससे जानमाल का नुकसान होने की संभावना बनी रहती है। मनपा के आपातकालीन विभाग विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जून से सितंबर के बीच समुद्र में 4.5 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली लहरें उठेंगी। इस दौरान नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की अपील प्रशासन द्वारा की गई है। मनपा द्वारा इन दिनों समुद्र के किनारों पर बड़ी मात्रा में पुलिस और मनपा का बंदोबस्त तैनात किया जाता है। इन दिनों के दौरान समुद्र तट पर जाने से बचें, बच्चों और बुजुर्गों को भी किनारों के पास ना जाने दें। प्रशासन की चेतावनियों का पालन करें और सुरक्षित रहें। लोगों को बचने के लिए लाइफ गार्ड का भी उपयोग किया जाता हाउ। मनपा इस साल समुद्र में डूबने वालों को बचाने के लिए ड्रोन का भी सहारा ले रही है। समुद्र की छह चौपाटियों पर समुद्र में डूब रहे लोगों को बचने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जायेगा।



# विनीता भानु प्रताप सिंह नहीं रहीं



**मुंबई।** उत्तर भारतीय संघ के कार्याध्यक्ष एवं प्रसिद्ध उद्यमी शारदा प्रसाद सिंह की पुत्र वधू विनीता भानु प्रताप सिंह का बुधवार को निधन हो गया। उनका दाह संस्कार गुरुवार 10 अप्रैल को 8.30 बजे सोमैया कॉलेज के पास स्थित घाटकोपर श्मशान भूमि में होगा। वे अपने पीछे पति, बेटा-बेटी, नाती-पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन पर उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आर. एन. सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। ईश्वर परिवार को इस भीषण दुख को बर्दाश्त करने की शक्ति प्रदान करे और दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करें।

# सोनारपाड़ा फ्लाईओवर के लिए 18 करोड़ स्वीकृत : डॉ. श्रीकांत शिंदे

महानगर संवाददाता
कल्याण



डोंबिवली शहर में परिवहन व्यवस्था को गति देने के लिए कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे की पहल पर शहर में विभिन्न स्थानों पर सड़कों और फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो गया है। इस पृष्ठभूमि में, अब डोंबिवली शहर के सागांव-मानपाड़ा रोड पर अत्यंत व्यस्त और लगातार भीड़भाड़ वाले सोनारपाड़ा जंक्शन पर एक फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इससे जंक्शन क्षेत्र में यातायात में तेजी आएगी। इस पुल के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 18 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे के साथ ही भाजपा विधायक रवींद्र चव्हाण और शिवसेना के कल्याण ग्रामीण विधायक राजेश मोरे भी लगातार इस पर जोर दे रहे थे। कल्याण - सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की पहल पर डोंबिवली शहर में कई विकास कार्य शुरू किए गए हैं। सांसद डॉ. शिंदे ने कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू की हैं, मुख्य रूप से शहर में यातायात की भीड़ को कम करने के लिए, जिसका वे लगातार अनुसरण कर रहे हैं।

### ट्रैफिक से निजात दिलाने पर जोर

सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने कल्याण रिंग रोड, मोथागांव फ्लाईओवर, शहर के भीतर 90 फुट की सड़कों का निर्माण, सड़कों का कंक्रीटिंग, डोंबिवली एमआईडीसी और आवासीय क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण सहित विभिन्न सड़क कार्य पूरे किए हैं। डोंबिवली शहर में बड़ी संख्या में आवासीय परिसरों का निर्माण किया जा रहा है। वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण नागरिकों को ट्रैफिक जाम में फंसने से बचाने के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर नई सड़कें और फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में अब डोंबिवली शहर के सागांव-मानपाड़ा रोड पर अत्यंत व्यस्त और लगातार भीड़भाड़ वाले सोनारपाड़ा जंक्शन पर एक फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इससे जंक्शन क्षेत्र में यातायात में तेजी आएगी। इस पुल के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 18 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने इस संबंध में राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से अनुरोध किया था। भाजपा विधायक रवींद्र चव्हाण और शिवसेना विधायक राजेश मोरे भी इस फ्लाईओवर के निर्माण पर जोर दे रहे थे। उनकी मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से इस फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 18 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। सागांव मनपाड़ा रोड पर सोनार पाड़ा जंक्शन एक बहुत व्यस्त चौराहे के रूप में जाना जाता है। चूंकि यह चौक डोंबिवली रेलवे स्टेशन से सिर्फ 1.5 से 2 किमी दूर है, इसलिए शहर के विभिन्न हिस्सों से यहां बड़ी संख्या में वाहन आते हैं। इसके अलावा, इस क्षेत्र में दो स्कूल हैं, जिसके कारण यातायात में भीड़भाड़ रहती है।

### आंदोलनकारियों ने अधिकारियों को गंदे पानी की बोतलें दिखायी

# पानी की क़िल्लत को लेकर निकाला हंडा मोर्चा

महानगर संवाददाता
वसई

वसई-विरार मनपा के कई इलाकों में फरवरी महीनें में ही पानी की क़िल्लत शुरू हो गई है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर बुधवार को पूर्व नगरसेविका प्रीति म्हात्रे और पूर्व सरपंच दिनेश म्हात्रे के नेतृत्व में प्रभाग जी महापालिका कार्यालय पर हंडा मोर्चा निकाला गया। मोर्चे में बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में हाथ डालकर शामिल हुईं। महिलाओं ने मनपा अधिकारियों को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए पानी दो पानी दो के नारे लगाए। नागरिकों को किस तरह का पानी पीना पड़ रहा है, यह बताने के लिए अधिकारियों को गंदे पानी की बोतलें दिखायी गईं।



### फरवरी से ही पानी की किल्लत शुरू

इसके अलावा, इन इलाकों में अवैध निर्माण बढ़ने से पानी के स्रोत सूख चुके हैं। प्राकृतिक तालाबों और नदियों पर अतिक्रमण से समस्या बढ़ रही हैं। वसई-विरार में फरवरी से ही पानी की किल्लत सताने लगी है। इन दिनों वसई विरार के कई क्षेत्रों में पीने का पानी बहुत कम दबाव के साथ-साथ गंदे पानी पीने को मजबूर हैं। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की भारी कमी के कारण कामनदेवदल, कोल्ही, चिंचोटी, सातिवली, गिदराई पाडा क्षेत्र के नागरिकों को पीने के पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है, वे पानी के लिए नदी में गड्ढे खोद रहे हैं, ऐसे में नागरिक हैरान हैं। पानी की समस्या के कारण लोगों को बाहर से मिनरल वाटर खरीदना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि तरह-तरह का टैक्स वसूलने के बाद भी मनपा पानी कम दे रहा है। इस समस्या को लेकर बुधवार सुबह 11 बजे पूर्व नगरसेविका प्रीति म्हात्रे और पूर्व सरपंच दिनेश म्हात्रे के नेतृत्व में प्रभाग जी महापालिका के कार्यालय पर 'हंडा मोर्चा' निकाला गया।

### सुरक्षा को लेकर रहा कड़ा बंदोबस्त

इस दौरान बताया कि मनपा के कर्मचारी लापरवाही से काम करते हैं। पानी समस्या को लेकर आंदोलन किया गया और सहआयुक्त निलेश म्हात्रे को ज्ञापन देकर इस पर ध्यान देने की बात कही गई। इस दौरान पुलिस की ओर से कड़ा बंदोबस्त रखा गया था। दिनेश म्हात्रे ने बताया कि हमने पहले ही मनपा आयुक्त अनिल कुमार पवार, जलापूर्ति विभाग के अधिकारी सुरेंद्र ठाकरे और विधायक स्नेहा को पत्र लिखकर मांग की, कि सूर्या प्रकल्प योजना के तहत मिलने वाला पानी जल्द से जल्द उपलब्ध कराए।

# नागरिकों को आसान और पारदर्शी सेवा का इरादा : आयुक्त अभिनव गोयल



**कल्याण।** नवनियुक्त नगर निगम आयुक्त अभिनव गोयल ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नागरिकों को सुगम, तीव्र एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी मंशा है। हम यह देखने का प्रयास करेंगे कि नगर निगम में परियोजनाओं और विभिन्न कार्यों में हम कैसे तेजी ला सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से किस प्रकार नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी और किस प्रकार हम प्रशासन को यथासंभव जन-उन्मुख बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि शहर भारत का भविष्य हैं, इसलिए अपने शहरों के विकास के लिए अगले 20 वर्षों की योजना बनाने के लिए हम अपने क्षेत्र का अध्ययन करेंगे और उसके लिए समाधान और योजनाएं बनाएंगे। नगर निगम की जलापूर्ति योजना, स्वास्थ्य व्यवस्था और शिक्षा पर मुख्य फोकस रहेगा तथा माननीय मुख्यमंत्री की 100 दिवसीय कार्ययोजना के अनुरूप नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को केंद्र बिंदु बनाकर उनके निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

# नेपाल की धरती पर गूंजा शिवप्रेम

## शिवछत्रपती प्रतिष्ठान की स्थापना



**ठाणे।** नेपाल में पहली बार छत्रपती शिवाजी महाराज के विचारों को समर्पित 'शिवछत्रपती प्रतिष्ठान' की स्थापना की गई। इस ऐतिहासिक पहल का नेतृत्व नेपाल के शिवप्रेमी छत्रभट ने किया, जबकि उद्घाटन महाराष्ट्र के विधायक और सह्याद्री प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय केलकर की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर छत्रपती शिवाजी महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया गया। शिवप्रेम, राष्ट्रभक्ति और इतिहास के गौरवशाली अध्यायों को नेपाल के युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रतिष्ठान की शुरुआत की गई है। प्रतिष्ठान के माध्यम से युवाओं को शिवाजी महाराज की युद्धनीति, प्रशासनिक कुशलता और दूरदर्शिता से प्रेरित किया जाएगा।
संजय केलकर को प्रतिष्ठान का सलाहकार नियुक्त किया गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि "छत्रपती शिवाजी महाराज की नीतियां और विचार नेपाल के युवाओं में नई ऊर्जा और राष्ट्रसेवा की भावना भरेंगे।" साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि महाराष्ट्र के ऐतिहासिक किलों की यात्रा भी नेपाली युवाओं के लिए आयोजित की जाएगी, जिससे उन्हें भारत के समृद्ध इतिहास से जुड़ने का अवसर मिलेगा। महाराष्ट्र के किलों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रहे केलकर, अब नेपाल में भी शिवचरित्र के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यह जिम्मेदारी न केवल उनकी सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय सराहना का प्रतीक है, बल्कि शिवरायों की प्रेरणा को सीमाओं से परे ले जाने का एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

# पानी की टंकी के नीचे भरा पानी बन सकता है मौत का कुआं

## आज़ाद समाज पार्टी ने की सुरक्षा घेराबंदी की मांग

**भिवंडी।** भिवंडी महानगर पालिका के प्रभाग समिति क्रमांक 4 अंतंगत दिवानशाह, रहमानिया हॉस्पिटल के पीछे, मंजील हाल के सामने सर्वे नं.23/7 पर बनी पानी की टंकी और उसके आस-पास का इलाका खतरे का केंद्र बनता जा रहा है। इस टंकी के नीचे बने गहरे गड्ढों में लगातार पानी भरा रहता है, जिससे बच्चों के डूबने की आशंका बनी हुई है। इसके बावजूद भिवंडी महानगरपालिका ने अब तक इस क्षेत्र की घेराबंदी नहीं की है, जिससे स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के भिवंडी शहर जिला अध्यक्ष रहबर



राशिद ने पालिका प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते पानी की टंकी के चारों ओर वॉल कंपाउंड नहीं बनाया गया तो यह लापरवाही किसी मासूम की जान ले सकती है।

# प्रेम प्रसंग के चलते नेपाल की एक महिला की हत्या, तीन गिरफ्तार



**पालघर।** प्रेम प्रसंग के चलते नेपाल की एक महिला की हत्या कर शव को बोरे में भरकर जव्हार-नाशिक रोड पर वाघ नदी में फेंकने की घटना घटी। मोखाडा पुलिस ने शव से भरे बोरे पर मिले एसएम 28 अक्षर के आधार पर महिला के प्रेमी और दो अन्य साथियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। नेपाल में रहने वाली काजोल गुप्ता और राजूकुमार वरही (24) पिछले कुछ सालों से रिलेशनशिप में थे। चूंकि काजोल राजूकुमार से शादी करने की जिद कर रही थी, इसलिए उन्होंने उससे छुटकारा पाने के लिए उसकी हत्या करने की योजना बनाई। इसके लिए उन्होंने राजूकुमार वरही के पिता के सिलवासा में रहने वाले दोस्त सुरेश सिंह और ड्राइवर बालाजी वाघमारे की मदद लेने का फैसला किया। इसके लिए राजूकुमार, काजोल को नेपाल से सिलवासा लाया। इसके बाद सिलवासा से वह बालाजी वाघमारे की कार में उसे नाशिक क्षेत्र के दहानू और त्र्यंबकेश्वर के महालक्ष्मी मंदिर ले गया। नाशिक से लौटते समय मोखाडा के जंगल में कपड़े से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी गई और सबूत मिटाने की नीयत से 1 अप्रैल की सुबह नासिक जव्हार रोड पर घाटकरपाड़ा गांव की सीमा में वाघ नदी के पानी में फेंक दिया गया।

# मीरा-भायंदर शहर को मिलेगा चौबीस घंटे पानी



**भायंदर।** मीरा - भायंदर शहर के नागरिकों को दिवाली तक 24 घंटे पानी मिलने लगेगा। 146 विधानसभा क्षेत्र के शिवसेना विधायक एवं परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब शहर के लोगों की पानी समस्या जल्द ही खत्म हो जाएगी। बुधवार को सूर्या डेम के काम का प्रताप सरनाईक ने निरीक्षण किया था उस वक्त उनके साथ मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण के अधिकारी, सूर्या प्रादेशिक जल सप्लाई योजना के अभियंता एवं मीरा - भायंदर मनपा जल विभाग के अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर प्रताप सरनाईक ने बताया कि सूर्या पानी योजना को पांच साल की देरी हो चुकी है। मीरा- भायंदर शहर के लोगों को पानी के कारण परेशानी हो रही है। हमने इस योजना मे आने वाली रुकावटों को दूर किया। योजना का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है आने वाले 6 महीनों में बचा हुआ 30 प्रतिशत काम भी पूरा हो जाएगा। इस योजना के तहत आने वाले 6 महीनों में शहर के लोगों को 218 एमएलडी पानी सप्लाई हर रोज मिलेगा। इसके अंतर्गत वसई काशिद कोपर से चेने तक 5 किलोमीटर जल वाहिनी का काम, वसई खाडी के अंदर से जल वाहनी बिछाने का काम, चेने स्थित पुल के निर्माण कार्य आदि के कामों से संबंधित अधिकारियों को इन कामों को जल्दी ही पूरा करने का निर्देश उन्होंने दिया। सूर्या प्रादेशिक पानी सप्लाई योजना के तहत वसई - विरार महानगर पालिका को 170 एमएलडी पानी रोज मिल रहा है। इसके अलावा पालघर जिल्हा के 44 गावों को भी इस योजना के तहत पानी सप्लाई किया जा रहा हैं।

# मुंब्रा हत्याकांड में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर महिलाओं ने थाने तक निकाला मार्च

**ठाणे।** मुंब्रा में 10 वर्षीय बच्ची का यौन उत्पीड़न कर उसकी हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद यहां की महिलाओं ने मंगलवार देर रात मुंब्रा पुलिस स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया। निवासियों की मांग थी कि इस मामले में अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया जाए। इस मार्च में एनसीपी नेता (शरद पवार गुट) विधायक जितेंद्र आव्हाड भी शामिल हुए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि एक भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। आव्हाड ने मांग की कि मुंब्रा शहर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की दर बढ़ रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। आसिफ मंसूरी ने सोमवार रात मुंब्रा में 10 साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न किया और उसकी हत्या कर दी। उसने शव को भी बाथरूम की खिड़की से बाहर फेंक दिया। इस संबंध में मुंब्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आसिफ मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि आसिफ के साथ अन्य आरोपी भी थे। निवासियों ने यह भी दावा किया कि आसिफ और उसके साथी हमेशा नागरिकों को परेशान करते रहते थे। मंगलवार रात को महिलाएं एकत्रित हुईं और मुंब्रा पुलिस स्टेशन तक मार्च निकाला। इस मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। मार्च में भाग लेने वाली महिलाओं ने आसिफ के सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद विधायक जितेंद्र आव्हाड भी मुंब्रा आए। उन्होंने मृत लड़की की मां से मुलाकात की और उससे पूछताछ की। इसके बाद वह कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस स्टेशन पहुंचे। उस समय बड़ी संख्या में महिलाएं थाने के बाहर नारेबाजी कर रही थीं। उन्होंने महिला प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि एक भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।



# मध्य रेल ने बरामद की 87 लाख रुपए से अधिक मूल्य की रेलवे संपत्ति

**मुंबई।** मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आरपी (यूपी) अधिनियम के तहत रेलवे संपत्ति की चोरी और अवैध कब्जे पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। बढ़ी हुई गश्त, निगरानी और केंद्रित अभियानों के माध्यम से, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे संपत्ति की चोरी और अवैध कब्जे पर अंकुश लगाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। 2024-25 में कुल 430 मामले दर्ज किए गए और 974 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि पिछले वर्ष 2023-24 में 534 मामले दर्ज किए गए और 1,272 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था। यह उच्च वसूली दर को बनाए रखते हुए मामलों में कमी के साथ बेहतर परिचालन दक्षता को दर्शाता है। आरपीएफ ने 87,42,388 रुपये की रेलवे संपत्ति सफलतापूर्वक बरामद की, जो राष्ट्रीय संपत्तियों की संरक्षा के लिए मध्य रेल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंडलवार उपलब्धियांः मुंबई मंडलः 179 मामले दर्ज किए गए, 345 अपराधी गिरफ्तार किए गए, 23,79,619 रुपये बरामद किए गए भुसावल मंडलः 77 मामले, 171 गिरफ्तारियां, 7,42,718 रुपये बरामद किए गए नागपुर मंडलः 84 मामले, 243 गिरफ्तारियां, 33,07,988 रुपये बरामद किए गए पुणे मंडलः 71 मामले, 159 गिरफ्तारियां, 18,91,771 रुपये बरामद किए गए सोलापुर मंडलः 16 मामले, 56 गिरफ्तारियां, 4,20,292 रुपए बरामद किए गए।

# वंचित समुदाय तक शिक्षा की गंगा पहुंचाना अत्यंत आवश्यक : आयुक्त



**भिवंडी।** भिवंडी-निजामपूर शहर महानगरपालिका के प्रशासक तथा आयुक्त अनमोल सागर ने बुधवार को चाविंद्रा स्थित घनकचरा प्रक्रिया केंद्र के समीप डोंगरीपाड़ा क्षेत्र में कचरा वेचक समुदाय के बच्चों के लिए नवजीवन लोकविकास संस्था द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न शैक्षणिक उपक्रमों का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने कचरा वेचक बच्चों के लिए दो वयोगटों में आयोजित मूलभूत शिक्षण वर्ग, वाचनालय तथा बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों का अवलोकन किया और संस्था के कार्य की सराहना की। अनौपचारिक बातचीत में आयुक्त अनमोल सागर ने कहा कि कचरा वेचक जैसे वंचित समुदायों तक शिक्षा की गंगा पहुंचाना बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन बच्चों की महानगरपालिका शालाओं में नामांकन किया गया है और ऐसे समाजोपयोगी उपक्रमों को महानगरपालिका की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महानगरपालिका के उपायुक्त (शिक्षा) बालकृष्ण क्षीरसागर, सहायक आयुक्त (शिक्षा) डॉ. अनुराधा बाबरआदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# दक्षिण एमसीजीएम FOB अस्थायी रूप से बंद



**मुंबई।** माहिम स्टेशन की हार्बर लाइन पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (MCGM) के दक्षिण की ओर स्थित फुट ओवर ब्रिज (FOB) को हटाने के कार्य के संबंध में, इसकी जीर्ण-शीर्ण स्थिति के कारण, यह एफओबी 15 अप्रैल से 4 मई, 2025 तक बंद रहेगा।

# परे की मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन का सूरत स्टेशन पर ठहराव

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा उधना स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के कारण और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 09185/09186 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन को उधना स्टेशन के बजाय सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः- 13 अप्रैल, 2025 से ट्रेन संख्या 09185 मुंबई सेंट्रल - कानपुर अनवरगंज स्पेशल को सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेन 14.28 बजे सूरत स्टेशन पर पहुंचेगी और 14.33 बजे प्रस्थान करेगी।




इसी प्रकार, 14 अप्रैल 2025 से ट्रेन संख्या 09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल स्पेशल को सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेन 16.20 बजे सूरत स्टेशन पर पहुंचेगी और 16.25 बजे प्रस्थान करेगी। उपरोक्त ट्रेनें उधना स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।

# जनसुरक्षा कानून पत्रकारों के खिलाफ नहीं: CM

## फडणवीस ने किया शंकाओं का समाधान

**कानून आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण**

महानगर संवाददाता

मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार का प्रस्तावित विशेष जन सुरक्षा कानून आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। इस कानून से पत्रकारों या किसी आम व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होगी और न ही उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में बाधा उत्पन्न होगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह कानून व्यक्तियों के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी कृत्य करने वाले संगठनों के खिलाफ है। मुख्यमंत्री के रुख के बाद पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों ने संतोष व्यक्त किया। बुधवार को सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने विशेष जन सुरक्षा कानून को लेकर राज्य के विभिन्न पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस



दौरान उन्होंने पत्रकारों की शंकाओं का समाधान किया। इस बैठक में मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव इकबाल सिंह चहल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रधान सचिव एवं महानिदेशक बृजेश सिंह, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, विशेष पुलिस महानिरीक्षक संदीप पाटिल सहित राज्य के विभिन्न पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रस्तावित महाराष्ट्र जन सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों को लेकर पत्रकार संगठनों में कुछ शंकाएं थीं। 12 संगठनों ने एक साथ मिलकर पत्रकार अभिव्यक्ति मंच की स्थापना की। बैठक में मुख्यमंत्री ने पत्रकार संगठनों द्वारा उठाई गई शंकाओं का भी विस्तार से जवाब दिया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि तेलंगाना सहित चार अन्य राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार ने भी देश में पहले ही सार्वजनिक सुरक्षा कानून लागू कर दिए हैं। महाराष्ट्र सरकार द्वारा बनाया गया कानून इन चार राज्यों की तुलना में अधिक सुरक्षात्मक है। देश के कई हिस्सों में कई माओवादी संगठन प्रतिबंधित हैं, इसलिए इन संगठनों ने अपना मुख्यालय महाराष्ट्र में स्थानांतरित कर दिया है।

**आसनगांव में ओलावृष्टि**

माओवादी संगठनों के अग्रिम संगठन अब शहरी क्षेत्रों में सक्रिय हो रहे हैं, इसलिए यदि यह कानून अभी पारित नहीं किया गया तो महाराष्ट्र को भविष्य में कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रस्तावित जन सुरक्षा कानून के संबंध में जनता को स्पष्टता प्रदान करने के लिए विधेयक को विधानमंडल की संयुक्त समिति के पास भेजा गया तथा इस पर जन सुनवाई की गई। इस प्रस्तावित कानून में पत्रकार संगठनों की ओर से यदि कोई सुझाव आएंगे तो उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून के प्रावधानों में स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए उचित ध्यान रखा जाएगा।

# संजय राउत, अरविंद सावंत मुख्य प्रवक्ता



**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी ने पार्टी के अधिकृत प्रवक्ताओं की नियुक्ति की घोषणा की है। सांसद संजय राउत और अरविद सावंत को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अनिल परब, प्रियंका चतुर्वेदी, शिवसेना जनसंपर्क प्रमुख हर्षल प्रधान, उपनेता सुषमा अंधारे, आनंद दुबे और जयश्री शेळके को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। अनिल परब को ठाकरे परिवार का करीबी माना जाता है। वकील होने के नाते परब मातोश्री के साथ-साथ पार्टी के सभी कानूनी मामलों को भी देख रहे हैं। वे विधान परिषद के सदस्य हैं। राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी राष्ट्रीय चैनलों पर पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, यही वजह है कि उन्हें यह मौका दिया गया है।

## शिवसेना मुख्य प्रवक्ता दीपक केसरकर का उबाटा पर निशाना

# कोकण की जनता से उबाठा का प्रेम दिखावा

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद आगामी मुंबई मनपा सहित अन्य निकाय चुनाव को लेकर उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) ने चुनाव की जोरदार तैयारी शुरु कर दी है। इस कड़ी में यूबीटी ने कोंकण के पार्टी की जनाधार को बढ़ाने की घोषणा की है। यूबीटी की इस घोषणा पर शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता और पूर्व मंत्री दीपक केसरकर ने पलटवार किया है।

केसरकर ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए उद्धव ठाकरे ने कोंकण की जनता और क्षेत्र के विकास के लिए एक भी निर्णय नहीं लिया। उद्धव ठाकरे का कोकणी लोगों के प्रति प्रेम बनावटी है। बुधवार को आयोजित पत्रकार परिषद को केसरकर सम्बोधित कर रहे थे। शिवसेना प्रवक्ता ने कहा कि कोकण के किसानों के लिए काजू बोर्ड के संदर्भ में महाविकास आघाडी सरकार ने समिति गठित की थी। उस वक्त वित्त राज्यमंत्री के नाते उस समिति का अध्यक्ष पद मेरे पास था। काजू नीति कोकण की कायापलट करने वाली महत्वपूर्ण नीति थी। परंतु



ढाई वर्ष के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कभी भी इस नीति को मंजूरी नहीं दी। इससे उद्धव ठाकरे को कोकण का नजरअंदाज करते हुए और कोकण के प्रति कितना प्रेम है यह बहुत ही करीब से अनुभव किया है। केसरकर ने उबाटा के नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा कि चांदा से बांदा तक सभी योजना वित्त विभाग ने बंद कर रखी थी। उसे फिर से शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री के आदेश की आवश्यक थी, परंतु उस वक्त भी उद्धव ठाकरे ने चुप्पी साधे हुए थे। कोकण के विकास के लिए एक भी बार आग्रह नहीं किया यह सच्चाई है। कोकणी जनता पर उनका प्रेम बनावटी है। उसका उल्लेख सिर्फ शिवसेना के मुख्य नेता व राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जो अत्यंत गलत बात है। इस प्रकार की टिप्पणी केसरकर ने की है। इसके विपरीत एकनाथ शिंदे ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान तुरंत काजू बोर्ड को 1500 करोड़ की निधि दी, इस प्रकार का दावा केसरकर ने किया है। काजू उत्पादक किसानों को इस तरह से पहली बार आर्थिक मदद मिली। काजू बोर्ड से संबंधित उद्योग का प्रयोग सफल होने पर कोकण के काजू उत्पादक किसानों को 3000 करोड़ रुपए का फायदा होगा। यह दावा करते हुए केसरकर ने आगे बताया कि ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ यह बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि पूरा कोकण यह बालासाहेब के विचारों और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व के साथ रहेगा। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में कोकण की जनता मूलतः शिवसेना के साथ रही इस पर मुहर लग चुकी है।

# कानून के तहत कामरा के खिलाफ होगी कार्रवाई

## शिवसेना विधायक मुरजी पटेल का दावा

**मुंबई।** शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने कहा कि शिवसेना प्रमुख और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ टिप्पणी करने कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी क्योंकि मुझे न्याय व्यवस्था और कानून पर पूरा विश्वास है इसलिए कामरा जब भी मुंबई आएगा उस पर जरूर कार्रवाई होगी। पटेल ने कहा कि कामरा ने उपमुख्यमंत्री शिंदे पर अपमानजनक टिपण्णी कर जो गलती है उसे लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बतादें कि एकनाथ शिंदे पर अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विधायक मुरजी पटेल ने एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी जो बाद में खार पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर हो गया। खार पुलिस ने पिछले महीने कामरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (1) (बी) और 356 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए पटेल ने कहा कि कामरा राज्य में आने से बच रहा है। पुलिस द्वारा समन जारी किए जाने के बावजूद वह मुंबई नहीं आया। उन्होंने कहा कि कामरा को 'आज या कल में' तो पुलिस के सामने आना ही होगा।



# सेक्स की सहमति के लिए कानूनी विवाह काफी

## धार्मिक समारोह जरूरी नहीं, पति पर पत्नी के रेप का आरोप खारिज

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अगर विवाह कानूनी रूप से रजिस्टर है, तो यौन संबंधों के लिए सहमति मान्य होती है और इसके लिए धार्मिक समारोह की आवश्यकता नहीं है। इस फैसले के साथ, कोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज बलात्कार के मामले को रद्द कर दिया। इस केस में शख्स की पत्नी ने आरोप लगाया था कि उसने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह का वादा करके यौन संबंध स्थापित किए थे, लेकिन बाद में वह वादा पूरा नहीं किया। हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपी और शिकायतकर्ता (पत्नी) के बीच पहले से एक वैध विवाह था, भले ही वह धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न न हुआ



हो। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति निवेदिता मेहता की पीठ ने अपने निर्णय में कहा कि जब दोनों पक्षों के बीच एक कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त विवाह पहले से मौजूद था, तो यह तर्क नहीं दिया जा सकता कि पत्नी की सहमति "धार्मिक रीति से विवाह करने के वादे" के आधार पर धोखा देकर प्राप्त की गई थी।

**पीड़िता का दावा, वादे से मुकरा**

यह मामला गोवा में एक 26 वर्षीय व्यक्ति और उसकी पत्नी से संबंधित है। दोनों ने जुलाई 2022 में सिविल कानून के तहत विवाह पंजीकृत कराया था, लेकिन धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह समारोह आयोजित नहीं हुआ था। शिकायतकर्ता पत्नी ने आरोप लगाया कि उसके पति ने धार्मिक विवाह का वादा करके उसके साथ यौन संबंध बनाए, लेकिन बाद में वह इस वादे से मुकर गया। उसने यह भी दावा किया कि पति ने शुरू में अपने परिवार को विवाह के बारे में नहीं बताया और बाद में उसे टालना शुरू कर दिया, जिसके चलते उसने बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया।

हालांकि, व्यक्ति ने तर्क दिया कि उनकी शादी पहले से ही कानूनी रूप से पंजीकृत थी और उसने अपनी पत्नी के पिछले संबंधों के बारे में पता चलने के बाद विवाह को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की थी। उसका कहना था कि यह बलात्कार का मामला नहीं, बल्कि वादे के उल्लंघन का मामला हो सकता है। युवक ने अदालत में दलील दी कि यह शिकायत बदले की भावना से दर्ज की गई है, क्योंकि उसने विवाह रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की थी। उसका यह भी कहना था कि प्राथमिकी में वर्णित घटनाएं न तो बलात्कार और न ही धोखाधड़ी की श्रेणी में आती हैं। अदालत ने याचिकाकर्ता के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए कहा, "जब दोनों पहले से कानूनी रूप से विवाहबद्ध थे, तो 'धार्मिक रीति से विवाह' करने का वादा किसी भी रूप में झूठा वादा नहीं माना जा सकता।" पीठ ने यह भी कहा कि अधिक से अधिक, पति का यह व्यवहार 'धार्मिक रीति से विवाह करने के वादे' को पूरा न करने की एक नैतिक विफलता के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन यह बलात्कार या धोखाधड़ी जैसा आपराधिक अपराध नहीं बनता।

# पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण

**मुंबई।** पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की चर्चगेट स्टेशन के पास स्थित प्रतिमा और उसके परिसर का सौंदर्यीकरण और प्रतिमा की मरम्मत की जाएगी और उसके पीछे की दीवार पर अहिल्यादेवी होलकर के कार्यों का चित्रात्मक व प्रकाशयुक्त प्रस्तुतीकरण किया जाएगा, जिसमें महेश्वर का राजवाड़ा, इंदौर की वास्तुकला, काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार और वृक्ष संवर्धन जैसे कार्यों को कलात्मक ढंग से दर्शाया जाएगा। बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति राम शिंदे की अध्यक्षता में मुंबई महानगरपालिका के सहायक आयुक्त जयदीप मोरे, अन्य अधिकारीगण और डॉ. असीम गोकर्ण हरवंश की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद सभापति ने शिंदे ने यह जानकारी दी। उन्होंने सौंदर्यीकरण का कार्य 15 मई 2025 तक पूरा करने के लिए निर्देश दिए हैं। क्योंकि आगामी 31 मई 2025 को पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती है। इस जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर उनकी प्रतिमा को आकर्षक रूप में सजाया और पुष्पों से अलंकृत किया जाएगा।



# उद्धव की श्रीकृष्ण से तुलना कर घिरे सांसद संजय राउत

## भाजपा और शिंदे गुट ने लिया निशाने पर

**मुंबई।** शिवसेना उबाठा प्रमुख उद्धव ठाकरे को श्रीकृष्ण की उपमा देने पर पार्टी के सांसद संजय राउत बुरी तरह घिर गए हैं। शिवसेना शिंदे गुट और भाजपा ने उनकी कड़ी आलोचना की है। हालांकि बाद में राउत ने कहा कि उन्होंने कोई तुलना नहीं की है। मंगलवार को रत्नागिरी के कांग्रेस नेता सहदेव बेटकर ने शिवसेना उबाठा में प्रवेश किया। इस दौरान संजय राउत ने उद्धव ठाकरे की तारीफ करते हुए उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की उपमा दी थी। राउत ने कहा था कि हमारी पार्टी में सहदेव शामिल हो गए हैं। महाभारत के तीन पात्र यहां उपस्थित हैं। उद्धव ठाकरे मतलब श्रीकृष्ण, मैं खुद संजय और सहदेव, यह महत्वपूर्ण बात है। धर्मराज के सबसे करीबी सहदेव थे। अब वे श्रीकृष्ण के नजदीक आ गए हैं। सहदेव के आगमन के साथ हम कोकण के कुरुक्षेत्र में चल रहे नए विश्व युद्ध को जीतने जा रहे हैं। राउत ने यह भी कहा कि उद्धव ठाकरे का नाम 'उद्धव' भगवान कृष्ण के कई नामों में से एक है। राउत की टिप्पणी पर शिंदे गुट और भाजपा ने उनकी आलोचना की है। शिंदे गुट के मंत्री उदय सामंत ने कहा कि एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, तब संजय राउत के पेट में दर्द क्यों उठा था? किसी की भी देवता से तुलना करने पर वह व्यक्ति देवता नहीं बन जाता। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि ऐसी टिप्पणी करना पागलपन है। भाजपा और शिंदे गुट की टिप्पणी पर हमला करते हुए राउत ने कहा कि उन्होंने कोई तुलना नहीं की है। भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि क्या नरेंद्र मोदी विष्णु के अवतार हो सकते हैं? क्या उन्हें भगवान ने आसमान से भेजा है? उनकी तुलना छत्रपति से की जाती है। क्या बावनकुले या उदय सामंत जैसे लोगों की किसी से तुलना की जा सकती है? संजय राउत ने कहा कि श्रीकृष्ण के अनगिनत नामों में से एक नाम उद्धव है। दूसरा हमारा सहदेव था और संजय हमेशा रहेगा।

# माटुंगा पुलिस ने इम्पैक्ट गुरु पर लगाए गए आरोपों को किया खारिज

## दानदाताओं से एकत्र की गई धनराशि हड़पने का था आरोप

**मुंबई।** मुंबई पुलिस के माटुंगा थाने ने माननीय मजिस्ट्रेट कोर्ट, कुर्ला के समक्ष समरी बी रिपोर्ट दाखिल की है, जिसमें इम्पैक्ट गुरु के निदेशक पियूष जैन, और बेबी इनारा के माता-पिता नौफिल काज़ी व निखत ख़ान के खिलाफ लगाए गए झूठे आरोपों को खारिज कर दिया गया है। पुलिस को इन आरोपों में कोई दम नहीं मिला। कोर्ट में दायर समरी बी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह शिकायत पूरी तरह से झूठी थी। फरवरी 2024 में आरिफ़ शेख ने कुर्ला की न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में एक निराधार शिकायत दर्ज की थी, जिसमें इम्पैक्ट गुरु के सीईओ और बेबी इनारा के माता-पिता के खिलाफ एफआईआर की मांग की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इनारा को स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (SMA) जैसी कोई बीमारी नहीं थी, जबकि उन्होंने शिकायत के साथ इनारा की मेडिकल रिपोर्ट भी संलग्न की थी! उन्होंने यह भी झूठा दावा किया कि इनारा को पीडी हिंदुजा अस्पताल में कभी भर्ती नहीं किया गया, जबकि सच्चाई यह है कि इनारा को 20 सितंबर से 30 सितंबर 2024 डॉ. नीलू देसाई की निगरानी में और फिर 16 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 डॉ. रंजी सौम्या की निगरानी में, पीडी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती किया गया था। इसके अलावा, आरिफ़ शेख ने इम्पैक्ट गुरु पर 4.5 करोड़ रूपये जुटाए जाने का झूठा दावा किया। जबकि इम्पैक्ट गुरु पर अब तक 2.25 करोड़ रुपये ही इकट्ठा हुआ है। समरी बी रिपोर्ट के अनुसार, शिकायतकर्ता अपने किसी भी दावे के समर्थन में कोई प्रमाण नहीं दे पाए। यह आरोप न केवल झूठे थे, बल्कि असत्य कल्पनाओं पर आधारित थे। स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी के इलाज की प्रक्रिया, अस्पताल की नीतियों और दवाओं की खरीद की गलत व्याख्या, और जानबूझकर अदालत में साक्ष्यों को छिपाने से यह स्पष्ट होता है कि शिकायतकर्ता का उद्देश्य सिर्फ एक ज़रूरी फंडरेज़िंग प्रयास को नुकसान पहुँचाना था।

# मनपा ने बेस्ट को लगाया एक हजार रुपए का दंड

**मुंबई।** गोरेगांव स्थित बेस्ट बस डिपो में सूखी पत्तियों को जलाने की घटना सामने आने के बाद डिपो के पर्यवेक्षक पर 1,000 का जुर्माना लगाया गया है। मनपा को खुले में कचरा जलाने को लेकर सोशल मीडिया पर एक X (ट्विटर) हैंडल के माध्यम से शिकायत मिली थी। मनपा अभी तक खुले में कचरा जलाने पर मात्र 100 रुपया दंड लगाती थी। मनपा प्रशासन को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि गोरेगांव पश्चिम रेलवे स्टेशन के पास स्थित बस डिपो में नियमित रूप से कचरा जलाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर शिकायत मिलने के बाद मनपा पी साऊथ वार्ड के अधिकारियों ने घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया और पाया कि डेपो में कचरा जलाया जा रहा है।

# मुंबई में भी मनाया गया विश्व नवकार महामंत्र दिवस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. डॉ. राधाकृष्णन की उपस्थिति में मुंबई के एनएससीआय डोम वर्ली में सामूहिक मंत्रोच्चार के माध्यम से विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल राधाकृष्णन ने कहा कि नवकार महामंत्र केवल शब्दों और अक्षरों का समूह नहीं है, बल्कि एक प्रभावी मंत्र है जो अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और सभी साधुओं जैसी ज्ञानी आत्माओं का सम्मान करता है। नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने प्रतिक्रिया की अपेक्षा चिंतन, मतभेद की अपेक्षा एकता और संघर्ष की अपेक्षा शांति को



महत्व देने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, गच्छाधिपति नित्यानंद सूरी, आचार्य के.सी. महाराज, आचार्य नयपद्म सागरजी महाराज, मुनि विनम्र सागरजी,आचार्य डॉ. लोकेश मुनि, अखिल भारतीय भिक्खु संघ के अध्यक्ष भदंत राहुल बोधी महाथेरो, जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) के पदाधिकारी, जैन समुदाय के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# मनपा ने पिछले साल प्रोजेक्ट पर किया था दोगुना खर्च



**मुंबई।** मनपा प्रशासन मुंबई में पिछले कुछ सालों से बड़े प्रोजेक्ट पर अधिक ध्यान दिया है। जिसका परिणाम यह हुआ है कि मनपा का प्रोजेक्ट पर खर्च काफी तेजी से बढ़ा है। मनपा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रोजेक्ट पर पर 36,900 करोड़ का खर्च किया है। मनपा के इतिहास में इतना खर्च पहली बार हुआ है। पिछले साल वित्तीय वर्ष 2023 -24 में मात्र 19,700 करोड़ रुपया खर्च हुआ था। पिछले साल के मुकाबले सी साल हुआ खर्च 87 प्रतिशत अधिक हुआ है। जबकि वर्ष 2020-21 में प्रोजेक्ट पर 8,237 करोड़ रुपया ही खर्च हुआ था। इतनी बड़ी मात्रा में बढे खर्च से मनपा को पैसा जुटाने में परेशानी बढ़ गई है क्योंकि दो लाख करोड़ के टेंडर दिए जा चुके हैं ठेकेदार को काम पूरा होने पर पैसे तो देना है। उल्लेखनीय है कि मनपा का चार वर्षों में प्रोजेक्ट पर होने वाला खर्च चार गुना से भी अधिक हो गया है। मनपा प्रशासन ने वर्ष 2025-26 के लिए 37,332 करोड़ प्रोजेक्ट पर खर्च करने का प्रावधान किया है। इस बढ़े हुए खर्च के पीछे कई मनपा प्रशासन द्वारा बड़े प्रोजेक्ट्स शुरू किया जाना है।

# नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख की ठगी

**नवी मुंबई।** टाटा अस्पताल में नौकरी लगाने के नाम पर पुणे के एक युवक के साथ 4 लाख 20 हजार रुपये की ठगी किये जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ठगी करने वाली एक महिला समेत एक पुरुष के विरुद्ध एपीएमसी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुणे के रहने वाले राहुल वालुंज नामक युवक ने पुलिस को शिकायत में बताया है कि उनकी कोपखैरने की रहने वाली निलंजना सरकार एवं दीपक रॉय से उनकी पत्नी को खारघर के टाटा अस्पताल में नौकरी पर लगाने को लेकर बात हुई थी। इसके बदले इन ठगबाजों ने राहुल से 4.20 लाख रुपये की मांग किया था। जिसके बाद उन्हें पैसे दिए लेकिन महीनों बीत जाने पर जब नौकरी नहीं लगी तो शिकायत की।

# मनपा को राजस्व बढ़ाने में मुश्किलें, दो भूखंडों की नीलामी को नहीं मिला प्रतिसाद, फिर से बढ़ाई निविदा की समय सीमा

**मुंबई।** हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं को अंजाम देने वाली मुंबई महानगरपालिका अब राजस्व बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रही है। मनपा ने अपने दो भूखंडों की नीलामी कर उन्हें पट्टे पर देने का निर्णय लिया था। मनपा के इस निर्णय एक बिल्डर के द्वारा कोई प्रतिसाद नहीं मिलने के कारण टेंडर की समय सीमा बढ़ा दी गई है। मनपा की जमीन नहीं लेने को लेकर अब आशंका व्यक्त की जा रही है। मनपा ने जमीन की दरों में कटौती कर दूसरी बार निविदा निकाली है बावजूद इसके कोई खरीददार नहीं मिल रहा है।

मनपा ने वर्ली स्थित डामर कंपनी और फोर्ट स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज मंडईको लीज पर देने की योजना बनाई है। यह दोनों भूखंड लंबे समय से खाली हैं। मनपा को बड़ी मात्रा में राजस्व मिलने की संभावना है। वर्ली की जमीन से लगभग 2,069 करोड़ रुपये तथा मंडई की जमीन से 2,100 करोड़ रुपये का संभावित राजस्व मिल सकता है। मनपा का लक्ष्य है कि भूमि और लीज होल्ड संपत्तियों से हर वर्ष 10,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया जाए। वर्तमान में मनपा को अपनी लीज पर दी गई संपत्तियों से सीमित आय होती है, जो कि पर्याप्त नहीं है।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित अनुसार) की धारा 8 (3) (क) अंतर्गत प्रावधानों के अनुपालन में परिमंडल – V में एल वार्ड से 01 प्रस्ताव, अर्थात प्रभावित वृक्षों के निष्कासन हेतु कुल 01 प्रस्ताव, वृक्ष प्राधिकरण/मनपा आयुक्त, चेयरमैन, वृक्ष प्राधिकरण की मंजूरी के लिये प्राप्त हुये हैं.

उपरोक्त निर्दिष्ट प्रस्तावों के अंतर्गत वृक्षों की कटाई/पुनर्रोपण करने बाबत विस्तृत जानकारी म.न.पा. की वेबसाइट – https://portal.mcgm.gov.in → About us → wards / Departmetns → Department manuals → Gardens & Tree Authority → Tree Authority → 04 - Public Notice 7 days अंतर्गत उपलब्ध है.

उपरोक्त निर्दिष्ट प्रस्तावों हेतु नागरिकों से आपत्तियां/सुझाव, यदि है, उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में उक्त सूचना प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते हैं.

आप निर्धारित प्रारूप में अपने सुझाव/आपत्तियां उक्त ईमेल आईडी dysg.ta@mcgm.gov.in पर भी जमा कर सकते हैं. निर्धारित समय में निर्धारित प्रारूप में प्राप्त आपके सुझाव/आपत्तियों पर ही विचार किया जायेगा. उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त ईमेल्स अथवा लिखित सुझाव/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा. आपत्तियों/सुझावों हेतु सुनवाई उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दि. 21.04.2025 को सायं. 4.30 बजे से सायं. 5.00 बजे तक आयोजित की जायेगी. जो व्यक्ति उक्त सुनवाई में उपस्थित रहना चाहते हैं, वे अपने ईमेल, सुझावों/आपत्तियों की एक प्रति के साथ उपस्थित रह सकते हैं.

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी**

उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी का कार्यालय
2री मंजिल, हम्बोल्ट पेंग्विन बिल्डिंग,
वी.जे.बी. उद्यान एवं प्राणिसंग्रहालय, संत सावता माली मार्ग,
भायखला (पूर्व), मुंबई – 400 027,
टेली. नं. 23742162
ईमेल : dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता./-
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

पीआरओ/92/विज्ञा./2025-26

खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह साफ करें



**पश्चिम रेलवे**

**मुंबई मंडल में "सभी वाहनों के लिए पे एंड पार्किंग" का संचालन**

मंडल रेलवे प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, पार्किंग अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008. **कार्य - मुंबई मंडल में "सभी वाहनों के लिए पे एंड पार्किंग" का संचालन.**

| नीलामी पुस्तिका क्रमांक : बीसीटी-पीकेजी-2526-1 | ईएमडी - वार्षिक बोली मूल्य का 10% |
|---|---|
| ई-नीलामी की तिथि : 21.04.2025 | ई-नीलामी का समय : 12:00 बजे |

| अ.क्र. | स्टेशन | स्थान | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | माहीम | पूर्व | 232 | 03 वर्ष |
| 2 | दादर | पीआरएस बिल्डिंग के नीचे | 472.98 | 03 वर्ष |

टिप्पणी : अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. स्थलों से संबंधित जानकारी उपरोक्त सूची में 'लॉट विवरण' में उपलब्ध है.

0022

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly



**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

**टेली नं. : 022-66405250, ईमेल : eee.east1@gmail.com**

संदर्भ क्र. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/12/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 12**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405251 द्वारा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदार की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में 10 कार्य के लिये खुली /नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक तिथि 16.04.2025, सुबह 10.30 बजे से है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि 23.04.2025, सायं. 6.15 बजे तक है. शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि है, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

Follow us:@mhadaofficial

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम. एस. आई. बी. बोर्ड, मुंबई

सीपीआरओ/ए/280

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था

# धरती का तापमान बढ़ा रहीं हैं ग्रीन हाउस गैसें

उत्तर भारत में गर्मी अभी से कहर बरसाने लगी है जबकि अभी अप्रैल माह की शुरुआत ही हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 6 अप्रैल से पारा बढ़ना शुरू हो चुका है और अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया है। हाल ही में दिल्ली समेत कई राज्यों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के अलावा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा के शहरों में भी गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। हाल ही में राजस्थान के बाड़मेर में गर्मी ने नए रिकॉर्ड बनाए और यहां अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अप्रैल के पहले सप्ताह में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। यह सामान्य से 6.8 डिग्री अधिक है, जो एक चिंताजनक स्थिति है। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने हाल ही में एक अलर्ट जारी किया है, जिसके अनुसार 6-10 अप्रैल के दौरान गुजरात के कुछ स्थानों पर गर्म हवाएं चलने की संभावना है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सौराष्ट्र और कच्छ के कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति रहने की संभावना है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, मध्य प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में 'लू' चलने की संभावना है। इस साल फरवरी भी काफी गर्म रही थी और अब देश के 21 शहरों में अधिकतम तापमान का 42 डिग्री तक पहुंचना एक चेतावनी है कि अगर हम अभी भी पर्यावरण के प्रति नहीं चेते और धरती का तापमान इसी तरह से ही बढ़ता रहा तो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय( न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी) के एक अध्ययन के अनुसार, पूरी दुनिया को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले साल यानी कि वर्ष 2024 में भारत में वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म वर्ष दर्ज किया गया था। वर्ष 2024 में औसत तापमान 25.75 डिग्री सेल्सियस रहा, जिसने वर्ष 2016 के पिछले रिकॉर्ड को पार कर दिया था तथा यह बीते 123 साल के औसत से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक था। वैश्विक तापमान में भी वृद्धि हुई, जिससे वर्ष 2024 वैश्विक स्तर पर सबसे गर्म वर्ष रहा। साल 2023 भी दुनिया का सबसे गर्म साल रहा था। वास्तव में, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन बहुत ही तेजी से हो रहा है और जलवायु परिवर्तन के नतीजे जितने लगते हैं, उससे कहीं अधिक खतरनाक सिद्ध हो सकते हैं। दरअसल, जलवायु परिवर्तन में आज सबसे बड़ी भूमिका मनुष्य की ही है क्योंकि आज धरती की आबादी लगातार बढ़ती चली जा रही है और आज भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। मानव जनित कार्यों के कारण आज धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि वर्ष 2024 के गर्म रहने के पीछे अल-नीनो प्रभाव भी है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अल-नीनो एक प्राकृतिक घटना है जिसके कारण भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र का तापमान बढ़ जाता है। इससे हवाओं में बदलाव आता है और दुनिया भर के जलवायु पैटर्न पर बहुत असर पड़ता है। अल-नीनो के प्रभाव से दुनिया में सूखा व बाढ़ जैसी स्थितियां बन सकतीं हैं। फसल पैदावार पर भी प्रभाव पड़ता है तथा मौसम संबंधी आपदाएं बढ़ जाती हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज धरती के तापमान के बढ़ने के पीछे प्रमुख कारण ग्रीन हाउस गैसों का बढ़ता उत्सर्जन और मानवीय गतिविधियां ही हैं। वास्तव में, ग्रीन हाउस गैसें (कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन मुख्यतया) सूर्य के प्रकाश के लिए पारदर्शी होती हैं और पृथ्वी की सतह को गर्म करती हैं। वास्तव में,पृथ्वी की ग्रीनहाउस गैसें वायुमंडल की ऊष्मा को रोक लेती हैं तथा उसे अंतरिक्ष में जाने से रोकती हैं। इन गैसों की बढ़ी हुई सांद्रता इसके प्रभाव को बढ़ाती है, जिससे गर्मी स्थिर रहती है और वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है।जीवाश्म ईंधन(कोयला ,तेल और प्राकृतिक गैस) के जलने तथा वनों की कटाई से भी धरती का तापमान बढ़ रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो ऑटोमोबाइल और जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक उपयोग से धरती पर कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त, खनन और पशु पालन जैसी गतिविधियाँ पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि धरती का तापमान बढ़ता है तो समुद्र का जल स्तर बढ़ता है, महासागरों की अम्लीयता बढ़ती है, सूखे और हीटवेव की स्थितियां उत्पन्न होती हैं। वनों में आग लगने का संकट भी बढ़ता है। जैव-विविधता की हानि के साथ ही साथ जलवायु परिवर्तन भी होता है। ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी के ताजा अध्ययन ने यह चेतावनी दी है कि अगर धरती का औसत तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है तो 40 फीसदी वैश्विक संपत्ति के नष्ट होने का खतरा है, जबकि अब तक के शोध 11 फीसदी नुकसान की ही बात कहते आए हैं।सच तो यह है कि आज प्रकृति का संतुलन लगातार गड़बड़ा रहा है। प्राकृतिक संतुलन के गड़बड़ाने प्राकृतिक आपदाएं जन्म लेतीं हैं। मसलन, भूस्खलन, अतिवृष्टि, अनावृष्टि(सूखा) तथा चरम मौसमी घटनाएं ऐसी ही प्राकृतिक आपदाओं के उदाहरण हैं। तापमान बढ़ता है तो इसका असर फसल पैदावार पर भी पड़ता है, जल संकट की समस्या भी खड़ी हो जाती है। अंत में यही कहूंगा कि अब समय आ गया है कि इस संकट( धरती के बढ़ते तापमान) को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। दूसरे शब्दों में कहें तो वर्तमान पीढ़ी का यह परम दायित्व व नैतिक कर्तव्य बनता है कि वर्तमान पीढ़ी, भविष्य की पीढ़ियों के लिए ग्लोबल वार्मिंग को रोकने की जिम्मेदारी ले। धरती के पर्यावरण की रक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण और जरूरी है। इसके लिए हमें पौधारोपण और जल संरक्षण पर ध्यान देना होगा। पर्यावरण संरक्षण नीतियों का सही कार्यान्वयन बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। सबसे बड़ी बात जागरूकता की है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पर्यावरण ही हमारी असली धरोहर है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*शेयर ऐसे गिर रहे, ज्यों नेता की जात*
*नेता-रुपिया की हुई, इक जैसी औकात*
*इक जैसी औकात, हृदय की बात बताएं*
*बिना डाक्टर ये दिल परिवर्तन कर जाएं*
*कह सुरेश कल तक हिंदू सम्राट कहाए*
*आज देखिए औरंग्या को तेल लगाए*

# संसार के कल्याण का मार्ग है महावीर के सिद्धांत

अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य के सिद्धांत संसार के कल्याण के लिए है। महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से मानवता को आत्म-शुद्धि और शांति का मार्ग दिखाया। उनके जीवन, दर्शन और शिक्षाओं की आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिकता है। महावीर का दर्शन जैन धर्म के मूल सिद्धांतों पर आधारित है, जो पांच महाव्रतों पर केंद्रित है। महावीर का शांति और करुणा का संदेश हमें एकजुटता की ओर ले जा सकता है।



भगवान महावीर, जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर के रूप में तो धार्मिक मान्यता अनुसार संसार में पूजे ही जाते है लेकिन सही मायने में देखा जाए तो वे संसार में मानवता के सच्चे मसीहा थे। उनका जीवन और शिक्षाएं न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि सामाजिक, नैतिक और पर्यावरणीय संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उनके अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य के सिद्धांत संसार के कल्याण के लिए है। महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से मानवता को आत्म-शुद्धि और शांति का मार्ग दिखाया। उनके जीवन, दर्शन और शिक्षाओं की आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिकता है। भगवान महावीर का जन्म आज से 2624 वर्ष पूर्व (599 ईसा पूर्व) वैशाली (वर्तमान बिहार, भारत) के कुंडग्राम में हुआ था। उनके पिता सिद्धार्थ एक क्षत्रिय राजा थे और माता त्रिशला था । उनका मूल नाम वर्धमान था। बचपन से ही वर्धमान में करुणा और विचारशीलता के लक्षण दिखाई देने लगे थे। एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार, जब वे एक बार अपने मित्रों के साथ खेल रहे थे, तो एक सांप को देखकर उनके मित्र डर गए, लेकिन वर्धमान ने उसे शांतिपूर्वक उठाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। यह घटना उनके अहिंसक स्वभाव का प्रारंभिक संकेत थी। 30 वर्ष की आयु में, अपने माता-पिता की मृत्यु के बाद, वर्धमान ने सांसारिक जीवन का त्याग कर दिया। उन्होंने अपने भाई नंदिवर्धन से आज्ञा ली और संन्यास ग्रहण किया। इसके बाद, वे साढ़े बारह वर्षों तक कठोर तपस्या में लीन रहे। 42 वर्ष की आयु में, ऋजुबालिका नदी के तट पर उन्हें केवलज्ञान (सर्वोच्च ज्ञान) प्राप्त हुआ। केवलज्ञान प्राप्ति के बाद वे महावीर कहलाए, जिसका अर्थ है महान विजेता। अगले 30 वर्षों तक, महावीर ने भारत के विभिन्न हिस्सों में यात्रा की और अपनी शिक्षाओं का प्रचार किया। 72 वर्ष की आयु में, पावापुरी (बिहार) में उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया, जिसे जैन परंपरा में मोक्ष कहा जाता है। महावीर का दर्शन जैन धर्म के मूल सिद्धांतों पर आधारित है, जो पांच महाव्रतों पर केंद्रित हैः अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य। ये सिद्धांत केवल संन्यासियों के लिए ही नहीं, बल्कि गृहस्थ जीवन जीने वालों के लिए भी अनुकरणीय हैं। महावीर ने अहिंसा को जीवन का सर्वोच्च धर्म माना। उनके अनुसार, हिंसा केवल शारीरिक रूप में ही नहीं, बल्कि मन और वचन से भी नहीं होनी चाहिए। वे कहते थे कि प्रत्येक जीव में आत्मा निवास करती है, और हर आत्मा का सम्मान करना मानव का कर्तव्य है। सत्य महावीर के दर्शन का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ था। वे मानते थे कि सत्य बोलना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे जीवन में उतारना आवश्यक है। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत आज के उपभोक्तावादी समाज के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। वे कहते थे कि आवश्यकता से अधिक संचय करना आत्मा को बंधन में डालता है। यह सिद्धांत हमें संतोष और सादगी की ओर ले जाता है। अचौर्य का अर्थ है चोरी न करना, चाहे वह भौतिक संपत्ति हो या किसी की भावनाएं। मन की वृत्ति पर नियंत्रण रखने का सूत्र है महावीर का यह सिद्धांत। ब्रह्मचर्य का तात्पर्य इंद्रियों पर नियंत्रण और संयम से है। ये मार्ग भोग का त्याग कर योग की तरफ जाने का है। महावीर का मानना था कि ये गुण मानव को नैतिकता और आत्म-संयम की ओर ले जाते हैं। महावीर ने कर्म सिद्धांत को जैन दर्शन का आधार बनाया। उनके अनुसार, हर क्रिया का एक परिणाम होता है, जो आत्मा को कर्मों के बंधन में जकड़ता है। इन बंधनों से मुक्ति के लिए आत्म-ज्ञान और तपस्या आवश्यक है। वे कहते थे, "आत्मा स्वयं में शुद्ध और अनंत है, लेकिन अज्ञानता के कारण वह संसार में भटकती है।" यह विचार व्यक्तिगत जिम्मेदारी और आत्म-निर्भरता को प्रोत्साहित करता है। एक बार एक शिष्य ने उनसे पूछा, "क्या भाग्य हमारा जीवन निर्धारित करता है?" महावीर ने कहा, "भाग्य तुम्हारे कर्मों का परिणाम है। अपने कर्मों को बदलो, तो भाग्य भी बदलेगा।" यह सिद्धांत हमें यह सिखाता है कि हम अपने जीवन के निर्माता स्वयं हैं। महावीर का जीवन और शिक्षाएं मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके विचारों ने भारतीय संस्कृति, समाज और दर्शन को गहराई से प्रभावित किया। महावीर ने जाति-प्रथा और सामाजिक असमानता का विरोध किया। उनके अनुसार, सभी जीव आत्मा के स्तर पर समान हैं। एक बार एक निम्न जाति के व्यक्ति ने उनसे पूछा, "क्या मैं भी मोक्ष प्राप्त कर सकता हूं?" महावीर ने कहा, "मोक्ष जाति या वर्ण से नहीं, कर्म और ज्ञान से प्राप्त होता है।" यह विचार उस समय के सामाजिक ढांचे के खिलाफ क्रांतिकारी था। महावीर की अहिंसा का सिद्धांत प्रकृति और पर्यावरण तक विस्तृत था। जैन धर्म में पेड़-पौधों और सूक्ष्म जीवों की रक्षा का जोर उनकी शिक्षाओं से प्रेरित है। आज के जलवायु संकट के दौर में यह विचार अत्यंत प्रासंगिक है। वे कहते थे, "प्रकृति के साथ हिंसा स्वयं के साथ हिंसा है।" महावीर का जीवन शांति और करुणा का संदेश देता है। उन्होंने युद्ध और हिंसा का विरोध किया और लोगों को प्रेम और सहानुभूति के साथ जीने की प्रेरणा दी। उनकी यह शिक्षा विश्व शांति के लिए आज भी महत्वपूर्ण है। महावीर की 12 वर्षों की तपस्या उनके संकल्प और आत्म-नियंत्रण का प्रतीक है। वे नंगे पांव घूमे, कांटों पर चले, गर्मी और सर्दी सहन की, और कई बार भूखे-प्यासे रहे। एक कथा के अनुसार, एक बार एक चरवाहे ने उनके कानों में कील ठोक दी, लेकिन महावीर ने क्रोध या प्रतिशोध की भावना नहीं दिखाई। उनकी यह तपस्या हमें सिखाती है कि सच्ची शक्ति बाहरी परिस्थितियों को सहन करने में नहीं, बल्कि मन को वश में करने में है। आज के युग में, जहां हिंसा, लालच और असमानता अपने चरम पर हैं, महावीर की शिक्षाएं एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर सकती हैं। महावीर का संदेश व्यक्तिगत जीवन में संयम और नैतिकता लाता है। उनकी अपरिग्रह की शिक्षा हमें सादगी और संतोष सिखाती है, जो आज के भौतिकवादी समाज में दुर्लभ है। उदाहरण के लिए, यदि हम उनकी सलाह मानें और केवल आवश्यक वस्तुओं का उपयोग करें, तो हमारा जीवन अधिक शांतिपूर्ण और तनावमुक्त हो सकता है। उनके सिद्धांत सामाजिक न्याय और समानता की नींव रखते हैं।

**– संदीप सृजन**

# मीडिया, स्त्री और सनसनी



सूचना और संचार की इस तीव्र गति वाली दुनिया में मीडिया का प्रभाव जितना व्यापक हुआ है, उतना ही गहरा भी। आज किसी घटना की रिपोर्टिंग केवल सूचना देने तक सीमित नहीं है बल्कि वह एक नैरेटिव, एक छवि और कभी-कभी एक पूर्वग्रह को भी जन्म देती है। जब स्त्री से जुड़ी घटनाओं की बात आती है, खासकर तब जब वह विवादास्पद हों—जैसे धोखाधड़ी, झूठे आरोप, या ब्लैकमेलिंग—तो मीडिया का रुख कहीं अधिक सनसनीखेज और पक्षपाती हो जाता है। यह चिंता का विषय है कि हम कब से घटनाओं की रिपोर्टिंग करने की बजाय, पूरे वर्ग को कटघरे में खड़ा करने लगे हैं। स्त्री और संदिग्धताः नैरेटिव का निर्माण पिछले कुछ वर्षों में हमने कई ऐसी घटनाएं देखीं जहाँ महिलाओं पर पुरुषों को झूठे मामलों में फँसाने के आरोप लगे। कुछ मामलों में ये आरोप सही भी साबित हुए। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इन गिने-चुने मामलों के आधार पर "हर औरत भरोसे के लायक नहीं" जैसी सोच विकसित करना जायज है? क्या यह सही है कि मीडिया इन घटनाओं को इस तरह प्रस्तुत करे कि पूरा समाज स्त्रियों की नीयत पर शक करने लगे? वास्तव में यह सोच एक लंबे समय से पनप रही उस मानसिकता का हिस्सा है जो स्त्री को या तो देवी के रूप में पूजती है या खलनायिका के रूप में ठुकराती है—बीच का कोई स्थान नहीं। आप जब भी अखबार की सुर्खियाँ देखें या न्यूज़ चैनलों की हेडलाइन सुने, तो एक बात स्पष्ट नजर आती है—स्त्री से जुड़ी घटनाओं को ज्यादा उत्तेजक, भावनात्मक और आकर्षक तरीके से पेश किया जाता है। उदाहरण के लिए-"प्रेमिका निकली सौतन की हत्यारिन!" "महिला टीचर ने छात्र से बनाए शारीरिक संबंध!" "बीवी ने पति को प्रेमी संग मिलकर मरवाया!" ऐसी खबरें समाज में एक खास सोच को मजबूत करती हैं कि स्त्रियां कपटी, चालाक और अवसरवादी होती हैं। जबकि हकीकत यह है कि पुरुषों द्वारा किए गए अपराधों को इतनी सनसनी के साथ नहीं दिखाया जाता। वहाँ "मानसिक तनाव", "पारिवारिक दबाव" या "सामाजिक अस्वीकृति" जैसे कारण खोज लिए जाते हैं। मीडिया अक्सर स्त्री को या तो पूरी तरह पीड़िता के रूप में दिखाता है, या फिर पूरी तरह अपराधिनी के रूप में। लेकिन हकीकत इससे कहीं अधिक जटिल है। हर महिला जो धोखा देती है, वह स्वाभाविक रूप से 'बुरी' नहीं होती, और हर महिला जो पीड़ित है, वह स्वाभाविक रूप से 'पवित्र' नहीं होती। इंसानी व्यवहार कई सामाजिक, मानसिक और भावनात्मक कारकों से बनता है। जब मीडिया इन पहलुओं की उपेक्षा करके केवल एक सनसनीखेज चेहरा दिखाता है, तो वह सच्चाई को तोड़-मरोड़कर पेश करता है। हाल के वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए जिन्होंने इस विषय को और जटिल बना दिया। जैसेः फर्जी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर ब्लैकमेलिंग का मामला महिला द्वारा पति को फँसाकर तलाक और संपत्ति हथियाने की कोशिश। सोशल मीडिया पर 'फेमिनिज़्म' का इस्तेमाल करके जनभावनाओं का दोहन। इन घटनाओं का मीडिया में खूब प्रचार हुआ, लेकिन इनसे जुड़ी कानूनी प्रक्रिया, जांच के निष्कर्ष, या महिला के पक्ष की गहराई से पड़ताल शायद ही कभी दिखाई गई। यह बात मानना भी गलत होगा कि पुरुष वर्ग सदैव पीड़ित होता है। सैकड़ों-हजारों महिलाएं आज भी घरेलू हिंसा, बलात्कार, यौन उत्पीड़न और मानसिक शोषण की शिकार हैं। हर साल महिला सुरक्षा से जुड़े आंकड़े भयावह तस्वीर पेश करते हैं। ऐसे में यदि कुछ मामलों में महिलाएं दोषी पाई जाती हैं, तो उससे पूरे स्त्री वर्ग को कठघरे में खड़ा कर देना न केवल अन्याय है, बल्कि सामाजिक संतुलन के लिए भी खतरनाक है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा गया है लेकिन जब यह स्तंभ टीआरपी की दौड़ में नैतिकता भूल जाए, तो समाज की नींव डगमगाने लगती है। पत्रकारिता का काम सूचना देना है, विचार बनाना नहीं। लेकिन आज मीडिया अक्सर "मूड" बनाता है, "मत" गढ़ता है, और "फैसला" सुनाता है। यह प्रवृत्ति न्याय व्यवस्था से भी आगे निकलने का दावा करती है जिसे हम 'मीडिया ट्रायल' कहते हैं। जहाँ मुख्यधारा मीडिया की सीमाएं हैं, वहीं सोशल मीडिया ने तो हर किसी को जज बना दिया है। व्हाट्सएप फॉरवर्ड, ट्विटर ट्रेंड और इंस्टाग्राम रील्स—हर जगह स्त्री के चरित्र और नीयत पर सवाल उठाए जा रहे हैं। "हर औरत गोल्ड डिगर है", "औरतें सिर्फ फायदे के लिए प्यार करती हैं", जैसे जुमले सोशल मीडिया पर सामान्य हो चुके हैं। यह माहौल केवल स्त्रियों के लिए नहीं, बल्कि युवा पुरुषों के लिए भी हानिकारक है जो रिश्तों में भरोसे की जगह शक लेकर आते हैं। हमारे समाज की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि हम एक घटना से पूरे वर्ग के लिए निष्कर्ष निकाल लेते हैं। किसी महिला ने धोखा दिया, इसका अर्थ यह नहीं कि हर महिला अविश्वसनीय है। उसी तरह एक पुरुष बलात्कारी निकला तो हर पुरुष को संदेह की नजर से नहीं देखा जा सकता। हमें घटना और व्यक्ति को उनके सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ में देखने की आदत डालनी होगी। आज जब मीडिया समाज की सोच को तय कर रहा है, तब पत्रकारों, संपादकों और न्यूज़ रूम्स की जिम्मेदारी कहीं अधिक है। उन्हें यह तय करना होगा कि वे 'सच दिखा रहे हैं' या 'सच बेच रहे हैं'। साथ ही, हमें—दर्शकों, पाठकों और नागरिकों को—भी यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि हम हर खबर पर आँख मूँदकर विश्वास न करें। समाज तब ही संतुलित रहेगा जब हम स्त्री और पुरुष दोनों को इंसान समझें—गुणों, दोषों, भावनाओं और सीमाओं के साथ। मीडिया अगर इस संतुलन को नहीं समझेगा तो वह सूचना का वाहक नहीं बल्कि पूर्वग्रह का प्रसारक बन जाएगा।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# कर्ज के जाल में फंसती जा रही है आज की युवा पीढ़ी

पहले के जमाने में कर्ज लेना एक मजबूरी मानी जाती थी लेकिन आज के युवाओं के लिए कर्ज फैशन बन गया है। चाहे नया स्मार्टफोन हो, कार हो या ब्रांडेड कपड़े, हर चीज EMI (मासिक किस्तों) पर खरीदने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। देखने में ये स्कीमें आसान लगती हैं लेकिन यही "छोटी-छोटी किश्तें" युवाओं को धीरे-धीरे बड़े कर्ज के दलदल में धकेल रही हैं। भारत में 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं के बीच पर्सनल लोन लेने की संख्या तेजी से बढ़ रही है। करीब 65% पर्सनल लोन युवाओं द्वारा लिए जा रहे हैं। EMI पर मोबाइल फोन, लैपटॉप, बाइक, कार आदि खरीदने की प्रवृत्ति आम हो गई है। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी भी खूब बढ़ी है और जून 2024 तक क्रेडिट कार्ड पर बकाया रकम 2.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गई है। कंपनियाँ जानती हैं कि महँगी चीज़ को किश्तों में तोड़कर दिखाने से वह सस्ती लगती है। जैसे 50,000 रुपये का फोन मात्र 2,000 रुपये प्रतिमाह पर 25 महीने के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है। इससे ग्राहक को तुरंत लगता है कि यह महँगा फोन उसकी जेब में फिट है जबकि वास्तविकता में ग्राहक धीरे-धीरे उस वस्तु की कीमत से कहीं अधिक चुका रहा होता है। ये कंपनियाँ 'नो-कॉस्ट EMI', 'ज़ीरो डाउन पेमेंट' जैसी स्कीमों के जरिए युवाओं को आकर्षित करती हैं। इस बढ़ते कर्ज के पीछे सोशल मीडिया और सामाजिक दबाव बहुत बड़ी वजह हैं। युवाओं में सोशल मीडिया पर दिखावा करने की होड़ लग चुकी है। दोस्त की नई कार, महंगा फोन, ब्रांडेड कपड़े देखकर युवा खुद को पीछे महसूस करते हैं। इससे उनमें चिंता और तनाव बढ़ता है (सोशल एंग्जायटी) और वो कर्ज लेकर इन चीजों को खरीदने लगते हैं। युवाओं में तुरंत चीजें हासिल करने (Instant Gratification) की प्रवृत्ति भी तेजी से बढ़ी है जिससे वे बिना सोच-विचार किए EMI या क्रेडिट कार्ड पर खर्च करते हैं। छोटे-छोटे EMI धीरे-धीरे इतने बड़े बन जाते हैं कि युवाओं की मासिक आमदनी का बड़ा हिस्सा EMI में जाने लगता है। इससे उनकी बचत खत्म हो जाती है और वे इमरजेंसी में भी पैसा नहीं बचा पाते। एक छोटी-सी नौकरी छूटने या मेडिकल इमरजेंसी से उनकी वित्तीय स्थिति अचानक बिगड़ सकती है। क्रेडिट कार्ड पर ऊँची ब्याज दर (सालाना 30-48%) के कारण कर्ज तेजी से बढ़ता जाता है, जिससे युवा कर्ज के जाल में फँस जाते हैं। वित्तीय जानकारी (Financial Literacy)ः EMI के पीछे छुपी हुई ब्याज और असली कीमत समझें। बजट बनाएं और उसी हिसाब से खर्च करें. अपनी मासिक आमदनी के हिसाब से EMI चुनें जो आपकी कमाई का 30-40% से ज्यादा न हो। धैर्य रखें (Delayed Gratification)ः हर चीज तुरंत नहीं, कुछ चीजों के लिए बचत करना सीखें। सोशल मीडिया दबाव से बचेंः दिखावे के लिए कर्ज लेना छोड़ें।

**– डॉ. नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी**

आज का कार्टून




साभार

# पूर्वोत्तर भारत में यूनुस का ग्रेट गेम

विदेश नीति गत्यात्मक होती है। इसमें परिस्थियों के अनुरूप परिवर्तन होता रहता है। अगर विदेश नीति में स्थायित्व जैसा कुछ है तो वह है राष्ट्रीय हित। कब, कहाँ और कैसे नीतियों में परिवर्तन किया जाएगा, यह सुनिश्चित करना विदेश नीति का प्राथमिक कर्त्तव्य है। दक्षिण एशिया में जिस तरह का माहौल बना हुआ है, उस परिस्थिति में देश के विदेश नीति के नियन्ताओं को कुछ बड़ा करने के विषय में सोचना होगा। विगत तीन दशकों से चीन का हस्तक्षेप उपमहाद्वीप में तेजी से बढा है चाहे वह सी.पी.इ.सी. हो या फिर सी.एम.इ.सी. और अब बांग्लादेश के अन्तरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस की कार्ययोजना ने उसके ड्रीम प्रोजेक्ट 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल' के सपने को साकार करने के लिए बहुत हद तक मंच भी प्रदान कर दिया है। वास्तव में बांग्लादेश के अन्तरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने चार दिन की चीन यात्रा विगत 26 मार्च को शुरू की। इस यात्रा के दौरान 26 मार्च को उनके द्वारा दिए गए एक भाषण का सोशल मीडिया पर एक वीडियो उनकी चीन यात्रा की समाप्ति के बाद बड़ी तेजी से वायरल हुआ है। इस वायरल वीडियो में मोहम्मद यूनुस यह कहते नज़र आ रहे हैं कि पूर्वोत्तर भारत जमीन से घिरा एक ऐसा क्षेत्र है जहां पहुँचने के लिए कोई रास्ता नहीं है। इस पूरे क्षेत्र के समुद्र से जुड़ने का एक मात्र रास्ता बांग्लादेश से होकर आता है। वस्तुतः इस क्षेत्र के संरक्षक हम ही हैं। इस कारण यह क्षेत्र अपार संभावनाओं का रास्ता खोलता है। उक्त क्षेत्र चीनी विस्तार के लिए कारगर साबित हो सकता है। नेपाल और भूटान के पास प्रचुर मात्रा में हाइड्रोपॉवर है। हम इनका इस्तेमाल अपने असीमित फायदे के लिए कर सकते हैं। इस प्रकार मोहम्मद यूनुस ने चीन को बांग्लादेश को आर्थिक मंच के रूप में इस्तेमाल करने का निमंत्रण दिया और स्वयं को इस क्षेत्र (पूर्वोत्तर भारत) के लिए समुद्र का एक मात्र संरक्षक बताया। ढाका के माध्यम से चीन अपना आर्थिक आधार मजबूत कर सकता है क्योंकि यहाँ विनिर्माण, विपणन की संभावनाएं है। चीन चाहे तो अपने समान को यहाँ से बेचे या फिर अपने यहाँ से। वह इसे विश्व के अन्य क्षेत्रों तक विस्तारित कर सकता है। एक और तथ्य जिस पर ध्यान देने की जरूरत है यूनुस की इसी यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य एक समझौता और 8 समझौता ज्ञापन (एम. ओ. यू.) हुआ। इसमें तीस्ता नदी को लेकर 'कम्परहेन्सिव मैनेजमेंट एण्ड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट' पर भी सहमति बनी है। जिसका प्रतिकार भारत पहले से करता या रहा है, यदि इस प्रोजेक्ट से चीन का जुड़ाव होता है तो यह भारत के लिए स्त्रातजिक रूप से नुकसान पहुचाएगा क्योंकि इसके जरिए चीन की पहुँच सिलीगुड़ी गलियारे तक हो जाएगी। मोहम्मद यूनुस का पूर्वोत्तर भारत में चीन को मिलाकर इस प्रकार का 'ग्रेट गेम' खेलने के पीछे वास्तविक मकसद क्या है,यह अत्यन्त विचारणीय प्रश्न है। वास्तव में आज की तारीख में यूरोप और अमेरिका से उन्हें कोई मदद नही मिल रही है और यूनुस के समर्थन में वहाँ की सेना भी नही है। ऐसी परिस्थिति में यूनुस के पास अत्यन्त सीमित विकल्प हैं। यूनुस ने चीन की तरफ रूख कर एक तीर से दो निशाने लगाने का प्रयास किया है। पहला चीन को सामरिक तौर पर सिलीगुड़ी गलियारे के क़रीब लाने का दाव खेला है और दूसरी तरफ यदि भारत ऐसी परिस्थिति में हार्ड पॉवर का इस्तेमाल करता है तो बांग्लादेशी सेना और वहाँ की जनता का भी समर्थन प्राप्त करने में उन्हें मदद मिलेगी। वैश्विक स्तर पर बदलते भू-अर्थिकी को दृष्टिगत रखते हुए क्या ऐसा प्रतीत नही होता है कि भारत को भी इस क्षेत्र में कुछ आधारभूत परिवर्तन करने की जरूरत है? सम्प्रति अमेरिका, रूस और चीन विस्तारवाद के विषय में सोच रहे हैं और चीन तथा रूस इसे मूर्तता प्रदान करने के लिए आतुर भी हैं तो क्या भारत को भी अपनी भू-रणनीति के नजरिए से अपनी सुरक्षा के निमित्त प्रयास करने की आवश्यकता नही है? इसका जवाब बांग्लादेश की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखकर दिया जा सकता है, क्योंकि वह स्वयं भारत से तीन तरफ से घिरा है। वस्तुतः यूनुस के इस नापाक ग्रेट गेम को रोकने के लिए भारत के पास कई विकल्प मौजूद हैं, हालाँकि इनमें से कुछ विकल्पों को पूर्णता प्रदान करने के लिए स्ट्रेट फारवर्ड और बेहद आक्रामक विदेश नीति की जरूरत होगी अथवा यूं कहें कि हार्ड पावर की आवश्यकता होगी।

**-डॉ ब्रजेश कुमार मिश्र**

# तेजस्वी और मुकेश सहनी सहित तीन को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश

महानगर नेटवर्क

मुजफ्फरपुर



बिहार के मुजफ्फरपुर की अदालत ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मंत्री और वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी, और उनके भाई संतोष सहनी के खिलाफ नोटिस जारी किया है। मुजफ्फरपुर की एडीजे प्रथम की अदालत ने इन तीनों नेताओं के खिलाफ सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है और सभी को 6 मई 2025 को सुबह 10:30 बजे व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होने का आदेश दिया है। इस मामले की जानकारी भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने दी है। यह मामला भारतीय सार्थक पार्टी को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए चुनाव चिह्न 'नाव' के कथित दुरुपयोग से जुड़ा हुआ है।

भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने 18 अप्रैल 2024 को मुजफ्फरपुर की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में परिवाद दायर किया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि वीआईपी पार्टी के नेता मुकेश सहनी और संतोष सहनी ने भारतीय सार्थक पार्टी के चुनाव चिह्न 'नाव' का गलत तरीके से उपयोग किया। परिवाद के अनुसार, इन नेताओं ने चुनाव चिह्न को वापस करने का दबाव बनाया और इनकार करने पर भी लोकसभा चुनाव 2024 में इसे महागठबंधन के प्रचार में इस्तेमाल किया। आरोप है कि तेजस्वी यादव ने भी इस कथित फर्जीवाड़े में सहयोग किया और 'नाव' चिह्न को महागठबंधन के प्रचार-प्रसार में उपयोग किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने उक्त परिवाद को खारिज कर दिया था, जिसके बाद सुधीर कुमार ओझा ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में क्रिमिनल रिवीजन वाद दायर किया। इसे सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया गया है। याचिकाकर्ता सुधीर कुमार ओझा ने बताया कि चुनाव के दौरान इन नेताओं द्वारा चुनाव आयोग द्वारा उनकी पार्टी को दिए गए चुनाव चिह्न का गलत इस्तेमाल किया गया था।

# छपरा में बच्चे की मौत पर बवाल

- सड़क जाम हटाने गई पुलिस टीम पर पथराव
- दो राउंड फायरिंग

महानगर नेटवर्क

छपरा



सारण जिले के छपरा मेंम एक बच्चे की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर बवाल काटा। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सड़क जाम कर दिया और उत्पात मचाने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर पथराव किया गया जिसके जवाब में पुलिस की ओर से दो चक्र हवाई फायरिंग की खबर है। घटना अमनौर थाना इलाके के पकड़ी गांव की है। उपद्रवियों को खदेड़ने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल पर तनाव को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती की गयी है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को दस साल का बच्चा मनोज पढ़ने जा रहा था। रास्ते में जहरी पकड़ी गांव के निकट बेकाबू ट्रक ने उसे कुचल दिया। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। बच्चे की दर्दनाक मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया। ग्रामीण घटना के विरोध में सड़क पर उतर गए और आग जलाकर जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस को देखते ही और उग्र हो गयी और पथराव कर दिया। पुलिस वालों को पीछे हटना पड़ा। बचाव में पुलिस बलों की ओर से दो चक्र हवाई फायरिंग की गयी। जानकारी के मुताबिक हालात अभी सामान्य हैं लेकिन तनाव बरकरार है। पुलिस ने भीड़ को समझा बुझाकर शांत करवा लिया है।

# बिहार के आदित्य शेखर ने खोजी निमोनिया की नई दवा

## इंटरनेशनल जर्नल में हुआ प्रकाशन, जर्मनी से मिला सम्मान

महानगर नेटवर्क

मुजफ्फरपुर





मुजफ्फरपुर जिले के एक होनहार जीव विज्ञानी ने चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिससे न केवल जिले, बल्कि पूरे राज्य को गर्व महसूस हो रहा है। मुजफ्फरपुर शहर के निवासी डॉ. आदित्य शेखर वर्तमान में जर्मनी के प्रतिष्ठित हेल्महोल्ट्ज सेंटर फॉर इंफेक्शन रिसर्च में कार्यरत हैं। उन्होंने निमोनिया के इलाज के लिए एक नई दवा की खोज की है।

यह दवा दुनिया भर में हो रहे निमोनिया के मामलों, खासकर स्टैफिलोकोकस ऑरियस बैक्टीरिया से होने वाले जानलेवा फेफड़ों के संक्रमण से राहत दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। डॉ. आदित्य और उनकी टीम द्वारा विकसित की गई यह नई दवा पारंपरिक एंटीबायोटिक्स की तरह बैक्टीरिया को खत्म नहीं करती, बल्कि इस बैक्टीरिया द्वारा उत्पन्न किए जाने वाले एक प्रमुख टॉक्सिन को निष्क्रिय कर देती है।

यही टॉक्सिन फेफड़े की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है और रोग की गंभीरता बढ़ाता है। नई दवा इस जहर को बेअसर कर देती है, जिससे बैक्टीरिया की रोगजनक क्षमता खत्म हो जाती है। इससे रोगी के शरीर को बीमारी से लड़ने का समय और अवसर मिल जाता है।

इस दवा को लेकर पहले चूहों पर परीक्षण किया गया, जिसमें यह बेहद कारगर साबित हुई। जानलेवा संक्रमण से ग्रस्त चूहों को इस दवा की मदद से न सिर्फ मौत के मुंह से बचाया गया, बल्कि वे स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट आए।

अब टीम क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी में जुट गई है, ताकि जल्द ही यह दवा आम लोगों की पहुंच में लाई जा सके। डॉ. आदित्य बीते आठ वर्षों से लगातार रिसर्च में जुटे हुए थे।

# खगड़िया में अनियंत्रित बस की ट्रक से टक्कर

## तीन यात्रियों की मौत



महानगर नेटवर्क

खगड़िया

खगड़िया के बेलदौर थाना क्षेत्र के बेलानौवाद एनएच 107 पर बस और ट्रक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बस के कंडक्टर और दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करीब 10 लोग घायल हो गए। घटना के बाद एक मृतक की पहचान की गई है। जिसका नाम सुशील सिंह बताया जा रहा, जो सहरसा जिले के धबौली गांव का निवासी थे। जबकि दो अन्य मृतकों की पहचान पुलिस द्वारा अभी नहीं बताई गई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के कारण दोनों आमने-सामने से टकरा गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल पर जमा हो गए। इनके द्वारा बस व ट्रक के अंदर से लोगों को निकाला गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। जहां पुलिस ने पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेजा है। जबकि इस घटना में करीब एक दर्जन अन्य बस सवार लोग गंभीर रुप से घायल हुए हैं। बस सहरसा से भागलपुर के लिए जा रही थी।

घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण चालक ने गाड़ी पर से अपना नियंत्रण खो दिया। इस कारण यह हादसा हुआ है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करे। इधर, बेलदौर पुलिस ने बताया कि घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

## शादी का झांसा दे 14 साल की किशोरी को किया प्रेग्नेंट

# 35 वर्षीय युवक को कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

महानगर नेटवर्क

अररिया



बिहार के अररिया में शादी का प्रलोभन देकर 14 वर्षीया किशोरी का यौन शोषण कर गर्भवती बनाने के मामले में एडीजे-06 सह पॉक्सो एक्ट के स्पेशल जज अजय कुमार ने आरोपी युवक को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सज़ा सुनाई है। आजीवन कारावास के अलावा आरोपी युवक को 50 हज़ार रुपया जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर युवक को तीन माह की अतिरिक्त कारावास की सज़ा भुगतनी होगी। मामले को पंचायत में दबाने की कोशिश की गयी। इसके अलावा कोर्ट ने पीड़िता को पांच लाख रुपये देने का आदेश जारी किया गया है। अगर पीड़िता को पूर्व में विक्टिम कम्पन्सेशन फण्ड के तहत डीएलएसए के जरिये कोई राशि प्रदान की गई होगी तो इस आदेश में वह राशि समायोजित की जायेगी। सरकार की ओर से पॉक्सो एक्ट के स्पेशल पीपी डॉ श्याम लाल यादव अधिवक्ता ने बताया कि महिला थाना में दर्ज एक मामले में यह सुनवाई की गई। पुलिस की चार्जशीट और गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट का फैसला आया। दर्ज कांड के मुताबिक किशोरी के साथ 35 वर्षीय युवक प्रमोद कुमार मंडल शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करता रहा। बार बार सेक्स किए जाने से पीड़िता गर्भवती हो गई। इसके बाद आरोपी आश्वाशन देता रहा। परन्तु जब पीड़िता 05-06 माह की गर्भवती हो गई तो शादी करने से इनकार कर दिया। इस मामले को दबाने का भी प्रयास किया गया। पीड़िता के परिजनों ने पंचायत कराई।

# दरभंगा में जहरीली शराब से मौत?

## मृतक की पत्नी बोली- पीने से बिगड़ी थी तबीयत

महानगर नेटवर्क

दरभंगा



बिहार में फिर जहरीली शराब के कहर का समचार है। दरभंगा में एक बुजुर्ग की मौत का कारण जहरीली शराब का सेवन बताया जा रहा है। जिले के कमतौल थाना क्षेत्र के लवकी पोखर मधुपुर गांव निवासी गांगो दास की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। आशंका है कि गांगो की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक के परिजनों के अनुसार, अचानक तबीयत बिगड़ने पर पहले गांव में इलाज कराया गया लेकिन सुधार नहीं होने पर बीते छह अप्रैल को डीएमसीएच में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी अनिता देवी ने डीएमसीएच में बताया कि मेरे पति ने छह अप्रैल को शराब पी थी। थोड़ी देर बाद उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। पहले गांव में इलाज कराया गया। तबीयत में सुधार नहीं होता देख उन्हें डीएमसीएच में भर्ती कराया गया, मंगलवार को उनकी मौत हो गई।

## चोरी करते हुए 12 साल के लड़के ने देखा

# चोर ने उसी के कपड़े से गला घोंट मार डाला



**पश्चिम चंपारण** । बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में एक नाबालिग की चोर ने बेरहमी से हत्या कर दी। नरकटियागंज में मोटर चोरी करते देख लेने पर नाबालिग की उसी के कपड़े से गला घोंटकर आरोपी चोर ने हत्या कर दी। घटना नगर के चीनी मिल हजारी के समीप की है। नाबालिग की पहचान सत्यम कुमार (12) के रूप में हुई है। वह मंझरिया गांव निवासी वीरेंद्र चौधरी का पुत्र था। सूचना पर पहुंची शिकारपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि पिता की निशानदेही पर गांव के ही प्रदीप कुमार चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नाबालिग के पिता एक खेत की रखवाली कर रहे थे। नाबालिग भी उनके साथ था। इसी बीच उसके पिता किसी काम से घर चले गए।

# डॉक्टर को शोकॉज, नर्स होगी डिसमिस

## जिंदा बच्चे को मरा बताने पर मंगल पांडे का विभाग एक्शन में

महानगर नेटवर्क

पटना



बिहार सरकार राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवा का दावा करती है। नीतीश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे कार्यक्रमों में डाटा पेश कर स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी की बात करते नहीं थकते। लेकिन हैरान करने वाली लापरवाहियों की खबरें आती रहती हैं। ताजा मामला पश्चिम चंपारण से है जहां एक जीवित बच्चे को मृत बता दिया गया। लौरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जन्म लिए जीवित नवजात को मृत बताने के मामले की जांच में ड्यूटी पर तैनात आयुष चिकित्सक डॉ. अफरोज आलम तथा जीएनएम राधिका कुमारी फंस गयी है। सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार ने बताया कि लौरिया सीएचसी में कार्यरत आयुष चिकित्सक अफरोज आलम पर कार्रवाई के लिए डीएम दिनेश कुमार राय को पत्र भेजा गया है। सिविल सर्जन ने कहा है कि दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं जीएनएम राधिका कुमारी को निलंबन व चयनमुक्त करने के लिए निदेशक प्रमुख नर्सिंग को पत्र भेजा गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार भी उस दिन बगैर छुट्टी गायब थे। उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई है। मामला यह है कि बगहा एक के बसवरिया निवासी शिव बैठा उर्फ बहादुर बैठा की पत्नी ज्योति कुमारी को सीएचसी में डिलेवरी के लिए लाया गया था। 24 मार्च को बेटे का जन्म हुआ। नवजात शिशु में हलचल न देखकर जीएनएम व आयुष चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया था। अखबार में खबर प्रकाशित होने पर सिविल सर्जन ने अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रमेश चन्द्रा, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. मुर्तूजा अंसारी तथा जिला स्वास्थ्य समिति के चिकित्सक डॉ. आरस मुन्ना की टीम को जांच के लिए भेजा था। टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है।

# जीतनराम की रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या

महानगर नेटवर्क

गया

गया जिले बड़ी खबर सामने आ रही है। केंद्रीय मंत्री और हम के संरक्षक जीतनराम मांझी की रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतका की पहचान सुषमा के तौर पर हुई है। जो विकास मित्र थी। हत्या का आरोप उसी के पति पर है। घरेलू विवाद में आरोपी पति पर गोली मारने का आरोप है।



घटना अतरी इलाके की है, वहीं पुलिस को दी गई जानकारी में मृतिका के बेटे ने बताया कि बुधवार सुबह पापा ने मम्मी को गोली मार दी थी। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतिका केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की दूर की रिश्तेदार बताई जा रही है।

**व्यापार**

## आरबीआई ने की लगातार दूसरी बार रेपो रेट में कटौती

# घर खरीदारों और डेवलपर्स को मिली राहत की उम्मीद

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली







आर्थिक गति को फिर से पटरी पर लाने के लिए समर्थन का संकेत देते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 9 अप्रैल को रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की, जिससे यह दर घटकर 6% हो गई है। यह फरवरी में की गई समान 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती के बाद लगातार दूसरी बार है जब केंद्रीय बैंक ने दरों में कमी की है। रेपो रेट में लगातार दो बार की गई कटौती से रियल एस्टेट सेक्टर, विशेष रूप से आवासीय खंड में, सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद की जा रही है। खासकर पहली बार घर खरीदने वालों के लिए यह कदम किफायती घर खरीदने की संभावनाओं को बढ़ाता है - बशर्ते कि ऋण देने वाले संस्थान इस लाभ को होम लोन पर ब्याज दरों में कमी करके उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। डेवलपर्स को भी इस कदम से राहत मिलने की संभावना है। निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए फंडिंग एक चुनौती बनी हुई है, और ब्याज दरों में गिरावट से वित्तीय दबाव कम हो सकता है और परियोजनाओं की समय पर डिलीवरी को बल मिल सकता है। हालांकि रियल एस्टेट क्षेत्र ने इस कदम का सतर्कतापूर्वक स्वागत किया है, विशेषज्ञों का कहना है कि इस फैसले का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब इसका प्रभाव जल्दी और प्रभावी रूप से ग्राहकों तक पहुंचे और नीति समर्थन लगातार मिलता रहे। श्री प्रशांत शर्मा, अध्यक्ष, नरेडको महाराष्ट्र ने कहा कि रेपो रेट को 25 बेसिस प्वाइंट घटाकर 6% करने का आरबीआई का फैसला भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक स्वागत योग्य और समयानुकूल कदम है। ऐसे समय में जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और शुल्क से जुड़ी चिंताएं बढ़ रही हैं, मौद्रिक नीति समिति (MPC) का यह उदार रुख उपभोग और निवेश चक्र को फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक उत्प्रेरक का कार्य करेगा। श्री निशांत देशमुख, संस्थापक और मैनेजिंग पार्टनर, सुगी ग्रुप ने कहा कि आरबीआई की हालिया रेपो रेट कटौती विकास और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक सक्रिय रुख का संकेत है, खासकर रियल एस्टेट क्षेत्र में। कम ब्याज दरों से घरों की किफायती क्षमता में सुधार होगा, जिससे संभावित खरीदारों को घर खरीदने का निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

# गोल्ड लोन देने वाली कंपनियों के शेयरों में आई जान

**नई दिल्ली।** गोल्ड लोन देने वाली कंपनियों के शेयरों में फिर जान आ गई है। करीब 10 पर्सेंट तक टूटने के बाद थोड़ी रिकवरी तब आई है जब, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि नए दिशानिर्देशों का लक्ष्य ₹सख्ती₹ नहीं, बल्कि पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नियमों का स्वरूप ₹विनियमित संस्थाओं की जोखिम वहन क्षमता₹ के अनुरूप होगा। आरबीआई ने सोने के गहनों को गिरवी रखकर लोन (गोल्ड लोन) देने वाले संस्थानों (बैंक, एनबीएफसी आदि) के लिए दिशानिर्देश जारी करने की घोषणा की तो मुथूट फाइनेंस के शेयर सुबह सवा 11 बजे के करीब 10% गिरकर 2,063 पर पहुंच गए। वहीं, आईआईएफल फाइनेंस के शेयर 6.66% गिरकर 311.25 पर आ गए। मण्णापुरम फाइनेंस के शेयर भी करीब 3% टूटकर 222.33 पर आ गए थे। दोपहर पौने दो बजे के करीब मुथूट फाइनेंस के शेयर करीब 5.5% गिरकर 167 पर ट्रेड कर रहे थे। वहीं, आईआईएफल फाइनेंस के शेयर 2.50% गिरकर 325.25 पर थे। मण्णापुरम फाइनेंस के शेयर भी करीब 1.86% टूटकर 225 पर कारोबार कर रहे थे।

# आज बंद रहेगा शेयर बाजार, नहीं होगी ट्रेडिंग



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में लगातार दूसरी बार कटौती करने और मॉनेटरी पॉलिसी का रुख 'तटस्थ' से 'समर्थनात्मक' करने के बावजूद ग्लोबल लेवल पर ट्रेड वॉर गहराने से घबराए निवेशकों की आईटी, रियल्टी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत 18 समूहों में हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 379.93 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 73,847.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 136.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत लुढ़ककर 22399.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले कल मंगलवार को बाजार 1500 अंक तक चढ़ गया था लेकिन सोमवार को करीबन 4000 अंक तक टूट गया था। इस बीच कल गुरुवार, 10 अप्रैल को बाजार बंद रहेगा, इस दिन किसी प्रकार की कोई ट्रेडिंग नहीं होगी।

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के कारण मंदी के डर से भारतीय शेयर बाजार में अधिक उतार-चढ़ाव के बीच कुछ बाजार निवेशक और अनुयायी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि क्या दलाल स्ट्रीट गुरुवार को फिर से खुलेगी। यह भ्रम इसलिए है क्योंकि महावीर जयंती 2025 की तारीख 10 अप्रैल 2025 को है, यानी कल। BSE के मुताबिक, अप्रैल 2025 में तीन स्टॉक मार्केट हॉलिडे पड़ रहा है। इनमें श्री महावीर जयंती के लिए 10 अप्रैल 2025, डॉ बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के लिए 14 अप्रैल 2025 और गुड फ्राइडे के लिए 18 अप्रैल 2025 हैं। इसका मतलब है कि भारतीय शेयर बाजार 10 अप्रैल 2025 को बंद रहेगा।

# हीरो मोटोकॉर्प का वित्त वर्ष 2024-25 में दमदार प्रदर्शन

## रिटेल और थोक बिक्री में बनाई बढ़त

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने वित्त वर्ष 2024-25 का शानदार समापन किया है। कंपनी ने रिटेल और थोक दोनों क्षेत्रों में टू-व्हीलर इंडस्ट्री में अपना नेतृत्व और भी सुदृढ़ करते हुए बाज़ार में अग्रणी स्थिति बरकरार रखी है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (FADA) के रिटेल आंकड़ों के अनुसार, हीरो मोटोकॉर्प ने लगातार 24वें वर्ष अपनी बाजार अग्रणी स्थिति बनाए रखी, और वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 54,45,251 यूनिट्स की खुदरा बिक्री दर्ज की। मार्च 2025 में भी कंपनी ने 4,35,828 यूनिट्स की रिटेल बिक्री के साथ शीर्ष स्थान कायम रखा। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) श्रेणी में, कंपनी ने VIDA V2 के 48,674 यूनिट्स की रिटेल बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की 17,720 यूनिट्स की तुलना में 174% की वार्षिक वृद्धि दर्शाती है। खासतौर पर मार्च 2025 में VIDA V2 की 7,982 यूनिट्स की खुदरा बिक्री हुई, जो मार्च 2024 में बेची गई 4,085 यूनिट्स की तुलना में 95% अधिक है।खुदरा के साथ-साथ थोक खंड में भी हीरो मोटोकॉर्प ने वित्त वर्ष 25 में कुल 58,99,187 यूनिट्स (5.9 मिलियन) की बिक्री दर्ज की, जिससे इसकी मार्केट लीडरशिप और भी मजबूत हुई।मार्च 2025 में कंपनी ने 5,94,604 यूनिट्स का डिस्पैच किया, जो साल-दर-साल आधार पर 12% की वृद्धि दर्शाता है।

# वित्त वर्ष 2024 में लैंक्सेस की कमाई में जबर्दस्त वृद्धि

**मुंबई।** दुनिया भर में चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद लैंक्सेस ने वित्त वर्ष 2024 में अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। इस अवधि में कंपनी का एबिटा (प्रि-एक्सेप्शनल्स) 19.9% की वृद्धि के साथ 614 मिलियन यूरो पर पहुँच गया, जो पिछले वर्ष 512 मिलियन यूरो था। कंपनी ने 20 जनवरी, 2025 को जारी अपने प्रारंभिक आँकड़ों की पुष्टि की है। कमाई में इस बढ़त का प्रमुख कारण उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग और ₹फॉरवर्ड!₹कार्य योजना के चलते लागत में आई उल्लेखनीय कमी रही। हालाँकि लगभग सभी व्यावसायिक इकाइयों ने बिक्री मात्रा में बढ़त दर्ज की, लेकिन समूह की कुल बिक्री 5.2% घटकर 6.366 बिलियन यूरो रही, जो पिछले वर्ष 6.714 बिलियन यूरो थी। यह गिरावट मुख्यतः कच्चे माल और ऊर्जा की लागत में कमी के कारण बिक्री कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई। एबिटा मार्जिन भी सुधरकर पिछले वर्ष के 7.6% से बढ़कर 9.6% हो गया। लैंक्सेस एजी के चेयरमैन, मैथियास जैशर्ट ने कहा, "हमने आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद अपने संसाधनों के बल पर मुनाफे में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है।

# टेक्नोसर्व और द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने MoU पर किए हस्ताक्षर

महानगर नेटवर्क

मुंबई



द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया भारत में खाद्य तेल उद्योग से जुड़े विभिन्न भागीदारों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक प्रमुख संस्था है, जिसने आर्थिक विकास के लिए काम करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन, टेक्नोसर्व के साथ हाल ही में भारत में खाद्य तेलों की पौष्टिकता बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाले और पौष्टिकता से भरपूर खाद्य तेल उपलब्ध कराने के लिए यह साझेदारी की गई है, जो भारत सरकार द्वारा देश के लिए तय की गई प्राथमिकताओं के साथ-साथ भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के खाद्य तेलों की पौष्टिकता बढ़ाने के स्वैच्छिक मानकों के अनुरूप है। इस मौके पर मिलर्स फ़ॉर न्यूट्रिशन के ग्लोबल प्रोग्राम डायरेक्टर, रिज़वान यूसुफ़ली ने कहा कि हमें 'द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के साथ साझेदारी करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जिसके ज़रिये हम खाद्य तेल उत्पादकों को इसे ज़्यादा पौष्टिक बनाने में सबसे बेहतर सहायता उपलब्ध कराएंगे। द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा कि टेक्नोसर्व के साथ इस साझेदारी से भारत में ज़्यादा पौष्टिक और बेहतर गुणवत्ता वाले खाद्य तेलों का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए SEA के संकल्प को और मजबूती मिली है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# ‘नवकार महामंत्र दिवस’ पर नंगे पांव पहुंचे PM मोदी

## 108 देश के लोगों ने किया जाप



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ‘नवकार महामंत्र दिवस’ पर आयोजित ‘नवकार महामंत्र’ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिना जूते के पहुंचे। इसके अलावा उन्होंने मंच पर नहीं, बल्कि आम लोगों के साथ बैठकर कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक धोती और कुर्ता धारण किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने भारत की पहचान स्थापित करने में अमूल्य भूमिका निभाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके मूल्य आतंकवाद, युद्ध और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों से पार पाने में मददगार हैं। पीएम मोदी ने ‘नवकार महामंत्र दिवस’ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार इस प्राचीन धर्म की विरासत और शिक्षाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तीर्थंकरों की शिक्षाओं और मूर्तियों के जरिए इस धर्म का प्रभाव संसद भवन पर दिखाई देता है। नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो जैन धर्म में सबसे अधिक पवित्र है। इस नवकार महामंत्र के सामूहिक जप के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान 108 से अधिक देशों के लोग शांति और एकजुटता के लिए वैश्विक जप में शामिल हुए। अनेकांतवाद के सिद्धांत का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया को इसकी बहुत जरूरत है, क्योंकि इसके तहत विभिन्न दृष्टिकोणों की सराहना की जाती है। अनेकांतवाद जैन धर्म में गैर-निरपेक्षता को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख सिद्धांत है। इसके तहत यह माना जाता है कि अंतिम सत्य को अलग-अलग तरीके से देखा जा सकता है।

# तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश में 1332 करोड़ का रेल प्रोजेक्ट मंजूर

## 14 लाख लोगों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी, कैबिनेट बैठक में फैसला



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग में बुधवार को कई अहम प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति से कटपडी तक 104 किमी की सिंगल रेलवे लाइन को डबल लाइन में बदला जाएगा। इसमें करीब 1332 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इससे आंध्र प्रदेश के तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर तक कनेक्टिविटी बढ़ने के साथ ही अन्य प्रमुख स्थलों जैसे श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर, चंद्रगिरी किला आदि तक भी रेल कनेक्टिविटी हो सकेगी। यह मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट से करीब 400 गांवों और करीब 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

### PMKSY के तहत 1600 करोड़ की सबस्कीम मंजूर

इसके अलावा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सिंचाई सुविधाओं को अपग्रेड करने के लिए एक सबस्कीम को मंजूरी दी है। इसके तहत कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेटमेंट को अपग्रेड करने के लिए 1600 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। इस योजना से किसी क्लस्टर में मौजूदा नहरों या पानी के अन्य स्रोतों से सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति की जा सकेगी। इसमें पानी के सोर्स से एक हेक्टेयर तक के खेत तक अंडरग्राउंट पाइप लाइन के जरिए प्रेशराइज्ड वाटर सप्लाई होगी। इससे माइक्रो एरिगेशन (सूक्ष्म सिंचाई) के लिए एक मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि अभी देश के अलग-अलग हिस्सों में पायलट प्रोजेक्ट के लिए योजना को मंजूरी मिली है।

गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन

# राहुल बोले- वक्फ बिल संविधान पर हमला

## इसके बाद RSS क्रिश्चियंस पर आक्रमण करेगी



महानगर नेटवर्क

अहमदाबाद

राहुल ने कहा कि संस्थाओं पर आक्रमण हो रहा है। अडानी-अंबानी को देश का पूरा धन दिया जा रहा है। गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिवसीय 84वें अधिवेशन का समापन हो गया। अधिवेशन में राहुल गांधी बोले- कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। RSS के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए।

बांग्लादेश भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती।

इससे पहले मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक चार घंटे चली। आज दूसरे दिन साबरमती रिवरफ्रंट पर मुख्य अधिवेशन हो रहा है, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल मौजूद हैं, लेकिन प्रियंका गांधी नहीं पहुंची।

**चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं**

खड़गे ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे उन्हें फायदा हो और विपक्ष को नुकसान। उनका सुझाव है कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव भी धोखे से जीता। महाराष्ट्र में 150 सीटों पर लड़कर 138 पर जीत हासिल की गई, जो 90 प्रतिशत जीत है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा। खड़गे ने आगे कहा- सब कुछ पता लगा लिया जाएगा, क्योंकि चोर चोरी करता है और आज नहीं तो कल पकड़ा जाएगा।

**नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं**

अधिवेशन के दूसरे दिन की शुरुआत झंडावंदन के साथ हुई। इसके बाद पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी एक-एक करके सार्वजनिक क्षेत्र को बेचकर अपने दोस्तों को दे रहे हैं और देश को बेचकर चले जाएंगे। उनका मानना है कि जवाहरलाल नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं, जबकि सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचा रही है।

# भारत से यूरोप तक बनेगा सीधा रास्ता

- गलियारे में सऊदी अरब समेत ये देश
- रफ्तार देने जा रहे PM मोदी



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी अप्रैल के तीसरे सप्ताह में सऊदी अरब जा सकते हैं। अभी तारीखों पर अंतिम फैसला होना बाकी है, लेकिन उनका दौरा करीब-करीब तय हो गया है। दो दिनों का उनका यह दौरा होगा, जिसमें वह सऊदी अरब के नेताओं के साथ कारोबार, निवेश, ऊर्जा और रक्षा संबंधों को लेकर बात करेंगे। इसके अलावा एक बड़ा एजेंडा IMEC यानी इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर भी होगा। इस पर जी-20 समिट के दौरान सहमति बनी थी और अब इस प्रोजेक्ट पर तेजी लाने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब के नेताओं से बात होगी। भारत से यूरोप तक बनने वाले रास्ते में सऊदी अरब भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो दुनिया का सबसे ताकतवर इस्लामिक मुल्क है। चार सालों के अंतराल के बाद पीएम नरेंद्र मोदी सऊदी अरब पहुंचने वाले हैं।

दिल्ली में 2023 में जी-20 समिट का आयोजन हुआ था। इसी दौरान IMEC को लेकर सहमति बनी थी। यह कॉरिडोर भारत के लिए भू-राजनीतिक और आर्थिक तौर पर बेहद अहम है। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत से मिडल ईस्ट होते हुए यूरोप तक जो गलियारा जाएगा, उसमें रेल, रोड नेटवर्क शामिल होगा। इसके अलावा सड़क परिवहन भी शामिल रहेगा। पहले चरण में यह भारत से मध्य पूर्व तक होगा। इसके अलावा दूसरा हिस्सा मध्य पूर्व से यूरोप के बीच होगा। पहले पार्ट को पूर्वी कॉरिडोर कहा गया है, जो भारत के मुंबई से होते हुए मिडल ईस्ट तक जाएगा। फिर मिडल ईस्ट से सऊदी अरब तक के रास्ते को नॉदर्न कॉरिडोर कहा जाएगा। IMEC कॉरिडोर में इलेक्ट्रिसिटी केबल, हाइड्रोजन पाइप लाइन और हाईस्पीड डेटा केबल भी शामिल होंगे।

# विज्ञान और मीडिया में अंतर को करना होगा दूर

## REACH ने गैर-संचारी रोगों पर किया गोलमेज चर्चा का आयोजन

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली/मुंबई




सामुदायिक स्वास्थ्य हेतु शिक्षा एवं हिमायत के लिए काम करने वाले संसाधन समूह REACH ने आज मुंबई में पत्रकारों के लिए गैर-संचारी रोगों (नॉन-कम्यूनिकेबल डिसिसीज़-एनसीडी) पर एक प्रभावशाली गोलमेज चर्चा का आयोजन किया, जिसमें भारत में एनसीडी के बढ़ते बोझ के विषय पर बात करने के लिए प्रमुख स्वास्थ्य चिकित्सकों, मीडिया और पेशेंट ऐडवोकेट्स को एक मंच पर लाया गया। इस कार्यक्रम में एनसीडी की रोकथाम, देखभाल और नीतिगत जवाबदेही के मुद्दों पर चर्चा को नया रूप देने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत REACH की उपनिदेशक सुश्री अनुपमा श्रीनिवासन के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें व्यक्तिगत अनुभवों, चिकित्सा अंतर्दृष्टि और मीडिया द्वारा जिम्मेदारी के साथ कहानी कहने की भूमिका को जोड़ने वाली चर्चाओं की एक शक्तिशाली श्रृंखला के लिए मंच तैयार किया गया। डॉ. सुकृति चौहान द्वारा संचालित पहले सत्र में ''एनसीडी परिदृश्य- एक चिकित्सक का दृष्टिकोण''पर गहनचर्चा की गई। पैनलिस्टों में शामिल थेः भारतीय कैंसर सोसायटी में चिकित्सा मामलों की उपमहानिदेशक डॉ.वंदना धामनकर, वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और DIWAS की संस्थापक डॉ. उषा श्रीराम और सुप्रीम अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया अरवारी। इस चर्चा में विशेष रूप से महिलाओं और वंचित समुदायों के बीच शीघ्र डायग्नोस्टिक व उपचार में प्रणालीगत अंतर पर प्रकाश डाला गया। जेंडर-रिस्पॉंसिव हैल्थकेयर फ्रेमवर्क पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत पर रोशनी डालते हुए डॉ. उषा श्रीराम ने कहा कि स्वास्थ्य परिणामों में महिलाओं और लिंग भेद पर केंद्रित शोध में निवेश करने की तत्काल आवश्यकता है, ताकि हम व्यक्तिगत चिकित्सा की ओर बढ़ सकें। मीडिया रिपोर्टिंग को जेंडर-रिस्पॉंसिव फ्रेमवर्क का उपयोग करके निवारक संदेशों को बढ़ावा देना चाहिए।'' किशोरवय में जल्द जागरुकता के महत्व पर चर्चा करते हुए डॉ. सुप्रिया अरवारी ने कहा कि वयस्कता में डायग्नोस किए जाने वाले लगभग 70 प्रतिशत गैर-संचारी रोगों का कारण किशोरावस्था के दौरान बनी जीवनशैली की आदतें हैं, फिर भी स्वास्थ्य रिपोर्टिंग में शायद ही कभी इस पर प्रकाश डाला जाता है। किशोर स्वास्थ्य के बारे में जागरुकता बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है, और युवाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचने और उन्हें जोड़ने के लिए सोशल मीडिया को एक शक्तिशाली टूल के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए। जागरुकता बढ़ाने के लिए चिकित्सीय पेशेवरों और मीडिया के मध्य ज्यादा सहयोग पर बल देते हुए डॉ वंदना धामनकर ने कहा कि कैंसर का नाम ही लोगों में भय उत्पन्न कर देता है और अक्सर इसे मौत का फरमान मान लिया जाता है।

इंडियन कैंसर सोसाइटी में समुदायों के साथ काम करने के अपने अनुभव से हमने यह समझा है कि हमें अपने संदेशों को सरल बनाना होगा और जो भी मीडिया चैनल उपलब्ध हैं उनका लाभ लेते हुए बीमारी से उबरे लोगों और उनके जिए हुए अनुभवों को प्रकाश में लाना होगा, जो बाकियों को उम्मीद दे सकें, और जिससे स्क्रीनिंग व इलाज के परिणाम बेहतर हो सकें।

# विजय माल्या को बड़ा झटका



## ब्रिटेन में भारतीय बैंकों ने भगोड़े कारोबारी के खिलाफ जीता यह केस

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भगोड़े कारोबारी विजय माल्या को ब्रिटेन में बड़ा झटका लगा है। भारतीय बैंकों के एक समूह ने माल्या के खिलाफ ब्रिटेन में दिवालियापन के आदेश को बरकरार रखने के लिए अदालती अपील का केस जीत लिया है। बैंकों के समूह का नेतृत्व भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) कर रहा है। भारतीय बैंकों ने ब्रिटेन की अदालत में माल्या को दिवालिया घोषित करने के लिए याचिका दायर की थी, ताकि वे उनकी ब्रिटेन स्थित संपत्तियों से अपने बकाए कर्ज की वसूली कर सकें। माल्या ने इस दिवालियापन आदेश के खिलाफ अपील की थी। अब ब्रिटेन की अदालत ने भारतीय बैंकों के पक्ष में फैसला लिया है। इससे माल्या के खिलाफ दिवालियापन का आदेश बरकरार रहेगा।

भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व में भारतीय बैंकों के कंसोर्टियम ने बुधवार को लंदन में विजय माल्या के खिलाफ दिवालियापन आदेश को बरकरार रखने के लिए अपनी अदालती अपील जीत ली। यह अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस से बकाया कर्ज की अदायगी की मांग करने वाली लंबी कानूनी लड़ाई से जुड़ी है।

# चंद्रचूड़ ने जजों की संपत्ति की घोषणा का किया समर्थन

## पूर्व CJI बोले- लेकिन ध्यान रहे कि...



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (CJI) डीवाई चंद्रचूड़ ने न्यायाधीशों की संपत्ति की घोषणा का समर्थन किया है। हालांकि उन्होंने नसीहत भी दी है। इसके साथ ही उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी की भी पैरवी की है। न्यूज-18 द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी पर भी अपना पक्ष रखा है। चंद्रचूड़ ने कहा कि स्वतंत्र अभिव्यक्ति भारतीय लोकतंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और यह कभी भी सौदेबाजी का मुद्दा नहीं होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत में एक मजबूत कानून है जो अश्लीलता, मानहानि, और धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाने जैसी समस्याओं से निपटता है। इस दौरान उन्होंने जजों के संपत्ति ब्योरे के सार्वजनिक होने को लेकर भी अपने विचार साझा किए। चंद्रचूड़ ने कहा कि सभी न्यायाधीश भारतीय नागरिकों की तरह होते हैं। यह प्रश्न कि क्या इसे वेबसाइट पर डाला जाना चाहिए या नहीं, यह न्यायाधीशों पर निर्भर होना चाहिए। मैं संपत्ति की घोषणा का पूरी तरह समर्थन करता हूं, लेकिन हमें पारदर्शिता के नाम पर कुछ ऐसा नहीं करना चाहिए जो वास्तव में सक्षम व्यक्तियों को न्यायपालिका में प्रवेश करने से रोक दे। चंद्रचूड़ ने महिला न्यायाधीशों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की बात करते हुए कहा कि “महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना सिर्फ कानूनी पेशे का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसका एक व्यापक सामाजिक संदर्भ भी है।

# दिल्ली दंगा मामले में कपिल मिश्रा को बड़ी राहत

## अगली सुनवाई तक कोर्ट ने जांच पर लगाई रोक



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी 2020 के दंगों में कथित भूमिका को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच पर 21 अप्रैल तक रोक लगा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया, जिसके बाद मामले में नया मोड़ आ गया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने बुधवार को मिश्रा की याचिका पर सुनवाई के बाद जांच पर रोक लगा दी। अदालत ने शिकायतकर्ता मोहम्मद इलियास को नोटिस जारी कर 21 अप्रैल तक जवाब देने को कहा है। इससे पहले अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने एक अप्रैल को जांच की जरूरत बताई थी, क्योंकि मिश्रा उस समय इलाके में मौजूद थे।

दिल्ली पुलिस ने मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग का विरोध किया है।

# राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा 297 इलेक्ट्रिक बसों की सीधी खरीद के लिए आदेश पंजीकृत

महानगर नेटवर्क

हैदराबाद




हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) द्वारा राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा 297 इलेक्ट्रिक बसों की सीधी खरीद के लिए आदेश पंजीकृत किया गया है। टेंडर प्रक्रिया के बाद इन बसों की आपूर्ति की जिम्मेदारी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड को दी गई है और इस संबंध में कंपनी को एलओए जारी कर दिया गया है।

ये सभी ई-बसें 9 मीटर लंबी हैं और नॉन-एसी प्रकार की हैं। यह ऑर्डर भारत में किसी भी राज्य परिवहन निगम द्वारा इलेक्ट्रिक बसों की अब तक की सबसे बड़ी खरीद है। इन्हें विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों में काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इन इलेक्ट्रिक बसों में 30 लोगों के बैठने की क्षमता है और बस एक बार चार्ज करने पर 180 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। यह ऑर्डर 424 करोड़ रुपए का है और इस पर एचआरटीसी के कार्यकारी निदेशक डॉ. मुरारी लाल (एचपीएएस) द्वारा औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए हैं।

# दिल्ली में BJP कार्यकर्ता मछली की दुकानें बंद करवा रहे

## • महुआ का दावा- धमकाया जा रहा



**नई दिल्ली ।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि दिल्ली के चित्तरंजन पार्क में मछली और मांस की दुकानें बंद हैं। यह बंगाली बहुल इलाका है। मोइत्रा ने इसके लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया है।

टीएमसी नेता ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि बीजेपी के गुंडे इलाके में एक मंदिर के बगल में अपना कारोबार चलाने के लिए मछली बाजार के व्यापारियों को धमका रहे है। हालांकि, बीजेपी ने पलटवार करते हुए मोइत्रा पर इलाके में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास में एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो पोस्ट करने का आरोप लगाया।

मोइत्रा के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन मामले की जांच की जा रही है।

# अप्रैल की बारिश से उत्तराखंड के चमोली में तबाही

## घरों में घुसा बरसाती पानी-मलबे में दबीं गाड़ियां

महानगर नेटवर्क

देहरादून



उत्तराखंड में अप्रैल महीने में भीषण गर्मी के बीच फिर से मौसम ने करवट ली है। बारिश के बाद एक ओर जहां लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली, तो दूसरी ओर बरसाती पानी मुसीबत बनकर सामने आया। उधर, उत्तराखंड के मौसम पूर्वानुमान में 10 अप्रैल से बारिश-ओलावृष्टि सहित आंधी-तूफान पर अलर्ट भी जारी किया है। उत्तराखंड के चमोली जिले में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। बुधवार दोपहर को हुई बारिश के बाद नालियां-गदेरे सहित नदियां उफान पर आ गईं। बरसाती पानी के घरों में घुसने से लोगों को कई मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा। दूसरी ओर, बारिश के बाद पहाड़ी से आए मलबे में दो गाड़ियां भी दब गईं। हालांकि, राहत भरी बात यह रही कि बारिश और ओलावृष्टि से कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। चमोली जिले के थराली में बुधवार शाम को 4 बजे के करीब अचानक आसमान में काले बादल छा गए। क्षेत्रभर में बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि भी हुई। शाम के समय अंधेरा होने की वजह से ग्रामीणों को आवाजाही करने के लिए टॉर्च और घरों में लाइट जलानी पड़ी। करीब डेढ़ घंटे की बारिश से नाले-गदेरे सहित नदियां उफान पर आ गईं थीं। पिंडर नदी का जलस्तर बढ़ने से लोग सहम गए थे।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भाजपा नेताओं से भिड़ंत

## कांच की मेज पर गिरे AAP विधायक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को एक शर्मनाक घटना ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। डोडा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के एकमात्र विधायक मेहराज मलिक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों के बीच विधानसभा परिसर में तीखी बहस के बाद मारपीट की नौबत आ गई। दरअसल मेहराज मलिक ने पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद को “गद्दार” कहा और PDP और भाजपा पर मिलीभगत का आरोप लगाया। मलिक के इस बयान से PDP कार्यकर्ता और नेता भड़क गए और विधानसभा परिसर में जमकर बहस हुई।

**“पुलिस BJP के इशारे पर काम कर रही है”: मेहराज मलिक**

मलिक ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें विधानसभा में आने से रोकने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि “पुलिस PDP की तरह व्यवहार कर रही है और मुझे बोलने से रोका जा रहा है।”

# ईवीएम से चुनाव तो धोखाधड़ी है, पूरी दुनिया बैलेट पर आई

## मल्लिकार्जुन खरगे ने उतारी खीज

महानगर नेटवर्क

अहमदाबाद



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार की टीस अब भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के मन में है। उन्होंने अहमदाबाद में कांग्रेस के अधिवेशन में कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में धोखाधड़ी से भाजपा ने जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि विपक्ष को हराने के लिए राज्य में फ्रॉड किया गया था। यही नहीं उन्होंने ईवीएम से चुनाव कराने पर भी दोबारा सवाल उठाए। खरगे ने कहा कि पूरी दुनिया ईवीएम से बैलेट पेपर की ओर बढ़ रही है लेकिन हम ईवीएम का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह सब धोखाधड़ी है। इसे बंद किया जाना चाहिए और भारत में भी बैलेट पेपर से चुनाव कराने की जरूरत है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पूरी दुनिया ही अब बैलेट पर है और हम ईवीएम से चुनाव करा रहे हैं।

यही नहीं मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम तो आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतर यह है कि पहले सांप्रदायिकरण से विदेशियों को फायदा हुआ, अब सरकार को फायदा हो रहा है। कांग्रेस लीडर ने कहा कि देश में एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है और आम लोगों की संपत्ति इस सरकार के अमीर मित्रों को हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने एआईसीसी में कहा कि जिस तरह से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को ‘उनके’ दोस्तों को सौंपा जा रहा है, वह दिन दूर नहीं जब मोदी जी देश को बेच देंगे। उन्होंने कहा कि कुछ मित्रों की कीमत पर आम लोगों के हितों के साथ यह सरकार समझौता कर रही है। सरकार की संपत्ति को इन्हीं अमीर लोगों के हाथों में सौंपा जा रहा है। खरगे ने बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की पैरवी की और यह आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने ऐसी तकनीक विकसित कर ली है, जिससे चुनावों में उसे फायदा और विपक्ष को नुकसान हो रहा है। खरगे ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ‘पिछले 11 वर्षों में सत्ताधारी दल संविधान पर लगातार चोट कर रहा है। हमारी संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार हमले हो रहे हैं।’ उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का सदन में आसन से नाम लिया गया, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया, जो लोकतंत्र के लिए लज्जा की बात है। खरगे ने वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद में चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि सरकार सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए देर रात संसद में चर्चा कराती रही, जबकि मणिपुर पर भोर के समय कुछ देर के लिए चर्चा कराई गई।

# राहुल गांधी वेस्ट इंडिया से लड़ रहे

## गुजरात के अधिवेशन में ही राज्य पर कांग्रेस नेता के बिगड़े बोल



**अहमदाबाद।** यूथ कांग्रेस के नेता बीवी श्रीनिवास ने गुजरात को लेकर ऐसी टिप्पणी की है, जिस पर राजनीतिक बवाल हो सकता है। उन्होंने कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बुधवार को कहा कि जैसे महात्मा गांधी जी ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। हमारे नेता राहुल गांधी वेस्ट इंडिया के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार समाज के सभी वर्गों के खिलाफ है। इस सरकार ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई वेस्ट इंडिया से है। यही नहीं बिना किसी का नाम लिए ही इशारों में बीवी श्रीनिवास ने कहा कि हमारी लड़ाई वेस्ट इंडिया से है। यहीं के दो लोग देश को बेच रहे हैं और यहीं के दो लोग देश को खरीदने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी है। यह सरकार संसद से सड़क तक म्यूट वाली है।

# हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व



**हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। हर महीने यह व्रत हर महीने के कृष्ण व शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को रखा जाता है। इस महीने चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी 10 अप्रैल को है। वैसे तो त्रयोदशी तिथि 9 अप्रैल से शुरू हो रही है, लेकिन उदया तिथि के अनुसार व्रत 10 अप्रैल को रखा जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु एवं माता पार्वती के पूजन का विधान है। प्रदोष व्रत करने से भगवान शिव की कृपा से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल की त्रयोदशी को गुरु प्रदोष व्रत रखा जाएगा। प्रदोष व्रत के दिन गुरुवार होने के कारण इसे गुरु प्रदोष व्रत कहा जाएगा।**



### कब से शुरू हो रही है तिथि

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 09 अप्रैल को रात 10 बजकर 55 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 11 अप्रैल को रात 01 बजे तिथि का समापन होगा। ऐसे में 10 अप्रैल को प्रदोष व्रत किया जाएगा। इस दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त शाम 06 बजकर 44 मिनट से 08 बजकर 59 मिनट तक है।

### क्या है प्रदोष काल में पूजा का मुहूर्त

आपको बता दें कि चैत्र मास में पड़ने वाले दोनों प्रदोष गुरु प्रदोष हैं। इससे पहले 27 मार्च को भी गुरु प्रदोष व्रत पड़ा था। इस बार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष और हिन्दू नव वर्ष पर भी गुरु प्रदोष पड़ रहा है। आपको बता दें कि गुरु प्रदोष की पूजा शाम को प्रदोष काल में होती है। इस बार गुरु प्रदोष की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 44 मिनट से रात 8 बजकर 59 मिनट तक है। इस समय में ही प्रदोष व्रत की पूजा करना शुभफलदायी रहेगा। इस बार पूजा के लिए दो घंटे का समय मिल रहा है।

### ऐसे करें पूजा

गुरु प्रदोष व्रत में शिवलिंग पर जल, दूध या पंचामृत से अभिषेक करना, बेलपत्र, धतूरा और सफेद फूल अर्पित करना विशेष फलदायक माना गया है। साथ ही, प्रदोष व्रत कथा का श्रवण कर व्रत को पूर्ण किया जाता है। माना जाता है कि यह व्रत हर प्रकार की बाधा और संकट से रक्षा करता है। तो इस 10 अप्रैल को महादेव को प्रसन्न करने के लिए पूरे विधि विधान से ही पूजा करें।





# बिना सलाह कभी ना अपनाएं ये ज्योतिषीय उपाय



वैदिक ज्योतिष शास्त्र का जन्म वेदों से हुआ है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में आकाशमंडल में ग्रहों, नक्षत्रों और राशियों के संयोजन और संबंधों का अध्ययन करते हुए पृथ्वी और यहां पर रहने वाले लोगों के जीवन में होने वाले प्रभावों के बारे में विश्लेषण करते भविष्यवाणी की जाती है। किसी व्यक्ति के जन्म लेते समय ही उसी समय व्यक्ति के भाग्य और कर्म का निर्धारण लग्न के माध्यम से हो जाता है। व्यक्ति की कुंडली में ग्रहों और नक्षत्रों के संयोग से कई तरह के शुभ और अशुभ योगों का निर्माण होता है।

*जब किसी व्यक्ति की कुंडली में शुभ योग बनते हैं तो जातक के जीवन में सुख-समृद्धि और संपन्नता का वास होता है, वहीं जब कुंडली में अशुभ योग बनता है,तो व्यक्ति को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जब जातक के जीवन में परेशानियां आती हैं और वह इन परेशानियों से निजात पाने के लिए ज्योतिषीय उपाय के बारे में विचार करता है ,लेकिन कई बार जाने-अनजाने में गलत ज्योतिषीय उपाय करने पर व्यक्ति के जीवन में मुसीबतें कम होने के बजाय बढ़ने लगती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ज्योतिषीय उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको करने से पहले किसी योग्य ज्योतिषी की सलाह अवश्य ही लेनी चाहिए।*

- अक्सर देखने को मिलता है जब कोई व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र या घर-परिवार के बीच आने वाली समस्याओं के चलते मानसिक रूप से परेशान रहता है तो आम लोग उसे मोती पहने की सलाह देते हैं। यानी मन के कारक चंद्रमा के कमजोर होने पर मोती पहनने को बोला जाता है, लेकिन वैदिक ज्योतिष के अनुसार हर किसी को मोती नहीं पहनना चाहिए। दरअसल जब कोई जातक मानसिक रूप से परेशान रहता हो और उसका चंद्रमा नीच का हो,तो व्यक्ति कुछ समय के बाद अवसाद से पीड़ित होता है।
- वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब किसी जातक की कुंडली के चौथे या दसवें भाव में गुरु हो,तो उसे मंदिर में दान नहीं करना चाहिए।
- अगर किसी जातक की कुंडली में उसका बुध कमजोर हो तो ऐसे जातकों को घर पर मनी प्लांट का पौधा नहीं लगाना चाहिए।
- वहीं जब किसी जातक की कुंडली में शनिदेव कमजोर हो या फिर अशुभ भाव में हो तो घर में कांटेदार पौधे नहीं लगाना चाहिए।
- ऐसे जातकों को कभी भी तांबे का दान नहीं करना चाहिए जिसकी कुंडली के आठवें भाव में सूर्यदेव स्थित हो।
- जब किसी जातक की कुंडली में गुरु सप्तम भाव में हो तो ऐसे लोगों को पीले वस्त्रों का दान करने से बचना चाहिए। इसे व्यक्ति की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है।
- जब किसी जातक की कुंडली में गुरु नीच भाव में हो तो ऐसे जातकों को पुखराज नहीं धारण करना चाहिए।

# सनबर्न से निपटने के कुछ घरेलू उपाय

***गर्मियों की तेज धूप में बाहर निकालना काफी मुश्किल होता है। इस दौरान शारीरिक समस्याओं के अलावा स्किन से जुड़ी दिक्कतें भी बहुत होती हैं। धूप के संपर्क में ज्यादा आने से स्किन को काफी नुकसान पहुंचता है। धूप के कारण स्किन में सूजन और रेडनेस हो सकती है। तेज धूप में सनबर्न भी हो सकता है। जिसके लक्षणों में रेडनेस, दर्द, सूजन और गंभीर मामलों में छाले और स्किन छीलना शामिल है। अगर आपको सनबर्न के हल्के लक्षण हैं, तो कुछ घरेलू तरीकों को अपनाएं।***

**मॉइस्चराइजर, लोशन या जेल लगाएं**
एलोवेरा लोशन, जेल या कैलामाइन लोशन आरामदायक हो सकता है। इसे लगाने से पहले प्रोडक्ट को फ्रिज में रखें और ठंडा करके लगाएं। धूप से जली स्किन पर अल्कोहल से बने प्रोडक्ट्स को लगाने से बचें।

**खानपान में करें बदलाव**
एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाने की चीजों से स्किन को धूप की किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने और अंदर से हीलिंग को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। बैरीज, खट्टे फल, पत्तेदार साग और मेवे को खाने में शामिल करें। एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को और अधिक नुकसान होने से रोकने में मदद मिलती है।



**ओट्स का करें यूज**
ओटमील बाथ सनबर्न से जुड़ी खुजली और जलन से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। 15-20 मिनट के लिए इसे चेहरे पर लगाएं इससे सनबर्न से पीड़ित त्वचा को आराम मिलेगा। ये रेडनेस को कम करने में मदद करता है।



**खीरे के स्लाइस**
खीरे के स्लाइस में प्राकृतिक ठंडक देने वाले गुण होते हैं जो धूप से झुलसी स्किन को आराम पहुंचाने और सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। खीरे के ठंडे स्लाइस को सीधे प्रभावित हिस्से पर लगाएं या खीरे को पीसकर पेस्ट बनाएं और इसे त्वचा पर लगाएं। खीरे के स्लाइस तुरंत राहत देते हैं और धूप से झुलसी स्किन के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# तरबूज के बीज खाने के फायदे



**तरबूज गर्मियों के लिए बेस्ट फल माना जाता है। गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखने और पानी की कमी को दूर करने के लिए रोजाना तरबूज का सेवन करना चाहिए। लो कैलोरी, हाई फाइबर और विटामिन से भरा तरबूज सेहत के लिए फायदेमंद है। तरबूज खाने में बहुत टेस्टी लगता है लेकिन इसे खाना काफी मुश्किल हो जाता है। तरबूज के छोटे-छोटे बीजों को निकालना आसान नहीं है। कई बार तरबूज खाते हुए बीज भी पेट में चले जाते हैं। कितनी भी कोशिश करो 2-4 बीज तो खा ही जाते हैं। ऐसे में जानते हैं कि तरबूज के बीज खाने से पेट में क्या होता है।**

**तरबूज पेट में अंदर से ठंडक पहुंचाता है। तरबूज में करीब 90 प्रतिशत पानी पाया जाता है, जो शरीर को हाइड्रेट रखता है। तरबूज के बीज भी शरीर के लिए बेहतरीन माने जाते हैं। तरबूज के बीज में विटामिन बी, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटैशियम, जिंक और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। अगर आप तरबूज के बीज खा जाते हैं,तो इससे कई बीमारियों में फायदा मिलता है।**

**हार्ट के लिए फायदेमंद-** तरबूज के बीज हार्ट के लिए अच्छे माने जाते हैं। इनमें गुड फैट, मैग्नीशियम और ओमेगा-3, ओमेगा-6 होता है जो हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करते हैं।

**पाचन बनाए बेहतर-** तरबूज फाइबर से भरपूर फल है। अगर आप तरबूज के साथ उसके बीज भी खा जाते हैं तो इससे शरीर में और ज्यादा फाइबर पहुंचेगा और पाचन तंत्र बेहतर बनेगा। इससे कब्ज की समस्या दूर होगी।

**त्वचा के लिए फायदेमंद-** तरबूज के बीज विटामिन और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं जो स्किन के लिए फायदेमंद हैं। गुड फैट होने के कारण स्किन को एजिंग से दूर रखने में मदद करते हैं।

**डायबिटीज में फायदा-** तरबूज के बीज में प्रोटीन होता है। डायबिटीज के मरीज भी तरबूज के बीज आसानी से का सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला मैग्नीशियम भी फायदा करता है।

**एनर्जी बढ़ाए-** तरबूज के बीज विटामिन और मिनरल से भरपूर होते हैं। जो एनर्जी बूस्ट करने में मदद करते है। सीड्स खाने से आप खुद को दिनभर एक्टिव बनाए रखने में मदद करते हैं।

**इम्यूनिटी बूस्ट करे-** तरबूज के बीज में जिंक और मैग्नीशियम होने की वजह से इम्यूनिटी मजबूत बनती है। इससे शरीर कई बीमारियों से दूर रहता है। आपको तरबूज के साथ उसके बीज भी खा लेने चाहिए।

# कैविटी की रोकथाम के लिए डॉ. सोनिया का सुझाव



कैविटी और दांतों की सड़न के बढ़ते मामले आजकल कैविटी और दांतों की सड़न आम समस्या बन चुकी है, बच्चे हों या बड़े, यह समस्या किसी को भी हो सकती है। मुंह की साफ-सफ़ाई का ध्यान न रखने, ज़्यादा मात्रा में मीठे खाद्य पदार्थों या कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का सेवन करने से यह समस्या बढ़ जाती है। अगर दांतों की देखभाल ठीक से न की जाए तो इसमें दर्द बढ़ सकता है और कभी-कभी महंगे इलाज या यहां तक कि दांत निकलवाने तक की नौबत आ जाती है। ऐसे में कैविटी और दांतों की सड़न से बचने के लिए दांतों की सही देखभाल करनी चाहिए। इसके अलावा कैविटी होने पर समय पर इलाज कराना भी ज़रूरी है, क्योंकि ऐसा न करने से कैविटी बढ़ती चली जाती है और गंभीर समस्या जैसे इन्फेक्शन तक का कारण बन सकती है। कैविटी और दांतों की सड़न का मुख्य कारण कैविटी दांतों पर प्लॉक जमने के कारण होती है, प्लॉक बैक्टीरिया की चिपचिपी परत है, जो दांतों के ऊपर बन जाती है। अगर आप मीठे या स्टार्च से युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं तो ये बैक्टीरिया आसानी से पनपते हैं, जिससे दांतों पर प्लॉक जमने लगता है और दांत सड़ने लगते हैं। इसके अलावा मीठे खाद्य पदार्थों से मुंह में एसिड भी बनता है, जिससे कैविटी की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही खाने के बीच-बीच में कुछ कुछ खाने से, खासतौर पर मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन से दांतों के सड़ने की संभावना बढ़ जाती है।



**कैविटी की रोकथाम के लिए आयुर्वेदिक उपाय**

कैविटी से बचने के लिए आयुर्वेदिक उपाय बेहद कारगर हैं। लौंग, नीम और अदरक जैसे इन्ग्रीडिएन्ट्स को मुंह की देखभाल के लिए बेहतरीन माना जाता है, इनमें एंटी-बैक्टीरियल एवं एंटी-इन्फ्लामेटरी गुण होते हैं। ये प्राकृतिक इन्ग्रीडिएन्ट्स बैक्टीरिया से लड़ने में कारगर हैं, प्लॉक बनने से रोकते हैं और मसूड़ों को मजबूत बनाते हैं। उदाहरण के लिए एनाल्जेसिक गुणों के चलते लौंग का तेल दवाओं में इस्तेमाल किया जाता है। इसी तरह नीम अपने एंटी-बैक्टीरियल गुणों की वजह से मुंह में बैक्टीरिया को पनपने से रोकता है। दिन में दो बार ब्रश करें, इसके लिए डाबर रैड पेस्ट जैसा क्लिनिकली टेस्टेड टूथपेस्ट इस्तेमाल करें, जो आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का संयोजन है। एंटीबैक्टीरियल माउथवॉश का उपयोग करें, इससे मुंह में बैक्टीरिया को पनपने से रोका जा सकेगा। मुंह में लार का प्रवाह भी ठीक से होना चाहिए, इससे एसिड की मात्रा ठीक बनी रहती है और इनेमल भी मजबूम होता है। बिना चीनी की गम चबाने से ज़्यादा मात्रा में लार बनती है। कैविटी और दांतों की सड़न को रोकने के लिए सही देखभाल करना ज़रूरी है। आयुर्वेदिक अवयवों जैसे लौंग, नीम और अदरक से बना यह टूथपेस्ट प्लॉक और बैक्टीरिया से प्राकृतिक सुरक्षा देता है। रोज़ाना डाबर रैड टूथपेस्ट इस्तेमाल करें और स्वस्थ एवं मजबूत दांत पाएं।

# पेट से जुड़ी समस्याओं का रामबाण इलाज दही

**गर्मियों में गट हेल्थ की खास देखभाल करनी चाहिए वरना पेट से जुड़ी समस्याएं आपके शरीर पर हमला बोल सकती हैं। अपच और गैस जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए आपको इस घरेलू नुस्खे को जरूर ट्राई करके देखना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दही में पाए जाने वाले तत्व आपकी हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। आइए पेट की सेहत को मजबूत बनाए रखने के दादी-नानी के असरदार तरीके के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।**

**दही के साथ जीरा पाउडर :-** सबसे पहले एक कटोरी में दही निकाल लीजिए। अब तवे पर थोड़ा सा जीरा डालकर इसे अच्छी तरह से भून लीजिए। इसके बाद अगर आप चाहें तो भुने हुए जीरे को अच्छी तरह से पीस सकते हैं। अब आपको पिसे हुए भुने जीरे को दही में डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लेना है। दही और जीरे का मिक्सचर आपकी हेल्थ को काफी हद तक सुधार सकता है।



**मिलेंगे फायदे ही फायदे:-** अगर आपको सीने में जलन महसूस हो रही है, तो इस तरह से दही-भुने जीरे को अपने डाइट प्लान का हिस्सा बना लीजिए। दही और भुने जीरे में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व पेट दर्द की समस्या से राहत दिलाने में भी मददगार साबित हो सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दही और भुने हुए जीरे के मिक्सचर को आंखों की रोशनी के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है।

# बढ़ती धूप के कारण सिर में होता है तेज दर्द



**लगातार बढ़ती गर्मी और तेज धूप की वजह से हेल्थ से जुड़ी कई तरह की समस्याएं हो सकती है। इस दौरान अगर थोड़ी देर भी धूप में निकला जाए तो सिर में दर्द होने लगता है। इस दौरान शरीर से ज्यादा पसीना बाहर आता है और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होने लगती है। माइग्रेन पेशेंट के लिए यह मौसम काफी परेशानी वाला होता है। अगर आपको भी तेज धूप की वजह से सिर में दर्द होता है,तो आप कुछ तरीकों को आजमाकर इससे बच सकते हैं।**

### खुद को रखें हाइड्रेटेड

डिहाइड्रेशन सिरदर्द का कारण बन सकता है, खासकर गर्मी के मौसम के दौरान पानी की कमी से से सिर में दर्द हो सकता है। इस दर्द से बचने के लिए दिन भर में खूब पानी पिएं, भले ही आपको प्यास न लगे। इसके अलावा गर्मी में पसीने बहने की वजह से इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो सकती है। ऐसे में गर्मी के मौसम में इसकी पूर्ती पर विश्वास करें। तेज धूप या बहुत ज्यादा गर्मी सिरदर्द का कारण बनती है। ऐसे में अगर आप घर से बाहर है तो सीधे धूप के संपर्क से बचने के लिए छाया में रहें। इसके अलावा घर में भी ठंडक बनाए रखें। खुद को ठंडा रखने के लिए पंखा या एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करें। अगर सिरदर्द हो तो ठंडे पानी से नहाएं या फिर माथे-गर्दन पर ठंडा सेक लगाएं।





**धूप में ऐसे रखें खुद का ख्याल :-** गर्मी से होने वाले सिरदर्द से बचाव के लिए जब बाहर जाएं तो धूप से बचने के लिए टोपी और धूप का चश्मा पहनें। दिन के सबसे गर्म समय में बाहर जाने से बचें।

**दर्द से निपटने के लिए ये नुस्खे आएंगे काम :-** धूप में जाने के बाद सिरदर्द होने लगे तो सिर और गर्दन की मालिश करें। इसके अलावा ठंडे, अंधेरे कमरे में आराम करें और अपनी आंखों को बंद रखें। इसके अलावा गहरी सांस लेने या ध्यान लगाने जैसी रिलैरक्सिंग तकनीकों को अपनाएं। अरोमाथेरेपी के लिए लैवेंडर या पेपरमिंट जैसे जरूर तेलों को चुनें।

# RCB और DC की भिड़ंत आज

## विराट कोहली और मिचेल स्टार्क होंगे आमने-सामने





**बेंगलुरू।** शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना गुरुवार को आईपीएल के 24वें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा। इस दौरान सभी की नजरें विराट कोहली और मिचेल स्टार्क की टक्कर पर लगी होंगी। दिल्ली ने अब तक तीनों मैच जीते हैं, जबकि आरसीबी ने चार में से तीन मैच में जीत दर्ज की है। दोनों टीमें हालात और विरोधी टीम के अनुकूल खुद को ढालने में कामयाब रहीं हैं। आरसीबी ने कोलकाता, चेन्नई और मुंबई में जीत दर्ज की और एकमात्र पराजय उसे चिन्नास्वामी स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस के हाथों झेलनी पड़ी।

हालांकि, हार की वजह टीम की कोई कमी नहीं रही, बल्कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच ने उसे हैरान कर दिया। वहीं, विशाखापट्टनम और चेन्नई जैसी अलग-अलग पिचों पर जीत दर्ज करके आई दिल्ली के खिलाफ आरसीबी को सावधान रहना होगा। वैसे विराट के फॉर्म में आने से मेजबान टीम के हौसले बुलंद है। हालांकि, छत्तीस वर्ष के विराट को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव से पार पाना होगा। कोहली ने स्टार्क के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 31 गेंद में 72 रन बनाये हैं, लेकिन इस सत्र में स्टार्क तीन मैचों में 11 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं। पावरप्ले में स्टार्क और कोहली की भिड़ंत पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। इसके बाद कुलदीप से सामना होगा जो छह की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट ले चुके हैं। वैसे टी20 क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ ऊंचे और स्वीप शॉट खेलने की अपनी कमजोरी से पार पा चुके कोहली काफी उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे उन्हें धीमे बल्लेबाजों के खिलाफ खुलकर खेलने में मदद मिल रही है। कुलदीप की तरकश में हालांकि कई तीर हैं और वह किसी भी बल्लेबाज को परेशान कर सकते हैं। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार भी फॉर्म में हैं और वह स्पिनरों को खेलने में माहिर हैं। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल से अधिक प्रभावी भूमिका की उम्मीद होगी। कप्तान अक्षर ने अब तक तीन मैचों में आठ ओवर डाले हैं लेकिन एक भी विकेट नहीं ले सके हैं। आरसीबी के लिए नई गेंद संभालने वाले जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार पावरप्ले में प्रभावी रहे हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू:** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, कृणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव।

# चेन्नई की हार का सिलसिला जारी



**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 18 रन से हराकर जीत की पटरी पर वापसी कर ली। वहीं, चेन्नई ने लगातार चौथा मैच गंवाया। मंगलवार को मुल्लांपुर में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 219 रन बनाए थे। जवाब में सीएसके निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर सिर्फ 201 रन ही बना सकी। उनके लिए डेवोन कॉनवे ने अर्धशतकीय पारी खेली। पंजाब के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट हासिल किए जबकि यश ठाकुर और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक सफलता मिली। 220 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई को रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई जिसे मैक्सवेल ने तोड़ा। उन्होंने रचिन को प्रभसिमरन सिंह के हाथों कैच कराया। वह 23 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद क्रीज पर आए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तीसरे विकेट के लिए शिवम दुबे और डेवोन कॉनवे ने 51 गेंदों में 89 रन जोड़े। हालांकि, दुबे 42 रन बनाकर आउट हो गए। वह अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए। इसके बाद क्रीज पर महेंद्र सिंह धोनी बल्लेबाजी के लिए आए। अब टीम को जीत के लिए 25 गेंदों में 69 रनों की जरूरत थी। उन्होंने कॉनवे के साथ 12 गेंदों में 20 रन जोड़े। इसके बाद कॉनवे रिटायर्ड आउट हो गए। सलामी बल्लेबाज ने इस मुकाबले में 69 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने महज 37 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ कॉनवे ने आईपीएल में 1000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम पारियों में 1000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। कॉनवे के बाद क्रीज पर जडेजा पहुंचे।






**प्रियांश-शशांक का आया तूफान**

प्रियांश आर्या ने इस मैच के जरिए आईपीएल में डेब्यू किया और 47 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर आउट हुए। वहीं अंत के ओवर में शशांक सिंह ने 16 गेंदों 44 रनों की पारी खेली। अय्यर और शशांक ने अंत के 28 गेंदों में 81 रनों की साझेदारी निभाई।

# वैभव सूर्यवंशी ने 400 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से मचाया तूफान



**नई दिल्ली।** हाल ही में 14 साल के हुए वैभव सूर्यवंशी को IPL डेब्यू करते देखने का इंतजार सभी को है. लेकिन, अपने बल्ले का तूफान दिखाने के लिए वो इंतजार कराते नहीं दिख रहे. IPL इतिहास के सबसे युवा बल्लेबाज, सबसे युवा करोड़पति के बल्ले का मीटर ऑन है. गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच से पहले वैभव कोहराम मचाते दिखे. अपने बल्ले का जौहर दिखाते दिखे. उन्होंने 400 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाए. राजस्थान रॉयल्स के नन्हें उस्ताद को जिस किसी ने भी ऐसा करते देखा वो दंग रह गया. अब आप सोच रहे होंगे कि वैभव सूर्यवंशी ने 400 प्लस की स्ट्राइक रेट से तूफान मचाया कहां? कहां पर उन्हें सिर्फ एक ही ओवर में 27 रन कूट दिए? और कितने छक्के मारे? इन सारे सवालों का जवाब राजस्थान रॉयल्स का नेट्स है, जहां पर वैभव सूर्यवंशी ने 6 गेंदों का जो हाल किया, वो देखने लायक रहा. वैभव सूर्यवंशी ने पारी का आगाज 1 रन से किया. लेकिन, फिर उसके अगली दो गेंदों पर बैक टू बैक चौके मारे. यानी पहली 3 गेंदों पर उन्होंने 9 रन बना लिए. इसके बाद अगली 3 गेंदों को उन्होंने हवा में लहराते हुए बाउंड्री के पार पहुंचाने का काम किया. वैभव ने चौथी, 5वीं और छठी गेंदों पर ताबड़तोड़ छक्का लगाया. इस तरह उन्होंने 6 गेंदों पर 400 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए।

# पंजाब की जीत के बाद ग्लेन मैक्सवेल को मिली सजा, पाए गए दोषी



**नई दिल्ली।** CSK के खिलाफ पंजाब किंग्स ने मुकाबला तो जीत लिया, मगर उसके एक खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल पर भारी जुर्माना लगा है. जुर्माने के अलावा मैक्सवेल पर एक डिमेरिट पॉइंट भी लगाया गया है. मैक्सवेल पर ये जुर्माना मैच के दौरान IPL नियम तोड़ने के चलते लगाया गया है. हालांकि, इस सीजन ऐसी गलती को लेकर जुर्माना भुगतने वाले वो पहले खिलाड़ी नहीं हैं. मैक्सवेल पर मैच फीस का 25 फीसद जुर्माना लगाया गया है. IPL की ओर से बयान जारी कर ग्लेन मैक्सवेल के बारे में जानकारी दी गई. IPL ने अपने स्टेटमेंट में कहा कि ग्लेन मैक्सवेल ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है. उन्हें लेवल 1 के तहत दोषी माना गया. मैक्सवेल ने मैच रेफरी के सामने अपनी गलती मानी, जिसके बाद इस मामले में अब और कोई दलील या सुनवाई नहीं होगी. लेवल 1 का दोषी पाए जाने के मामले में मैच रेफरी का फैसला ही अंतिम और मान्य होता है. लेवल 1 के तहत दोषी करार दिए जाने वाले मैक्सवेल IPL 2025 में पहले खिलाड़ी नहीं हैं. उनसे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स से खेल रहे दिग्वेश राठी पर इसे लेकर अब तक दो बार जुर्माना लग चुका है. दिग्वेश पर पहली बार मैच फीस का 25 फीसद जुर्माना लगा. वहीं दूसरी बार उन्हें मैच फीस की 50 फीसद राशि फाइन की गई. दिग्वेश के अलावा ईशांत शर्मा भी लेवल 1 के दोषी पाए जा चुके हैं, जिसके लिए उन पर मैच फीस का 25 फीसद जुर्माना लग चुका है.

मैच में ग्लेन मैक्सवेल के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने बल्ले से कुछ खास नहीं किया. CSK के खिलाफ पंजाब किंग्स के इस ऑलराउंडर ने 2 गेंदों का सामना कर बस 1 रन बनाए. मैक्सवेल अश्विन का शिकार बने. गेंदबाजी में भी मैक्सवेल ने एक ही विकेट लिया मगर वो विकेट बेशकीमती रहा. क्योंकि, वो CSK के इनफॉर्म बल्लेबाज रचिन रवींद्र का विकेट रहा, जो मैच में खतरनाक बनते दिख रहे थे।

**पेरिस फ्री स्टाइल शतरंज**

# अर्जुन प्ले ऑफ में, गुकेश, प्रज्ञानन्दा और विदित हुए बाहर



**पेरिस।** फ्री स्टाइल ग्रांड स्लैम शतरंज के दूसरे पड़ाव के दो दिन के रैपिड क्वलिफ़िकेशन राउंड के बाद भारत के सिर्फ अर्जुन एरिगासी ही प्ले ऑफ में जगह बनाने में कामयाब रहे जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश ,आर प्रज्ञानन्दा और विदित गुजराती टूर्नामेंट से बाहर हो गए है । 12 खिलाड़ियों के बीच हुए 11 राउंड रॉबिन राउंड में अर्जुन एरिगासी नें कुल 6.5 अंक बनाते हुए चौंथा स्थान हासिल किया और अब क्वाटर फाइनल में उनका सामना उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से होगा । अर्जुन नें अपने अभियान की शुरुआत यूएसए के फबियानों करूआना और मैगनस कार्लसन को पराजित करते हुए की थी पर उसके बाद वह गुकेश और यूएसए के हिकारु नाकामुरा से हार गए थे । पर दूसरे दिन उन्होने अब्दुसत्तोरोव और हमवतन विदित गुजराती को पराजित करते हुए क्वाटर फाइनल में जगह बना ली । प्ले ऑफ राउंड में अब क्लासिकल शतरंज से फ्री स्टाइल की बाजी खेली जाएगी । कार्लसन और नेपोमनिशि रहे सयुंक्त पहले स्थान पर : 11 राउंड के बाद नॉर्वे के मैगनस कार्लसन और रूस के यान नेपोमनिशि 8.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर रहे । गुकेश के लिए टूर्नामेंट अंतिम तीन राउंड में बुरा स्वप्न साबित हुआ एक समय तक वह 3.5 अंक बनाकर छठे स्थान पर थे पर अंतिम लगातार तीन बाज़ियाँ हारकर वह 11वें स्थान पर रहे । गुकेश नें टूर्नामेंट में अर्जुन , प्रज्ञानन्दा और जर्मनी के विन्सेंट केमर को हराया। प्रज्ञानन्दा 4 अंक बनाकर नौवे और विदित 2 अंक बनाकर अंतिम स्थान पर रहे।

# रुतुराज गायकवाड़ को नजर आ रही एक ही प्रॉब्लम



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स को पंजाब किंग्स के हाथों पिछले सात में से पांचवें मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। इस सीजन में भी उनकी यह चौथी हार है। मुंबई से जीतने के बाद से चेन्नई ने लगातार मुकाबले गंवाए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर के मैदान पर खेला गया मुकाबला उन्होंने 18 रन से गंवा दिया। पंजाब ने पहले खेलते हुए 219 रन बनाए थे जिस तक चेन्नई पहुंच ही नहीं पाई। बहरहाल, मैच गंवाने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने इस पर बात की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मुझे लगता है कि पिछले 4 मैचों में, अंतर का एकमात्र बिंदु (क्षेत्ररक्षण अंतर रहा है)। यह महत्वपूर्ण रहा है। हम जो कैच छोड़ रहे हैं, वही बल्लेबाज 15, 20, 30 रन बना रहा है। जिसका हमें अंत में खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। आर्य के शतक पर उन्होंने कहा कि कभी-कभी आपको इसकी सराहना करनी चाहिए। प्रियांश ने अच्छा खेला। यह उच्च जोखिम वाली बल्लेबाजी थी। हमें नियमित अंतराल पर विकेट मिल रहे थे, लेकिन उन्होंने गति बनाए रखी। 10-15 रन कम होने से हमें मदद मिलती। लेकिन यह कैच छूटने के कारण है। बल्लेबाजी के नजरिए से यह सही था। हमारे दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज (राचिन और कॉनवे) जो अच्छी गति से खेलते हैं, वे शीर्ष क्रम में गए। उनके पास अच्छा पावरप्ले था। बल्लेबाजी विभाग में बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं। हम आज दो तीन हिट दूर रह गए। वहीं, डेवोन पर रुतुराजने कहा कि वह हमारे लिए शीर्ष क्रम में बहुत उपयोगी हैं। वहीं, जड्डू की भूमिका पूरी तरह से अलग है। कॉनवे के रिटायर्ड आउट होने पर कप्तान ने कहा कि आप जानते हैं कि बल्लेबाज संघर्ष कर रहे थे। हमें जब लगा कि यह जरूरी है तो हमने इसे बदल दिया। मैंने खेल से पहले कहा था कि हमें फील्डिंग का मजा लेना चाहिए। अगर आप नर्वस हैं, तो आप कैच छोड़ देंगे। अगर आप एक बेहतरीन फील्डर बनना चाहते हैं, तो उन दो तीन रनों को बचाएं, रन आउट महत्वपूर्ण हैं।

# प्रियांश आर्या किसकी सिफारिश से पॉन्टिंग तक पहुंचे, हुआ दिलचस्प खुलासा



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन सीजन में एक ओवर में 6 छक्के लगाकर सुर्खियों में आए प्रियांश आर्या का चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बल्ले से रनों की बारिश देखने को मिली. उन्होंने 42 गेंदों में 9 छक्के और 7 चौकों की मदद से 103 रनों की तूफानी पारी खेली. जिससे PBKS को 6 विकेट पर 219 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचने में मदद मिली. प्रियांश आर्या आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी हैं. इसके अलावा यह आईपीएल में संयुक्त रूप से चौथा सबसे तेज शतक है. यहां यह बात और भी दिलचस्प हो जाती है कि आर्य ने पंजाब किंग्स के लिए खेलना कैसे शुरू किया, जबकि वह लगभग दिल्ली कैपिटल्स टीम में शामिल होने ही वाले थे। प्रियांश आर्या को पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी में 3.8 करोड़ में खरीदा था, उस दौरान सबकी नजरें इस खिलाड़ी पर ही थीं।

# शूटिंग विश्व कप: सुरुचि सिंह और विजयवीर सिद्धू ने जीते गोल्ड मेडल



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में ISSF विश्व कप में भारत ने अपना दबदबा कायम किया. प्रतियोगिता में मंगलवार को भारतीय दल ने 2 स्वर्ण पदक जीते. उभरती हुई स्टार सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में सनसनीखेज जीत के साथ देश के लिए दिन का पहला स्वर्ण पदक जीता, उन्होंने शीर्ष चीनी निशानेबाजों की तिकड़ी को हराकर अपने अंतरराष्ट्रीय आगमन को शानदार तरीके से चिह्नित किया। सुरुचि ने इससे पहले क्वालीफिकेशन चार्ट में 583 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था, जो चीन की कियान वेई (582-23x) और जियांग रैनक्सिन (582-17x) से आगे था. सुरुचि नौवें शॉट तक पिछड़ती रहीं और कुछ समय के लिए चौथे स्थान पर भी खिसक गईं, लेकिन उसके बाद उन्होंने वापसी की. सुरुचि ने पहली एलिमिनेशन सीरीज से नियंत्रण हासिल कर लिया, जहां उन्होंने 10.7 और 10.8 का समय लिया. उस पल से, उन्होंने अपनी बढ़त को बढ़ाया और अंत में 244.6 के साथ चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया और पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया. कियान वेई ने 241.9 के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता जियांग रैनक्सिन ने 221 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

## कैसे IPL ने बदल दिया पूरा क्रिकेट कैरियर

# पहली बार बोले विराट कोहली



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि उनका मूल सिद्धांत अहंकार पर काबू रखते हुए मैच की परिस्थितियों के हिसाब से बल्लेबाजी करना है। मौजूदा दौर के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक कोहली ने हाल ही में एक और उपलब्धि हासिल की। वह टी20 प्रारूप में 13000 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। कोहली ने कहा कि यह (बल्लेबाजी) कभी अहंकार के बारे में नहीं है। यह कभी किसी को मात देने की कोशिश नहीं है। मेरे लिए यह हमेशा खेल की स्थिति को समझने के बारे में रहा है। यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे हमेशा गर्व है। मैं परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मैं लय में होता हूं तो मैं स्वाभाविक रूप से जिम्मेदारी उठाने की पहल करता। अगर कोई और बेहतर तरीके से खेल रहा होता है तो वह ऐसा करता है। कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक और रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 256 मैचों में 8 शतकों के साथ 8168 रन बनाए हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने 2011 सत्र के बाद से इस प्रारूप की जरूरतों को समझ लिया। उन्होंने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने पहले तीन वर्षों में मुझे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने के मौके नहीं मिले। मुझे आमतौर पर निचले क्रम में भेजा जाता था। ऐसे में मैं उस दौरान आईपीएल में बड़े पैमाने पर सफल नहीं हो पाया। कोहली ने कहा कि मैंने साल 2010 से अच्छा प्रदर्शन करना शुरू किया और 2011 से नियमित तौर पर तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने लगा। तब से मैंने निरंतरता के साथ अच्छा प्रदर्शन किया है।

# यशस्वी जायसवाल ने की शुभमन गिल की खिंचाई



**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल ने शुभमन गिल से मिलकर ये क्यों कहा कि वो लाल-लाल हो रहे हैं? राहुल द्रविड़ ने गिल को किस बात की बधाई दी है? ये वो सवाल है जो अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाले मुकाबले से पहले पनप कर सामने आए हैं। IPL 2025 के इस 23वें मैच से पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो चल रहा है, जिसमें यशस्वी जायसवाल गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल की खिंचाई करते दिख रहे हैं। बेशक टीम इंडिया के इन दोनों ओपनर के बीच की बॉन्डिंग जबरदस्त है, लेकिन, यशस्वी के लिए मजे और द्रविड़ की दी बधाई की वजह मन में कई सवाल पैदा करती दिख रही है. अहमदाबाद के मैदान पर गिल से पहली मुलाकात होते ही यशस्वी ने उनसे कहा कि वो लाल-लाल हो रहे हैं.यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान की टीम के बैटिंग कोच विक्रम राठौर को दिखाते हुए भी कहा कि ये देखो सर लाल-लाल हो गया है एकदम. यशस्वी ने ये भी कहा कि इसके लिए गर्मी नहीं है. गोरा हो रहा है. फिर विक्रम राठौर आगे कहते हैं कि धूप में ही खेलकर तो लाल हुआ है. राजस्थान रॉयल्स ने यशस्वी और गिल के बीच का ये फन वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

# सलमान से मिले सपोर्ट पर बोलीं रुमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर

**कहा- उन्हे मुझ पर भरोसा था**



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की रुमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर को अक्सर एक्टर के साथ देखा गया है। दोनों लंबे समय से साथ हैं लेकिन अपने रिलेशनशिप को लेकर कभी खुलकर बातचीत नहीं की। वहीं यूलिया न सिर्फ सलमान के बल्कि उनके परिवार की हर पार्टी, फंक्शन का हिस्सा बनते हुए देखी गई हैं। सलमान के भाई-बहन और मां सलमासे खास रिश्ता शेयर शेयर करती हैं। अब यूलिया ने हाल में दिए एक इंटरव्यू में सलमान से मिले सपोर्ट के बारे में बात की। यूलिया ने एक्टर की फिल्म सिकंदर में क्लासिक गाना 'लग जा गले से फिर' अपनी आवाज में गाया है।यूलिया हाल में दिए एक इंटरव्यू में कहा, ₹इमोशनल सपोर्ट हर किसी के लिए बहुत जरूरी होता है। किसी का हम पर विश्वास करना बहुत मायने रखता है। सलमान वही इंसान थे जिन्होंने मेरी आवाज़ और टैलेंट पर भरोसा किया।



जब मुझे खुद पर शक था, तब उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया।₹ उन्होंने माना कि उनकी जर्नी आसान नहीं रही। कई बार लोगों ने उनका काम तुरंत एक्सेप्ट नहीं किया। ₹ऐसे पल भी आए जब मुझे अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिली। लेकिन मैं समझती हूं। मैं कहीं से भी आई थी और हिंदी गाने गा रही थी। उस वक्त कुछ लोग ऐसे थे जो मुझ पर मुझसे ज्यादा भरोसा कर रहे थे। और मैं उसके लिए बहुत शुक्रगुजार हूं। उन्होंने आगे कहा, ₹जब आप स्पॉटलाइट में आते हो तो बहुत प्रेशर होता है। उस वक्त आपके पास ऐसे लोग होना जरूरी है जो आपके साथ खड़े हों। मुझे वो लोग मिले और मैं खुद को बहुत खुशनसीब मानती हूं।₹ स्टेज पर अकेले परफॉर्म करने के डर के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, जब आप स्टेज पर होते हो, तो वहां सिर्फ आप होते हो। और आपको ही हर चीज़ फेस करनी होती है अच्छा भी और बुरा भी। यूलिया अब खान परिवार का खास हिस्सा हैं। उन्हें परिवार की तरह ट्रीट किया जाता है।

# कपिल के ट्रांसफॉर्मेशन पर हैरान हुए फैंस



मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह पहले से काफी पतले और फिट नजर आ रहे हैं। कपिल ने अपना वजन कम करके सबको चौंका दिया है। उनका यह नया लुक देखकर फैंस हैरानी जता रहे हैं और जमकर तारीफ कर रहे हैं। कपिल शर्मा अपनी कॉमिक टाइमिंग और मजेदार अंदाज के लिए जाने जाते हैं। अब उन्होंने इस बार अपने शारीरिक बदलाव से लोगों का ध्यान खींचा है। वीडियो में वह स्लिम और ट्रिम अवतार में दिख रहे हैं, जो उनके पुराने लुक से बिल्कुल अलग है। अब कपिल के इस नए लुक पर फैंस मजेदार टिप्पणियां कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो के बाद फैंस अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, '20 साल का कपिल शर्मा वापस आ गया है।' वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, 'आप कड़ी मेहनत मेहनत करने के लिए एक उदाहरण बन चुके हो।' अन्य यूजर ने लिखा, 'आप तो बिलकुल फिट नजर आ रहे हो।' एक यूजर ने लिखा, 'कपिल कितने पतले हो गए हैं, कोई नई फिल्म कर रहे हैं क्या?' एक ने लिखा, 'कपिल तो दुबले नजर आ रहे हैं, लेकिन अच्छे लग रहे हैं।' हालांकि, कुछ यूजर्स ने कपिल के नए लुक पर हैरानी जताते हुए उनसे कई सवाल भी पूछे। एक यूजर ने कहा कि आप पहले ही अच्छे लगते थे, आपने इतना वजन कम क्यों किया है? वहीं, एक यूजर ने कहा, 'कुछ ज्यादा ही वजन कम हो गया है।' एक यूजर ने कहा कि गजब का ट्रांसफॉर्मेशन है, लेकिन आपने यह क्यों किया है?

# अक्षय ने पाकिस्तानी एक्टर पर लगाया चोरी का आरोप

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अपनी फिल्मों में तो कमाल करते ही हैं, लेकिन साथ ही शूटिंग के दौरान वो अपने क्रू के साथ भी खूब मस्ती करते हैं। लेकिन कई बार उनका मजाक उनके को-स्टार्स की धड़कनें बढ़ाने वाला हो जाता है। कुछ ऐसा ही हुआ जब खिलाड़ी कुमार साल 2007 में फिल्म 'नमस्ते लंदन' की शूटिंग कर रहे थे। फिल्म में पाकिस्तानी एक्टर जावेद शेख ने भी काम किया था और शूटिंग के बीच ही अक्की को मस्ती सूझी, लेकिन जावेद समेत बाकियों के भी होश उड़ गए जब अक्षय कुमार ने पाकिस्तानी एक्टर पर चोरी का आरोप लगा दिया। जावेद शेख ने खुद एक पॉडकास्ट के दौरान इस घटना के बारे में बताया था। पाकिस्तानी एक्टर ने बताया, ₹एक दिन हम लंदन में शूट कर रहे थे तब लड़का जो हमारे साथ था उसको अक्षय (कुमार) ने पकड़ा और बोला यार यहां आओ। मेरी घड़ी चोरी हुई है, किधर है? लड़के ने पूछा कि कौन सी घड़ी?



तो अक्षय ने कहा- भाई ये ऐसी टाइप की है कार्तियर की, ब्राउन बेल्ट है उसकी।₹ पाकिस्तानी एक्टर ने फौरन अपनी कलाई घुमाई और घड़ी की तरफ देखा। उन्होंने बताया- अक्षय कुमार मेरी तरफ देखा और फौरन मेरी घड़ी की तरफ इशारा करके कहा, ये... यही घड़ी है। स्पॉटबॉय ने तब मामले की गंभीरता को समझते हुए कहा कि नहीं सर यह तो सर (जावेद शेख) की घड़ी है। लेकिन अक्षय कुमार अपनी बात पर अड़ गए और बोले कि नहीं भाई ये मेरी घड़ी है, लेकर आओ इसे। इतना कहकर अक्षय कुमार वहां से चले गए और जावेद शेख के साथ-साथ उनका स्पॉयबॉय भी हैरान थे। क्योंकि अक्षय कुमार ने सबके सामने एक्टर पर चोरी का आरोप लगा दिया था और वह घड़ी वापस लाने का आदेश भी देकर चले गए थे। जावेद और बाकी लोग सोच ही रहे थे कि अक्षय ने मामला सेटल डाउन किया।

# फिल्ममेकर सलीम अख्तर सुपुर्द-ए-खाक



फिल्म निर्माता सलीम अख्तर का बीते दिन यानी आठ अप्रैल को मुंबई के एक अस्पताल में इंतेकाल हो गया। वह 82 साल के थे। आज उनकी आखिरी रसूमात अदा की गई। भारी भीड़ के बीच उनके जनाजे को कब्रिस्तान तक ले जाया गया। उनके जनाजे को कंधा देने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। उनके जनाजे को आज नौ अप्रैल को जोहर की नमाज के बाद 1.30 बजे इकरा मस्जिद के कब्रिस्तान में दफनाया गया। सलीम अख्तर के जनाजे में बॉलीवुड कलाकार राज बब्बर, रजा मुराद और फिरोज खान के अलावा शहबाज खान पहुंचे। सभी लोगों ने उनकी नमाज-ए-जनाजा में उनके लिए दुआएं कीं। सलीम अख्तर ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं। इनमें 'लोहा', 'बटवारा', 'चोरों की बारात', 'कयामत' और 'फूल और अंगारे' शामिल है। सलीम अख्तर ने साल 1997 में 'राजा की आएगी बारात' फिल्म को निर्मित किया। इसमें उन्होंने रानी मुखर्जी को मौका दिया। उन्होंने साल 2005 में 'चांद सा रोशन चेहरा' फिल्म में तमन्ना भाटिया को लॉन्च किया। दोनों अभिनेत्रियों का हिंदी फिल्मों में अच्छा नाम है।

# अभिषेक मल्हान को लगी भयंकर चोट

बिग बॉस ओटीटी 2' के बाद अब 'बैटलग्राउंड' में नजर आ रहे फुकरा इंसान उर्फ अभिषेक मल्हान चोटिल हो गए हैं। उन्हें भयंकर चोट लगी है। जिसके बाद वह शूटिंग कर पाएंगे या नहीं, कहना मुश्किल है। प्राइम वीडियो एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम हो रहे इस रियलिटी शो में रुबीना दिलैक, रजत दलाल और आसिम रियाज के अलावा क्रिकेटर शिखर धवन भी जज की भूमिका में हैं। अब इसी दौरान हुए एक टास्क में फुकरा इंसान गिर गए। सामने आए वीडियो में आसिम रियाज और अभिषेक मल्हान के बीच एक टास्क हो रहा था। दोनों को एक जगह से डंबल उठाकर दूरी जगह जमीन पर बने प्लेटफॉर्म पर रखना था। जो ज्यादा और जल्दी रखता। जीत जाता। पहला तो दोनों ने बखूबी रखा। लेकिन दूसरा रखते वक्त फुकरा इंसान का पैर लड़खड़ा जाता है और



वह जैसे ही डंबल लेकर प्लेटफॉर्म के पास पहुंचने वाले होते हैं। गिर जाते हैं और उनका दाहिना कंधा कोने से लग जाता है। वह उठ नहीं पाते। टीम के बाकी लोग उन्हें उठाने के लिए आते हैं। लेकिन उनके हाथ में बहुत दर्द होता है। वह अपना हाथ उठा नहीं पाते और न ही मोड़ पाते हैं। डॉक्टर्स उन्हें चेक करते हैं और फिर बताते हैं कि उनका कंधा डिसलोकेट हो गया है।

# क्योंकि सास भी कभी बहू रीबूट में होंगी स्मृति ईरानी?

## एकता कपूर ने दी तगड़ी हिंट

एकता कपूर के शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी की वापसी के चर्चे कई दिनों से हो रहे हैं। दर्शक इस खबर से काफी एक्साइटेड हैं। शो की कास्ट क्या होगी इस पर सस्पेंस बना हुआ है। एकता कपूर ने अब तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया है। हालांकि एक इवेंट में उन्होंने शो से जुड़ी कुछ हिंट दी। इसमें उन्होंने पॉलिटिक्स और मनोरंजन का ऐसे जिक्र किया कि लोगों को लग रहा है कि स्मृति ईरानी भी इस शो का हिस्सा हो सकती हैं।

क्योंकि सास भी कभी बहू थी शो साल 2000 में शुरू हुआ और आठ साल तक दर्शकों का मनोरंजन करता रहा। अब इसकी वापसी की सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है।

एक रीसेंट इवेंट में एकता ने बताया कि शो का रिबूट आएगा जो कि 150 एपिसोड्स का



होगा।एकता ने यह भी बताया कि 150 एपिसोड ही होंगे क्योंकि जब क्योंकि सास है कभी बहू थी खत्म हुआ तो 2000 एपिसोड होने में सिर्फ 150 कम थे। शो के लीड पर एकता बोलीं, 'हम पॉलिटिक्स को एंटरटेनमें में ला रहे हैं या कहें कि पॉलिटिशियन को मनोरंजन में ला रहे है।'

बता दें कि ओरिजिनल शो में स्मृति ईरानी तुलसी के रोल में थीं। इसे लोग हिंट मान रहे हैं कि स्मृति ईरानी शो में हो सकती हैं। मिहिर के रोल के लिए अमर उपाध्याय, शीजान खान और रोनित रॉय के नाम चर्चा में हैं।

# 'जाट' एडवांस बुकिंग : सनी देओल ओपनिंग डे पर नहीं मचा पाएंगे 'गदर 2' जैसा धमाल

गदर 2' की ब्लॉकबस्टर सफलता के दो साल बाद सनी देओल बड़े पर्दे पर वापस आ रहे हैं। उनकी एक्शन-थ्रलिर 'जाट' की रिलीज को अब बस एक ही दिन बचे हैं। गुरुवार, 10 अप्रैल को यह फिल्म वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की एडवांस बुकिंग जारी है। लेकिन जो शुरुआती आंकड़े आए हैं, वह साफ इशारा कर रहे हैं कि कम से कम ओपनिंग डे पर यह फिल्म बंपर कमाई नहीं करने वाली है। इस फिल्म से सनी देओल साउथ सिनेमा की दुनिया में डेब्यू भी कर रहे हैं। जैसा फिल्म के ट्रेलर में डायलॉग है, यह देखना दिलचस्प होगा कि उनके ढाई किलो के हाथ की ताकत साउथ में कितना दिखता है।

'जाट' को गोपीचंद मलिनेनी ने डायरेक्ट किया है, जो तेलुगू फिल्मों के मशहूर डायरेक्टर हैं। मैथ्री मूवीज के बैनर तले बनी इस फिल्म में नॉर्थ और साउथ का पूरा कॉकेटल है। बजट 100 करोड़ रुपये है। रणदीप हुड्डा जहां फिल्म




में खलनायक की भूमिका में हैं, वहीं रेजिना कैसेंड्रा लीड हीरोइन हैं। फिल्म की बाकी कास्ट में विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर, राम्या कृष्णन और जगपति बाबू भी हैं।

'जाट' की एडवांस बुकिंग मंगलवार, 8 अप्रैल से शुरू हुई है। आम तौर पर किसी भी फिल्म की प्री-सेल्स बुकिंग अब 5-7 दिन पहले शुरू हो जाती है। लेकिन 'जाट' के मेकर्स ने यहां देरी की है। Sacnilk के मुताबिक, बुधवार सुबह तक 8213 शोज के लिए कुल 36, 893 टिकटों की एडवांस बुकिंग हुई है और इससे फिल्म ने रिलीज से पहले 62.72 लाख रुपये की ग्रॉस कमाई की है। ब्लॉक सीटों को जोड़ दें तो कमाई करीब 2.69 करोड़ रुपये है। सनी देओल की फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों और फैंस से बढ़िया रेस्पॉन्स मिला है। 2 हफ्तों में इसके हिंदी ट्रेलर को यूट्यूब पर 20 मिलियन से अधकि व्यूज मिले हैं। लेकिन अफसोस कि इसका असर एडवांस बुकिंग में नहीं दिख रहा है। प्री-सेल्स में टिकटों की बिक्री की रफ्तार धीमी है। हालांकि, बुधवार को अभी दिनभर एडवांस बुकिंग होनी है। लेकिन यह रिलीज से पहले बहुत से बहुत 2-3 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग करती हुई ही नजर आ रही है।

# महेश मांजरेकर, अनुप जलोटा, हर्षदीप कौर को ITSF अवॉर्ड्स में किया जाएगा सम्मानित



प्रसिद्ध समाजसेवी और सांस्कृतिक क्षेत्र की जानी-मानी हस्ती दत्तात्रय बालकृष्ण माने, जो बालगंधर्व स्मारक समिति के संस्थापक कोषाध्यक्ष और सईदिशा प्रतिष्ठान व इंडियाज़ टैलेंट सम्मान फोरम (ITSF) के संस्थापक अध्यक्ष हैं, 11 अप्रैल को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम, नरिमन पॉइंट में प्रतिष्ठित ITSF अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन करने जा रहे हैं। वर्ष 2000 से सामाजिक सेवा, कला, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्रों में सक्रिय माने ने अपने संगठनों के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों, छात्रों, आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवारों, और आपदा-ग्रस्त समुदायों को मदद पहुंचाई है। इसके अलावा, उन्होंने वृद्धाश्रम, अनाथालय और डॉ. प्रकाश बाबा आमटे के लोकबिरादरी प्रकल्प को भी सहायता प्रदान की है। ITSF अवॉर्ड्स का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों—जैसे कि सामाजिक कार्य, चिकित्सा, उद्योग, शिक्षा, संस्कृति और सार्वजनिक प्रशासन—में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करना है। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह की शोभा बढ़ाएंगे: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उच्च व तंत्र शिक्षामंत्री उदय सामंत, और विधायक आशीष शेलार।

# 'दुपहिया' की सक्सेस के बाद संभावना सेठ के घर आई चार पहिया

एक्टर और कॉन्टेंट क्रिएटर अविनाश द्विवेदी की वेब सीरीज 'दुपहिया' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस शो की सक्सेस के बाद अविनाश ने अपनी बीवी, एक्ट्रेस और यूट्यूबर संभावना सेठ को उनकी ड्रीम कार गिफ्ट में देकर दिल से किया वादा पूरा किया।



उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी झलक दिखाई है। अविनाश ने बीवी के लिए तारीफ से भरा पोस्ट किया और बताया कि कैसे मुश्किल समय में संभावना ने उनका साथ दिया। उन्होंने लिखा, 'शुरू से ही आप मेरे साथ खड़ी रहीं। ना सिर्फ मेरी साथी के रूप में बल्कि मेरी ताकत, मेरी सबसे बड़ी सपोर्ट और हर तूफ़ान में मेरे साथ खड़ी रहीं। जब मुझे खुद पर संदेह था, तब भी आपने मुझ पर यकीन किया।' उन्होंने इस पल को उनके माता-पिता को समर्पित करते हुए कहा, 'यह पल सिर्फ हमारा नहीं है, बल्कि हमारे माता-पिता का आशीर्वाद है। हालांकि आज आपके माता-पिता हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन मुझे पता है कि वे ऊपर से मुस्कुरा रहे हैं, स्वर्ग से हमें आशीर्वाद दे रहे हैं और कोको और चेरी उनकी गोद में प्यार से बैठे हैं।'

# 'लॉगआउट' का ट्रेलर हुआ रिलीज

ZEE5 अपनी नई थ्रिलर मिस्ट्री लॉगआउट को पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, यह एक रोमांचक कहानी है जो दर्शकों को उनकी डिजिटल ज़िंदगी की सुरक्षा पर सवाल उठाने पर मजबूर कर देगी।



फिल्म का निर्देशन अमित गोलानी ने किया है और लेखन बिस्वपति सरकार द्वारा किया गया है, रोमांच से भरपूर फिल्म तनाव और ड्रामा का जबरदस्त मेल लेकर आ रही है, जिसमें बाबिल खान, रसिका दुग्गल, निमिषा नायर और गंधर्व दीवान प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

लॉगआउट का निर्माण डिजिटल 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में वायाकॉम 18 स्टूडियोज) और पोशम पा पिक्चर्स ने मिलकर किया है। यह फिल्म पहले ही अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल सर्किट में धूम मचा चुकी है और इसे 21वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल स्टटगार्ट 2024, माल डेल प्लाटा 2024, इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न 2024, और रिवर टू रिवर फ्लोरेंस इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में प्रदर्शित किया गया है, जहाँ इसे काफी सराहना मिली है। अब दर्शकों में उत्साह चरम पर है क्योंकि यह फिल्म 18 अप्रैल को ZEE5 पर रिलीज़ होने जा रही है।कहानी प्रत्युष (बाबिल खान) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो 26 वर्षीय एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर है और 10 मिलियन फॉलोअर्स पूरे करने की दहलीज पर खड़ा है, तभी उसकी जिंदगी में एक खराब मोड़ आता है।

# फातिमा सना संग जुड़ा आमिर का नाम



आमिर खान ने अपने फैंस को उस वक्त सरप्राइज में डाल दिया जब उन्होंने हाल ही में बताया था कि वो फिर से रिलेशनशिप में हैं। एक्टर ने मीडिया के सामने इस बात को स्वीकार किया था और सभी को अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से मिलवाया भी था। अपने दो तलाक के बाद, सुपरस्टार को तीसरी बार फिर से प्यार मिला है। हालांकि अपनी एक्स वाइफ किरण राव के साथ शादी तोड़ने के तुरंत बाद, इस तरह की खबरें उठने लगी थीं कि आमिर दंगल गर्ल फातिमा सना शेख को डेट कर रहे हैं। अब धक धक स्टार ने एक पुराने इंटरव्यू में इस पर रिएक्ट किया।

## इन चीजों ने मुझे प्रभावित किया- फातिमा

फिल्मफेयर से बात करते हुए फातिमा सना शेख से आमिर खान के साथ डेटिंग की खबरों के बारे में पूछा गया। अभिनेत्री ने जवाब दिया कि पहले वह इन सब बातों से प्रभावित होती थीं। उन्होंने दावा किया कि मैंने कभी भी इस तरह की किसी भी चीज का इतने बड़े स्तर पर सामना नहीं किया। इस बारे में आगे बात करते हुए फातिमा ने कहा, कुछ अजनबी लोग, जिनसे मैं कभी नहीं मिली, मेरे बारे में बातें लिख रहे हैं।₹ अभिनेत्री ने कहा कि उन लोगों को यह भी नहीं पता कि इस बात में कोई सच्चाई है या नहीं।'



## फातिमा ने की आमिर खान की तारीफ

दंगल अभिनेत्री ने आगे कहा,₹यह मुझे परेशान करता है क्योंकि मैं नहीं चाहती कि लोग गलत बातें मान लें। लेकिन मैंने इसे अनदेखा करना सीख लिया है। फिर भी, कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मैं प्रभावित होती हूं।₹ आमिर खान तारीफ करते हुए फातिमा ने बताया कि उनके साथ काम करना बहुत आसान है और वो बहुत ही उदार व्यक्ति हैं। फातिमा ने आमिर खान के टाइम मैनेजमेंट की भी तारीफ की। वर्क फ्रंट की बात करें तो फातिमा सना शेख आने वाले दिनों में मेट्रो इन दिनों में नजर आएंगी।